** वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 97, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## एफटीए को लेकर भारत-ब्रिटेन उत्सुक

निर्मला सीतारमण ने कहा द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता को लेकर भारत-ब्रिटेन बहुत ही उत्सुक हैं और समझौता जल्द पूरा होने की संभावना है। } 14

## पीएम मोदी वाराणसी को देंगे 3880 करोड़ की सौगात


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे तथा 3,880 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। } 16



# वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 को सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय की एक पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली लगभग 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी, जिनमें एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी की याचिका भी शामिल है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन भी याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली इस पीठ में शामिल होंगे। ओवैसी की याचिका के अलावा



अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अमानतुल्ला खान, एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, अरशद मदनी, समस्त केरल जमीयत-उल-उलेमा, अंजुम कादरी, तैय्यब खान सलमानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद फजलुर्रहमान और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता मनोज कुमार झा की याचिकाएं भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की हैं। शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री कुछ ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उप्र-बिहार के कई हिस्सों में बिजली गिरने से 30 की मौत

## मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल सहायता पहुंचाने के दिये निर्देश, यूपी में पांच लोगों की गयी जान

विशेष संवाददाता

लखनऊ/बिहार। उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बृहस्पतिवार को बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि होने, आंधी आने और बिजली गिरने की घटना से फिरोजाबाद, सिद्धार्थ नगर और सीतापुर में पांच लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को प्रभावित इलाकों का दौरा करने और प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

बिहार के कई जिलों में बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि की चपेट में आने से 25 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, नालंदा में 18 लोगों की मौत हुई। इसके बाद सीवान में दो, कटिहार, दरभंगा, बेगूसराय, भागलपुर और जहानाबाद में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। बुधवार को



बिहार के चार जिलों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 13 लोगों की मौत हो गई थी।

अपर जिलाधिकारी विशू राजा ने बताया कि बिजली गिरने की पहली घटना तहसील सदर क्षेत्र नारखी थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में घटी जिसमें खेत पर काम कर रही महिला ललिता देवी (30) की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई। दूसरी घटना थाना जसराना क्षेत्र के गांव चनारी की है जहां खेत पर काम कर रहे किसान पदम वीर सिंह (32) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। सिद्धार्थ नगर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 40 वर्षीय श्रमिक घनश्याम की मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना गौरा मंगुआ गांव में उस समय हुई जब घनश्याम बारिश में काम के लिए जा रहा था। सीतापुर में बिजली गिरने और भारी बारिश से एक दीवार ढहने की दो अलग अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि बिस्वां थाना अंतर्गत मोछ खुर्द में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे हरिश्चंद्र (25) की मृत्यु हो गई, जबकि सकरान थाना अंतर्गत रसूलपुर गांव में भारी बारिश के चलते एक दीवार ढहने से कुसुमा देवी (55) की मृत्यु हो गई। इन घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित जिलों के अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ राहत अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस बीच, भारत मौसम विभाग के लखनऊ कार्यालय ने बृहस्पतिवार के लिए बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की जिलावार चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### तीन बच्चों संग तालाब में कूदी मां, चारों की मौत

भदोही। भदोही के एक गांव में एक महिला ने अपने तीन बच्चों को लेकर तालाब में छलांग लगा दी जिससे चारों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह दुर्गागंज थाना क्षेत्र के शेरपुर गोपालहा गांव में अन्नू देवी (35), अपने तीन बच्चों दीक्षा (8), दिव्यांश (3) और सूर्यांश (6) को लेकर तालाब में कूद गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से अन्नू देवी और उसके तीन बच्चों के शव गहरे पानी से निकाले हैं तथा चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। अग्रवाल ने बताया कि शेरपुर गोपल्हां गांव के सुनील यादव अपनी पत्नी अन्नू देवी और तीन बच्चों साथ मुंबई में रहता था, जबकि सुनील के माता पिता यहां गांव में रहते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार सुनील की माता चमेलिया देवी कैंसर से पीड़ित थीं जिसके चलते वह अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ करीब डेढ़ महीने पहले यहां आया था।

### गवाही देने आये फौजी की हत्या

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारन के अंतर्गत हत्या के एक मामले में गवाही देने आए एक फौजी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सागर जैन ने बताया कि रामपुर मनिहारन अंतर्गत ग्राम मुड़ीखेड़ी निवासी राजेंद्र का पुत्र विक्रांत गुर्जन (27) फौज में जम्मू में तैनात था और वह चार दिन की छुट्टी लेकर गांव आया था। जैन ने बताया कि विक्रांत बुधवार की रात भोजन करके टहलने गया था और काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसे फोन किया, लेकिन फोन बंद था। बृहस्पतिवार को गांव के चकरोड पर खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने सड़क के किनारे विक्रांत का गोली लगा शव देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी।


# भारत लाया गया मुम्बई हमले का मास्टरमाइंड

## यूएसडीओजे, अमेरिकी स्काई मार्शल की सक्रिय सहायता से एनआईए ने कराया प्रत्यर्पण

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की है कि 26।11 मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कराने के बाद भारत लाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को बृहस्पतिवार शाम एक विशेष विमान से दिल्ली लाया गया, जिससे कई दिन से जारी इन अटकलों का अंत हो गया कि उसे कब और कैसे प्रत्यर्पित किया जाएगा।

एनआईए ने एक बयान में कहा कि 2008 के मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता को न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाने के लिए वर्षों के सतत एवं ठोस प्रयासों के बाद यह प्रत्यर्पण हुआ है। मुंबई में 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 नवंबर 2008 को किए गए भीषण हमलों में 166 लोग मारे गए थे। बयान में कहा गया,






यूएसडीओजे, अमेरिकी स्काई मार्शल की सक्रिय सहायता से एनआईए ने संपूर्ण प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर काम किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने भी मामले को सफल निष्कर्ष तक ले जाने के लिए अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया। राणा के दिल्ली पहुंचने की खबर मिलने के तुरंत बाद एनआईए का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान पटियाला हाउस अदालत परिसर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों को वहां से चले जाने को कहा और यह भी कहा कि वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अदालत परिसर पूरी तरह से खाली हो। हालांकि, वकीलों ने घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया। राणा को आखिरकार प्रत्यर्पित किए जाने की घोषणा तब हुई जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फरवरी में अमेरिका की राजधानी पहुंचे। अमेरिकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीतापुर : पत्रकार की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस ने पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की हत्या के सिलसिले में मंदिर के पुजारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि इस हत्या को अंजाम देने वाले दो शूटर अब भी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

महोली निवासी पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की आठ मार्च को सीतापुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हेमपुर ओवरब्रिज पर चार गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने इस अपराध की जांच के लिए तीन टीम गठित की थीं जिन्होंने पिछले 34 दिनों में 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की और करीब 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला और फिर ये गिरफ्तारियां हुईं। एसपी ने बताया कि जांच में पता चला कि कारेदेव बाबा मंदिर के पुजारी शिवानंद बाबा उर्फ विकास राठौर भी इस घटना में शामिल था। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच में पता चला कि घटना के समय राघवेंद्र के घर के समीप मंदिर के आसपास दो लोग संदिग्ध रूप से घूम रहे थे। इसके बाद शिवानंद बाबा, उसके करीबी सहयोगी निर्मल सिंह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ट्रंप को जवाब देने की तैयारी में चीन

## शुल्क वृद्धि के विरोध में अन्य देशों से सम्पर्क साध रहा ड्रैगन

एजेंसी

बीजिंग। अमेरिका द्वारा शुल्क बढ़ाए जाने के बाद चीन अन्य देशों से संपर्क साध रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि बीजिंग अमेरिका को कदम पीछे हटाने के लिए मजबूर करने के वास्ते संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास कर रहा है। चीन के गहन प्रयासों के बावजूद उसे कोई खास सफलता नहीं मिल रही है क्योंकि अधिकतर देश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार युद्ध के केन्द्र में आए चीन के साथ गठजोड़ के इच्छुक नहीं प्रतीत हो रहे।

वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका के बीच बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ज्यादातर देशों पर लगाए गए शुल्क को अचानक 90 दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला



किया, हालांकि उन्होंने चीन से आयात पर शुल्क की दर बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दी है। ट्रंप ने कहा कि ये देश अधिक अनुकूल शर्तों पर बातचीत करने के लिए राजी हैं। चीन ने बातचीत करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि अमेरिका मक्कार है और वह शुल्क युद्ध मैं अंत तक लड़ेगौ। इसके बाद ट्रंप ने चीनी आयात पर कर की दर को और बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। चीन ने जवाबी कार्वाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दिल्ली में चार अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली के बवाना और महिपालपुर से चार अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन प्रॉपर्टी डीलर का काम करते थे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान मुस्ताक (72) और उसके बेटों शाहिद खान (28) एवं मिंटू (32) के रूप में हुई है, जो बवाना की जेजे कॉलोनी में रहते थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी जाली दस्तावेजों के आधार पर दो दशक से अधिक समय से राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे थे। उन्होंने बताया कि मोहम्मद मोंटो नामक एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक महिपालपुर क्षेत्र में घर की तलाश कर रहा था, उसी दौरान पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। ये सभी अवैध बांग्लादेशी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखण्ड में लिये जा रहे निर्णय देश के लिए आदर्श

## बेरोजगारी दर में कमी लाकर राष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ा : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार ने प्रदेश की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत की कमी लाकर राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ने का काम किया है। सरकार की एक जनपद, दो उत्पाद योजना से स्थानीय आजीविका के अवसर बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड के माध्यम से हमारे पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी पहलों से



राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित ओहो हिल यात्रा के चौथे संस्करण रजत से स्वर्ण की ओर के समापन कार्यक्रम में प्रदेशभर से आये छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। समस्त राज्यवासियों का आह्वाहन करते हुए सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाने के साथ ही अपने प्रदेश को प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक अपने-अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ योगदान दे, तो उत्तराखंड को एक विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनने से कोई शक्ति नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद विगत तीन वर्षों में हमारे प्रदेश ने कई उल्लेखनीय ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 24.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- धर्मपाल सिंह ने लांच किया डॉ. अंबेडकर मैराथन पोस्टर (पृष्ठ-02)
- ऐतिहासिक धरोहरों का होगा संरक्षण (पृष्ठ-02)
- मध्यप्रदेश में अमेरिका से भी अच्छी होंगीं सड़कें (पृष्ठ-14)
- छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर कारखाना लगेगा (पृष्ठ-14)
- बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज दर घटाई (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

## सीमावर्ती बिंदु चकन-दा-बाग को लेकर दोनों पक्षों के ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारियों ने की वार्ता

# पुंछ सीमा पर भारत-पाकिस्तान के बीच हुई मीटिंग

एजेंसी

जम्मू। भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच सीमा प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग हुई। इस महीने दोनों पक्षों के बीच यह इस तरह की दूसरी बैठक है।

अधिकारियों ने बताया कि यह बैठक सीमावर्ती बिंदु चकन-दा-बाग पर हुई जिसका नेतृत्व दोनों पक्षों के ब्रिगेडियर स्तर के अधिकारियों ने किया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा फ्लैग मीटिंग दोनों पक्षों के बीच डीजीएमओ की समझ के अनुसार एलओसी और सीमा प्रबंधन से जुड़ी नियमित प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार की बैठक एलओसी पर नियमित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना के अधिकारियों ने अपने



समकक्षों के साथ घुसपैठ के प्रयासों, संघर्ष विराम उल्लंघन और आईईडी विस्फोटों का मुद्दा उठाया और उनके समक्ष विरोध दर्ज कराया। सीमावर्ती बिंदु चकन-दा-बाग क्षेत्र में दो अप्रैल को 75 मिनट तक चलने वाली ब्रिगेड कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति बनाए रखने की आवश्यकता का उल्लेख किया था। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि एक अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी पर एक बारूदी सुरंग के फटने के बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि 13 फरवरी को पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान द्वारा कृष्णा घाटी सेक्टर में संघर्ष विराम का उल्लंघन उस घटना के एक दिन बाद किया गया जिसमें जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध आतंकियों द्वारा किए गए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस विस्फोट में एक कैप्टन सहित भारतीय सेना के दो सैनिक शहीद हो गए थे। भारत और पाकिस्तान ने 25 फरवरी, 2021 को जब से संघर्ष विराम समझौते को नवीनीकृत किया है तब से से नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के उल्लंघन जैसी घटनाओं का होना बहुत कम हो गया है।

# फर्जी आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले 10 लेखपाल हुए निलंबित

जिला संवाददाता

गाजीपुर। जिलाधिकारी ने फर्जी आय प्रमाण पत्र जारी करने में संलिप्तता के आरोप में जिले के 10 लेखपालों को निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी द्वारा यह कार्रवाई तब की गई जब यह पता चला कि इन फर्जी प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल सरकारी नौकरी और अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए किया जा रहा था।

- फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हासिल करने का प्रयास

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कहा कि दरअसल यह पता चला था कि कुछ लेखपाल गरीबी रेखा से ऊपर रहने वाले व्यक्तियों को गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) का आय प्रमाण पत्र जारी कर रहे हैं। ऐसे दस मामलों की पहचान की गई है, जहां व्यक्तियों ने इन फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हासिल करने का प्रयास किया। उनके अनुसार इस सूचना पर कार्वाई करते हुए, नौ व्यक्तियों की नियुक्ति रोक दी गई। एक आशुलिपिक (स्टेनो) की बेटी की नियुक्ति रद्द कर दी गई क्योंकि उसने भी फर्जी प्रमाण पत्र का इस्तेमाल किया था। नतीजतन, महिला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिलाधिकारी के मुताबिक जांच में यह भी पता चला कि जखनियां में एक लेखपाल ने कई स्थानांतरित ...शेष पृष्ठ 14 पर

# खुले में न रहे गेहूं, गोदाम में रखा जाये सुरक्षित : योगी

## अन्नदाता किसानों के हित में घर-घर पहुंच रही योगी सरकार, अवकाश में भी मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों से जारी रहा संवाद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। अन्नदाता किसानों के हित के लिए संकल्पित योगी सरकार घर-घर पहुंच रही है। विपरीत मौसम को देखते हुए एक तरफ योगी सरकार ने निर्देश जारी किए हैं कि गेहूं खुले में न रहे, इसे गोदाम में सुरक्षित रखा जाए तो वहीं दूसरी तरफ रविवार हो या अन्य अवकाश, मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों से संवाद जारी है।

योगी सरकार के निर्देश पर महावीर जयंती के अवकाश पर भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचे और किसानों से संवाद स्थापित किया।

आंकड़े बताते हैं कि योगी सरकार के प्रयासों को किसानों का भी साथ मिल रहा है। 10 अप्रैल (दोपहर 12 बजे तक) गेहूं खरीद के लिए 3,67,875 किसानों ने पंजीकरण करा लिया। 5784 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद हो रही है।

- 3.67 लाख से अधिक किसान हुए पंजीकृत,
- 27388 किसानों से 1.43709 लाख मीट्रिक टन की जा चुकी खरीद



27388 किसानों से 1.43709 लाख मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीद भी हो चुकी है। आलम यह है कि दो दिन में लगभग 11 हजार से अधिक किसानों ने सरकारी बिक्री के लिए पंजीकरण कराया। 8 अप्रैल तक जहां 20,409 किसानों से गेहूं क्रय किया गया था, वहीं 10 अप्रैल तक बिक्री करने वालों किसानों की संख्या बढ़कर 27388 से अधिक हो गई है।

यानी दो दिन में लगभग सात हजार से अधिक किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री की। 8 अप्रैल तक 3.56 लाख किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया था, जो 10 अप्रैल तक बढ़कर 3.67 लाख हो गई है।

गेहूं की अच्छी खरीद हो, इसके लिए कटाई के पहले से ही गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क साधा गया और उन्हें सरकारी क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए प्रेरित किया गया। खाद्य व रसद विभाग पहली बार मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसान के खेत तक पहुंचा। एक तरफ कटाई चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ मौके पर ही गेहूं तौला जा रहा है।

सीएम योगी के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी क्रय केंद्र खुल रहे हैं, जिससे गेहूं बेचना अन्नदाता किसानों के लिए काफी आसान हो गया है।

गुरुवार को महावीर जयंती के अवकाश पर भी खाद्य व रसद विभाग के अधिकारी गांव.गांव पहुंचे और किसानों से संपर्क स्थापित किया। योगी शासन में बिचौलिया राज समाप्त हो गया। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 2425 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है, जिसका भुगतान 48 घंटे के अंदर किसानों को किया जा रहा है। यही नहीं, गेहूं की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से भी किसानों को प्रतिपूर्ति की जा रही है।

### 2425 रुपये है गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य, इसके अलावा 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से उतराई, छनाई व सफाई के लिए भी किया जा रहा भुगतान

- अन्नदाता किसानों के लिए निरंतर अतिरिक्त प्रयास कर रही योगी सरकार
- किसानों को न हो परेशानी, इसलिए अवकाश के दिन भी संचालित किए जा रहे क्रय केंद्र
- मौसम (धूप, गर्मी और बारिश) को देखते हुए सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक संचालित किए जा रहे क्रय केंद्र
- मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों से किया जा रहा संपर्क, घर तक पहुंचकर कराया जा रहा तौल
- किसानों को परेशानी से निजात के लिए जारी किया गया टोल फ्री नंबर 18001800150, सीधे अपनी समस्या बता सकते हैं किसान
- खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल या मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण करा लें कृषक
- किसानों को 2425 रुपये एमएसपी के साथ ही कटाई, छनाई का भी 20 रुपये अतिरिक्त कराया जा रहा मुहैया
- बिचौलिया मुक्त खरीद कर सीधे किसानों के खाते में किया जा रहा भुगतान
- बिन सत्यापन सिर्फ पंजीकरण के आधार पर ही 100 कुंतल तक की जा रही खरीद
- क्रय केंद्र पर किसानों का तत्काल कराया जा रहा पंजीकरण, बटाईदार किसानों से भी की जा रही खरीद

योगी सरकार ने व्यवस्था की कि पंजीकृत किसान बिना सत्यापन 100 कुंतल तक गेहूं बेच सकते हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रय केंद्रों पर बैठने, शुद्ध पेयजल आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान भी कराया जा रहा है। योगी सरकार के 8 वर्ष में किसानों को सीधे एमएसपी का लाभ दिया गया, जबकि सपा शासन में बिचौलियों का राज स्थापित रहा। योगी शासन के 8 वर्ष में लगभग 50 लाख किसानों को गेहूं बिक्री के लिए 43424.44 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि सपा शासन के पांच वर्ष में महज 19,02,098 किसानों को 12808.67 करोड़ रुपये ही भुगतान किया गया।

## फसलों को हुए नुकसान पर किसानों को दी जायेगी त्वरित राहत : कृषि मंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में अचानक बदले मौसम के मिजाज और कई जिलों में हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्थलीय निरीक्षण कर फसलों को हुए नुकसान का तुरंत जायजा लें। उन्होंने कहा है कि वर्षा तथा आंधी-तूफान के कारण फसलों को जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत की जाएगी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार उन्हें फसल नुकसान पर पूरी राहत उपलब्ध कराएगी।

## संक्षेप

### मछली पालन से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं बनेंगी सशक्त

लखनऊ। यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की महिलाओं को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने के लिए बायोफ्लॉक पद्धति से मत्स्य पालन की पहल की गई है। इसकी रूपरेखा व कार्ययोजना उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में उनकी दूरगामी सोच के तहत बनायी गयी है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत प्रदेश के 10 जिलों के 40 विकासखंडों में कार्य किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मत्स्य पालन विभाग एवं संस्था के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंधन किया जा चुका है। इस परियोजना के अंतर्गत बायोफ्लॉक तकनीक द्वारा सिंघी मछली का पालन किया जा रहा है, जिससे न्यूनतम जल उपयोग में अधिकतम उत्पादन संभव हो सकेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलों को समूह की महिलाओं के साथ मत्स्य पालन किये जाने के लिए प्रत्येक जनपद द्वारा 20 प्रोड्यूसर ग्रुप का गठन किया जाना है।

# धर्मपाल सिंह ने लांच किया डॉ. अंबेडकर मैराथन का पोस्टर



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एक भारत, समरस भारत थीम पर आयोजित मैराथन दौड़ का पोस्टर प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने प्रदेश कार्यालय पर लांच किया। प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जो समानता, न्याय और एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता, उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन व उत्तर प्रदेश कलारिपयट्टू एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह ने मैराथन दौड़ की तैयारियों के लिए आरंभ स्थल केडी सिंह बाबू स्टेडियम और गोमती नगर 1090 समापन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी अनिमेष सिंह, प्रवीण गर्ग साथ में उपस्थित रहे। नीरज सिंह ने बताया कि आरंभ और समापन स्थल के बीच में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा और समापन स्थल पर भव्य मंच व्यवस्था के साथ सभी विजेता खिलाड़ियों को धर्मपाल सिंह द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा।

# 36 गांवों को सर्किल रेट से बाहर करने पर अखिलेश से मिले किसान

## वर्ष 2015 से नहीं बढ़ाया गया है 33 गांवों का सर्किल रेट, रेट बढ़वाने की उठायी मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से गुरुवार को झांसी के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन देकर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के लिए चिह्नित 36 गांवो को सर्किल रेट से बाहर किये जाने की शिकायत की और सर्किल रेट बढ़ाने की मांग की।

किसान प्रतिनिधियों का कहना है कि बुंदेलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण बीडा के लिए 36 गांव चिह्नित किये गये, ये सभी गांव सदर तहसील (बबीना विधानसभा) जनपद झांसी में आते हैं। 2023 में 20 प्रतिशत सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी की गई थी जबकि 36 गांव को सर्किल रेट से बाहर कर दिया गया था। 19 सितम्बर 2023 से फिर से 7 गांव को हटा दिया गया है। परवई पलिंदा पाली पहाड़ी सिजवाहा सफा मथूवपुर रक्सा क्योंकि इसमें वर्तमान भाजपा सांसद अनुराग शर्मा की जमीन थी इसलिए बाहर कर दिया गया था। चार गांव शामिल हुए थे जो इस प्रकार है मठ, रामपुर, गुडा एवं डोगरी व 33 गांव आज तक सर्किल रेट से बाहर हैं।



किसानों की मांग है कि 33 गांव की सर्किल रेट बढ़ाई जाये जो कि 2015 से बढ़ोत्तरी नहीं की गयी हैं। आबादी से एक किलोमीटर छोड़ी जाये ताकि आबादी सुरक्षित रह सकें। कुंआ एवं सड़कों आदि पर सम्पत्ति दर्ज की जायें। प्लाट टू प्लाट सर्वे हो। श्रेणी 3 की जमीन का किसानों को मुावजा दिया जाये। इसको बीडा की नियमावली में शामिल किया जाये। जिन किसानों की 100 प्रतिशत जमीन जा रही हैं उन किसानों को भूखंड के लिये जमीन छोड़ी जाये। किसानों के साथ जातिगत भेदभाव किया जा रहा हैं क्योंकि सारमऊ गांव में सर्किल रेट तीन गुना ज्यादा है। जिन किसानों ने रजिस्ट्री की थी उन किसानों के साथ धोखा किया गया। दोबारा रजिस्ट्री करने के बाद भी सम्पत्तियों का पैसा काटा गया। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि उपरोक्त संदर्भ में जब किसान अपनी मांगे मनवाने जाते हैं तो प्रशासन द्वारा किसानों को परेशान किया जाता है। प्रतिनिधिमंडल में अखिलेश यादव, अभिषेक यादव, मोहित, चंद्रपाल सिंह यादव, श्रीराम, मुकुंद सिंह, प्रदीप यादव, सतवीर यादव, सुनील कुमार, मुन्ना लाल, मनोज कुमार, अजब सिंह, संजु संग्राम सिंह प्रधान बमेर, रिपुदमन सिंह यादव बाजना, जितेन्द्र प्रधान, मुकेश प्रधान, राघवेन्द्र प्रधान के साथ सपा झांसी के जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह भोजला भी शामिल है।

## हर्षोल्लास से मनी भगवान महावीर स्वामी की जयंती

लखनऊ। सपा के राज्य मुख्यालय में गुरुवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भगवान महावीर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने जैन सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले समस्त शांतिप्रिय-सहृदय जैन समाज और सम्पूर्ण विश्व को महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का जियो और जीने दो का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है। यह सह-अस्तित्व, सहनशीलता, सौहार्द और शांति को जन्म देने वाला सिद्धांत है। इसमें विद्वेष और वैमनस्य के उन्मूलन की असीम शक्ति विद्यमान है। अहिंसा मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसके मूल में समस्त प्राणि जगत के लिए करूणा का कल्याणकारी भाव है, जो अंततः मानव से लेकर पशु-पादप जगत और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी के संरक्षण, संतुलन और सतत विकास का ही सिद्धांत है।

उन्होंने कहा कि जियो और जीने दो और अहिंसा को अपने जीवन में एक मानवीय आचार-संहिता की तरह अपनाएं, सम्पूर्ण मानवता को गले लगाएं और जीवन में और भी अधिक सकारात्मकता लाएं, और भी सकारात्मक हो जाएं। इसके बाद कार्यक्रम की आयोजक राष्ट्रीय सचिव सपा अपर्णा जैन ने कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन त्याग, तपस्या, और करुणा का प्रतीक है। उनके उपदेश आज भी मानवता के लिए प्रेरणादायक हैं।

# पीएम आवास की लाभार्थी महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनायेगी योगी सरकार

## डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में यूपी की महिलाओं को मिलेगा डबल लाभ

विशेष संवाददाता (vol)

- लाभार्थी महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ रही योगी सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में लगातार नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। इसी कड़ी में अब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की महिला लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल की है। इसके तहत प्रदेश का ग्राम्य विकास विभाग इन लाभार्थी महिलाओं को आजीविका संवर्धन के अवसरों से जोड़ने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है।

योगी सरकार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इन महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना चाहती है बल्कि इन्हें 'लखपति दीदी' की श्रेणी में भी पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। इससे न केवल इन महिलाओं का सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत लाभार्थियों को 1.20 लाख रुपये की राशि आवास निर्माण के लिए और 12,000 रुपये शौचालय निर्माण के लिए प्रदान किया जा रहा है। साथ ही, मनरेगा के तहत 90 दिन की मजदूरी तथा प्राथमिकता पर बिजलीए गैस व जल कनेक्शन की भी सुविधा दी जा रही है। अब इन लाभों के साथ आजीविका संवर्धन के अवसर जोड़कर सरकार लाभार्थी परिवारों को बहुआयामी सशक्तीकरण की दिशा में अग्रसर कर रही है। योगी सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को इस दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ें और स्थानीय उत्पादों, कुटीर उद्योगों व अन्य स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम और स्वावलंबी बनें। इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश की महिलाओं को स्वरोजगार, उद्यमशीलता और कौशल विकास द्वारा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस मिशन के तहत महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना (एमकेएसपी), स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी), राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवर्तन परियोजना (एनआरईटीपी), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू-जीकेवाई) और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) जैसी योजनाएं लागू की जा रही हैं, ताकि ग्रामीणों की आय को स्थायी रूप से बढ़ाया जा सके। इसके तहत एसएचजी की महिलाओं को प्रशिक्षण, ऋण, और संसाधन दिए जा रहे हैं, जिसका लक्ष्य उनकी सालाना आय को कम से कम एक लाख रुपये तक पहुंचाना है।

योगी सरकार के सहयोग से यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करने और महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आंकड़ों के अनुसार, अपने शुरूआती वर्षों से प्रदेश में अबतक 8,42,101 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर 95,09,884 परिवारों के इसमें शामिल किया गया है। योगी सरकार अब आवास योजना के लाभार्थी गरीबों को इससे जोड़कर उन्हें उचित प्रशिक्षण देकर उनको आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। बता दें कि योगी सरकार ने प्रदेश में पीएम आवास योजना, एवं सीएम आवास योजना के लिए महिला लाभार्थियों के चयन को ही प्राथमिकता दी है।

योगी सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर अब सभी नए आवास केवल महिला मुखिया के नाम पर ही स्वीकृत किए जाएंगे। योगी सरकार ने अभी हाल ही में पीएमएवाई-जी के तहत सर्वे की समय सीमा बढ़ा कर 30 अप्रैल 2025 तक कर दिया है।

# पुराने कुओं के जीर्णोद्धार के लिए चलेगा विशेष अभियान : धामी

## सत्यापन के बाद व्यापक स्तर पर चलाया जायेगा सफाई और रख रखाव का अभियान

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्राचीन कुंए धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण होते हैं। कई ऐतिहासिक घटनाओं के गवाह भी हैं। कुंए हमारी सभ्यता के अहम अंग रहे हैं।

शहरों से लेकर गांवों तक कई प्राचीन कुंए हैं। हमारा प्रयास है कि इन्हें फिर प्रयोग में लाया जाए, इससे जल संरक्षण के प्रयासों को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्वच्छ जल के प्राकृतिक स्त्रोत भी संरक्षित हो सकें।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा व्यक्त किए गए हैं। उन्होंने दशकों पुराने कुओं का जीर्णोंधार करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कुओं का व्यापक सत्यापन अभियान चलाया जाएगा, साथ ही रख रखाव के जरिए इन्हें फिर से पुनर्जीवित किया जाएगा। कुएं प्राचीन काल से गांवों से लेकर शहरों में तक मीठे और साफ पानी के स्त्रोत रहे हैं लेकिन समय के साथ जलापूर्ति की व्यवस्था बदलने से कुंओं का उपयोग घटता चला गया, वर्तमान में कई जगह कुएं अतिक्रमण या उपेक्षा के शिकार हो चुके हैं। अब प्रदेश सरकार एक बार फिर कुओं का रखरखाव करने जा रही है।

इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बरसात से पहले कुओं की व्यापक सफाई करते हुए, इन्हें पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी विभिन्न सरकारी योजनाओं के जरिए कुओं की साफ सफाई करते हुए, पुनर्जीवित किया जाएगा।

**सारा के तहत जलस्त्रोतों को बचाने का प्रयास :** प्रदेश सरकार गेम चेंजर योजना के तहत स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) के जरिए, जल स्त्रोतों के संरक्षण का प्रयास कर रही है। जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत कुल 6350 क्रिटिकल-सूखे जल स्त्रोतों को चिन्हित करते हुए, पेयजल और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण 929 स्त्रोतों का उपचार किया जा चुका है। साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भूजल रिचार्ज के लिए 297 रिचार्ज शॉफ्ट निर्मित किए जा चुके हैं। गत वर्ष विभिन्न जल संचय और संग्रहण संरचनाओं के निर्माण से 3.21 मिलियन घन मीटर वर्षा जल रिचार्ज किया गया।

**प्रधानमंत्री ने व्यक्त किया आग्रह :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नौ नवंबर को उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर दिए अपने भाषण में राज्यवासियों से अपने नौलों, धारों को संरक्षित करते हुए, पानी की स्वच्छता के अभियानों को गति देने का आग्रह व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि उत्तराखंड में अपने नौलों धारों को पूजने की परंपरा रही है, प्रदेश सरकार इसी क्रम में कुओं को भी संरक्षित करने का अभियान शुरू करने जा रही है।

# इमरजेंसी ट्रामा फैसिलिटिज को और मजबूत करेगा कामेट-25, 500 डॉक्टर्स करेंगे प्रतिभाग

## आपातकालीन चिकित्सा, ट्रॉमा और आपदा प्रतिक्रिया के मुद्दों पर केंद्रित रहेगा कॉन्क्लेव, आज से तीन दिन तक चलेगा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इसी का असर है कि आठ साल पहले जिस प्रदेश को बीमारू प्रदेश कहा जाता है आज वह उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनकर उभरा है। योगी सरकार ने अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता को बढ़ाया है और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा को डिजिटल रूप से सुदृढ़ करने के लिए भी कई योजनाएं बनाई हैं, जैसे कि अस्पतालों में ई-हेल्थ कार्ड और टेलीमेडिसिन सेवाओं की शुरूआत, ताकि लोगों को समय रहते चिकित्सकीय सलाह मिल सके।



इसी के तहत सीएम योगी के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ में शुक्रवार से एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका नाम है कामेट-2025 है। यह सम्मेलन आपातकालीन चिकित्सा, ट्रॉमा और आपदा प्रतिक्रिया के मुद्दों पर केंद्रित होगा। कॉन्क्लेव ऑफ मेडिकल इमरजेंसी एंड ट्रामा (सीओएमईटी-25) के संचालक डॉ. लोकेंद्र गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन 11 अप्रैल से शुरू होगा और तीन दिन तक चलेगा। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करना और विभिन्न सरकारी और निजी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है।

- पहले दिन केजीएमयू और लोहिया में आयोजित की जाएगी इमरजेंसी ट्रामा केयर को लेकर वर्कशॉप
- 12 और 13 अप्रैल को देश-दुनिया के 500 विशेषज्ञ डॉक्टर्स ट्रामा इमरजेंसी को लेकर साझा करेंगे अपने अनुभव

इस सम्मेलन में 500 से अधिक विशेषज्ञ, शासकीय अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'गोल्डन आवर' रखा गया है, जो चिकित्सा आपातकालीन स्थितियों में वह महत्वपूर्ण समय है, जब त्वरित इलाज से जीवन बचाया जा सकता है। जैसे कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति, दिल का दौरा या स्ट्रोक के मरीजों को यदि समय रहते इलाज मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। 'गोल्डन आवर' के दौरान दी गई चिकित्सा मदद से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और यह समय सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है।

सम्मेलन के पहले दिन 11 अप्रैल को केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया में विशेषज्ञों द्वारा डॉक्टर्स को गोल्डन आवर के दौरान क्या करना है, इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा 12 और 13 अप्रैल को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विशेषज्ञ डॉक्टर्स गोल्डन आवर पर चर्चा करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ. लोकेंद्र ने बताया कि योगी सरकार की विभिन्न पहलों से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा में सुधार हो रहा है और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। सम्मेलन के जरिए प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही सम्मेलन में हिस्से लेने वाले डॉक्टर्स को 'गोल्डन आवर' के महत्व के बारे में बताया जाएगा ताकि समय रहते उपचार मिल सके और हर साल होने वाली हजारों मौतों को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सम्मेलन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और उम्मीद है कि इसके परिणामस्वरूप प्रदेश के स्वास्थ्य सेवा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

## नये वक्फ विधेयक के प्रावधानों पर पुनर्विचार करे केंद्र : मायावती

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने बृहस्पतिवार को केंद्र से नये वक्फ विधेयक के प्रावधानों पर पुनर्विचार करने और फिलहाल के लिए इसे निलंबित रखने का आह्वान किया। मायावती ने कहा कि हाल में पारित इस विधेयक में वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों को शामिल करने का प्रावधान ठीक प्रतीत नहीं होता है। बसपा प्रमुख ने यहां संवाददाताओं को बताया, कि राज्य वक्फ बोर्ड का हिस्सा बनने की गैर मुस्लिमों को अनुमति देना गलत है। मुस्लिम समुदाय भी इस पर आपत्ति कर रहा है। यदि केंद्र सरकार इसी तरह के विवादास्पद प्रावधानों में सुधार के लिए इस पर पुनर्विचार करे और फिलहाल के लिए वक्फ कानून को निलंबित रखे तो बेहतर होगा। संसद ने चार अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित कर दिया। राज्यसभा में इस विधेयक के पक्ष में 128 मत पड़े, जबकि विरोध में 95 मत पड़े।

## ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण होगा, 24.98 करोड़ मंजूर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए हाल ही में संस्कृति विभाग ने 24.98 करोड़ रुपये (2498.79 लाख रुपये) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों के लिए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा स्वीकृत इन परियोजनाओं से ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण तो होगा ही साथ ही इन स्थलों के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। इससे प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं का विस्तार होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसके अलावा झांसी जनपद ठकुरपुरा की गढ़ी के वृहद अनुरक्षण के लिए 498.96 लाख और डिमरौनी की गढ़ी के लिए 353.69 लाख रुपये। ललितपुर जनपद लक्ष्मणगढ़ मंदिर, पिपरई के लिए 56.54 लाख रुपये, रणछोर मंदिरए धोजारी के लिए 29.14 लाख रुपये, मर्दन सिंह की बैठक के लिए 145.57 लाख रुपये और स्थलीय संग्रहालय, ललितपुर के नवीनीकरण के लिए 496.74 लाख रुपये। महोबा जनपद स्थलीय संग्रहालय का पुनरोद्धार के लिए 496.74 लाख रुपये। लखनऊ जनपद बड़ा शिवाला (श्री सिद्धनाथ मंदिर) के अनुरक्षण के लिए 90.70 लाख रुपये। शामली जनपद प्राचीन गुम्बद, बन्तीखेड़ा के संरक्षण के लिए 170.02 लाख रुपये। फिरोजाबाद जनपद चंद्रवाड़ का किला के वृहद अनुरक्षण कार्य के लिए 160.69 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

संक्षेप

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**जौनपुर**। केराकत कोतवाली क्षेत्र के नाऊपुर ग्राम निवासी एक युवक की उस समय मौत हो गयी जब वह सड़क के किनारे खड़े होकर मोबाइल से बात कर रहे थे। बताते है 32 वर्षीय विनय कुमार सिंह पुत्र हेमन्त सिंह बिती रात लगभग 10 बजे बाइक से अपने मित्र सर्वेश सिंह के साथ उसी थाना क्षेत्र के थानागद्दी किसी काम से गए हुए थे। वह काम निपटा के अपने घर की तरफ आरहे थे की जैसे ही वह थानागद्दी चौराहे के पास पहुंचे की रास्ते में किसी का फोन आया, बाइक खड़ी करके फोन से बात कर रहे थे कि वाराणसी की तरफ से आराही ट्रक के पिछले चक्के के चपेट में आ गये जहां पर मौके पर उनकी मौत हो गई। मित्र सर्वेश सिंह बाल बाल बच गया। सर्वेश सिंह उन्हे घायल हालत में 108 एम्बुलेंस से जिला बस्पताल लाये जहां डॉक्टरों ने देखते उसको मृत्यु घोषित कर दिया। चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से छानबिन में लगी हुई है। विनय सिंह माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। दिल्ली मे काम करते थे 18 अप्रैल को उनकी छोटी बहन की शादी है उसके लिए यहा आये थे पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## सपा नेताओं ने दी करणी सेना को धमकी

**मिजार्पुर**। सपा के दो वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। करणी सेना की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। शहर कोतवाली में दर्ज मामले के अनुसार, सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी और पूर्व अध्यक्ष शिव शंकर यादव ने करणी सेना को धमकी दी थी। ज्ञात हो कि करणी सेना ने 12 अप्रैल को सपा कार्यालय का घेराव करने और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला फूंकने की योजना बनाई थी। इस पर सपा नेताओं ने कहा था कि अगर कोई सपा कार्यालय पर अखिलेश यादव का पुतला फूंकेगा, तो वे उन लोगों को जिंदा जला देंगे। इस धमकी भरे बयान के बाद करणी सेना ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर**। थाना विंध्याचल पुलिस ने नाबालिक के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने का अभियुक्त गिरफ्तार किया। बताते हैं कि थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर पर 6.4.2025 को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विंध्याचल पर मुअसं-96/2025 धारा 64(1), 331(4),351(3) बीएनएस, पाक्सो एक्ट व 3(2)(5) एस. सी. एस. टी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी विन्ध्याचल को अभियुक्त की गिरफ्तारी करने के दिए गए निर्देश के क्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए बृहस्पतिवार 10 अप्रैल को थानाध्यक्ष अमित कुमार व पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से नामजद अभियुक्त सोनू खां पुत्र जोखू खा निवासी रामपुर वासिद अली थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार करजेल भेजा गया।

# आधुनिक ट्रक टिपलर सुविधा का उद्घाटन



**सोनभद्र**। भारत के सबसे बड़े पावर स्टेशन, एनटीपीसी विंध्याचल ने पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए एक नई आधुनिक ट्रक टिपलर सुविधा का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। इस सुविधा का उद्देश्य स्टेज और यूनिट्स (यूनिट 1-8) के लिए स्थापित सामान्य फ्ल्यू गैस डेसल्फराइजेशन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना है, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 6x210 MW + 2x500 MW है।

यह नई ट्रक टिपलर सुविधा, जो लाइमस्टोन को डिसल्फराइजेशन प्रक्रिया में उपयोग के लिए उतारने में सहायक होगी, एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को दशार्ती है जो वह सल्फर डाइऑक्साइड ;2द्ध उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के मानकों का पालन करने के लिए लगातार काम कर रहा है। इस सुविधा का उद्घाटन ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने किया, जिनके साथ कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही, जिनमें संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), अतिन कुंडु, महाप्रबंधक (परियोजना), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी एनटीपीसी विंध्याचल से, साथ ही एलएंटी एनर्जी के प्रतिनिधि, जो परियोजना के कार्यान्वयन भागीदार हैं।

**ईद-उल-फितर पर एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब में छाया भाईचारे और खुशियों का रंग**

**सोनभद्र**। एनटीपीसी विंध्याचल वीवा क्लब में ईद-उल-फितर का पावन पर्व बड़े ही उल्लास, सौहार्द्र और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। वीवा क्लब में आयोजित इस भव्य आयोजन में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सबने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठास से भरा यह दिन सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेरता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारीगण संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ. बी.सी. चतुवेर्दी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं अध्यक्ष वीवा), अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), दिनेश कुमार अग्रवाल, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) ने भी कार्यक्रम मे शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री कुमार, ने अपने संबोधन में ईद के मूल्यों द समानता, भाईचारा और एकता द पर जोर दिया। वहीं अब्दुल नदीम, अपर महाप्रबंधक (ईएमडी) ने इस त्यौहार के सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया। इस मौके पर विंध्यनगर मस्जिद के इमाम कारी जावेद साहब ने भी एक प्रेरणादायक संदेश देते हुए सभी समुदायों में प्रेम और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत अभिषेक पांडे के स्वागत भाषण से हुई, जबकि अंत में आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं उपाध्यक्ष, वीवा) और सौरव कुमार (महासचिव, वीवा) ने सबका आभार व्यक्त किया। एनटीपीसी विंध्याचल के परिवारों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस पर्व को एक यादगार और प्रेरणादायक अवसर बना दिया, जो कार्यस्थल पर समरसता और मिलजुल कर रहने की भावना को और मजबूत करता है।

## दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

**सिंगरौली/सोनभद्र**। विंध्यनगर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया को थाने के प्रभारी विंध्य नगर के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन के माध्यम से घर के छठे कार्यक्रम में डांस करने के लिए कहा था, जहां यह अपने साथियों के साथ गया था, यहां तक कि आप अपने घर में भी अपने सहयोगियों के साथ गए थे। यहां पुलिस को दिए गए निर्देश दिए गए थे कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्राम कचनी का राम प्रकाश कुशवाहा और रोहित कुशवाहा ने बताया कि घटना के बारे में बताया गया है कि दोनों घर से स्नातक होना पाया था, जो अमीर गणों की स्नातक की उपाधि कचनी में उनके रहने के अंतिम चरण में रुक कर रही थी। जिसे बुधवार को आबाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसे आबाद न्यायालय में जेल गया है। कार्रवाई में अवर निरीक्षक प्रशांत राय, रुक्मणी तिवारी, सहायक उप-निरीक्षक सुनील दुबे, संतोष साकेत, राकेश प्रजापति, राजवर्धन सिंह, रवि गोस्वामी, पीआर आर पंकज सिंह, श्यामसुंदर वैश्य, वैश्य सेंगर, उपाध्यक्ष गौतम, संदीप सिंह, राम निरंजन, रुक्मणी तिवारी, संरक्षक महेश पटेल रानू सिंह राहुल गांधी, रुक्मणी तिवारी, संरक्षक महेश पटेल रानू सिंह रानू सिंह राहुल गांधी, विनोद साकेत, राजवर्धन सिंह आदि शामिल रहे।

## चक्रवाती तूफान ने मचायी तबाही, भारी क्षति



**जौनपुर**। जनपद में गुरुवार को पूर्वान्ह आये चक्रवाती तूफान से जहां लोगों को गर्मी से राहत प्रदान किया वहीं भारी तबाही भी मचाई। अनेक स्थानों पर बिजली के खंभे, तार और पेड़ गिर गये और होर्डिंग, टीन शेड और मडहों को भारी नुकसान हुआ। साथ ही काट कर रखी गई तथा खेतों में गेहूं की फसल को हुए नुकसान ने किसानों की कमर तोड़ दी है जिन किसानों ने दंवाई का काम पूरा कर लिया था, उनमें से अनेक लोगों के भूसे का नुकसान पहुंचा है। आंधीके चलते भी फसलों को नुकसान पहुंचा है। बारिश की वजह से किसानों को क्षति पहुंची। लगातार अथक परिश्रम के बाद अब फसल तैयार हो चुकी है, ऐसे में जिन किसानों ने अभी तक मड़ाईई नहीं की थी, उनको बहुत नुकसान पहुंचा है। शहर में भी आंधी की वजह से कहीं विद्युत पोल गिर गए तो कहीं पेड़ की डाले गिर गईं। चैकिया के देवचंदपुर में एक विद्युत पोल गिर गया जिसको ठीक करने के लिए कुछ घंटे बाद बिजली कर्मचारी पहुंचे और थोड़े समय बाद आपूर्ति बहाल हो गई। वहीं कलेक्ट्रेट में आंधी से नीम की पेड़ की डाल टूटकर गिर गई। संयोग था कि अवकाश के कारण लोग वहां नहीं थे अन्यथा किसी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। हालांकि कुछ घंटे में ही मौसम सामान्य होने पर पेड़ की टूटी डाल को हटा दिया गया। इसके अलावा सुइथाकलां में एक महिला के ऊपर पेड़ गिर जाने से उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

## 72 घण्टे बाद आश्वासन पर तोड़ा अनशन

**जौनपुर**। हिंदू इंटर कॉलेज मुंगरा बादशाहपुर प्रबंधक को बर्खास्त करने ,3 वर्ष के कार्यकाल को 5 वर्ष बढ़वाने तथा वहां के भ्रष्टाचार के विरोध आदि लेकर जज सिंह अन्ना 72 घंटे से अन्न -जल त्याग कर जांच रिपोर्ट आने के बाद समस्या हल करने के आश्वासन पर सिटी मजिस्ट्रेट ने जज सिंह अन्ना का अनशन तुड़वाया। उन्होंने कहा कि मामला सभी कोर्ट में हो जाते हैं इसलिए कलेक्टर को डायरेक्ट कोई हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं होता है। अन्ना ने कहा कि सारा खेल अधिकारी खेल करके फिर कोर्ट का जनता को रास्ता दिखा देते हैं जिससे कोर्ट में जनता भ्रमित होती रहती है और दिन-रात कोर्ट के पीछे दौडती रहती है। अधिकारियों के पीछे टहलती है और इस प्रकरण में न्याय पाने के लिए संस्थापक परिवार लाखों रुपए खर्च कर चुका है लेकिन अभी उसको न्याय नहीं मिला है अन्ना ने कहा कि हम सब हिंदू इंटर कॉलेज मुंगरा बादशाहपुर में भ्रष्टाचार को समाप्त करने और संस्थापक परिवार को न्याय दिलाने के लिए अपना अंतिम दम तक लड़ाई लड़ता रहूंगा इस संबंध में पूर्व अपर महानिदेशक राधेश्याम पायलट ने हिंदू संघर्ष मुक्ति मोर्चा संगठन बनाकर एक न्याय दिलाने का नायाब तरीका अपनाया है हम ऐसे अधिकारी को धन्यवाद देते हैं।

## गैस पाइपलाइन में रिसाव से मची खलबली

**जौनपुर**। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के हरिओम अस्पताल व पुलिस लाइन जौनपुर के बाउंड्री वाल के बाहर रोड साइड गैस पाइपलाइन में रिसाव की सूचना से खलबली मच गयी। बताते है कि जानकारी मिलते ही तत्काल नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी अग्निशमन अधिकारी अपने सहयोगियों के साथ रवाना हुए तथा मौके पर पहुंचकर देखा कि गैस पाइपलाइन में गैस रिसाव बहुत तेज आवाज और प्रेशर के साथ हो रहा था। जो एक बड़ा खतरा बना हुआ था, जिसकी सूचना गैस पाइपलाइन के आपातकालीन नंबर पर दिया गया किन्तु सूचना देने के घंटों बाद गैस कम्पनी के मैकेनिक आए तथा पुलिस अधीक्षक के आवास के पास स्थित चैम्बर से बन्द करके गैस पाइपलाइन के रिसाव को रोक दिया। काफी समय बाद गैस कम्पनी के पाइपलाइन के इंजीनियर भी मौके पर आए तथा उनके द्वारा निरीक्षण कर बताया गया कि एयरटेल कम्पनी के द्वारा गड्ढा खोदा गया था जिससे रिसाव होने लगा था जिसे शीघ्र ही ठीक करा लिया जाएगा।

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों का फूट सकता है गुस्सा

**बीजपुर(सोनभद्र)**। नधिरा उपकेंद्र के बकरिहवा फीडर में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों का गुस्सा गर्मी की तरह सिर चढ़ कर बोल रहा है। आरोप है कि नियम कानून को ताख पर रखकर क्षेत्र में मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। बिजली कटौती सम्बन्धित उपभोक्ताओं को इसकी कोई जानकारी तक नही दी जा रही है कि कब से कब तक रोस्टिंग होगा और कब तक सप्लाई चालू की जाएगी। परिणाम स्वरूप इस गर्मी के मौसम में पिछले दस दिन से समूचे दिन सप्लाई बंद रखी जा रही है। आरोप है कि घर तंदूर की भट्ठी के समान गर्म हो रहे हैं बच्चे बुजुर्ग सहित लोगों के परिवार बीमार पड़ रहे हैं। जेई और कर्मियों से सूचना व्हाट्स एप्प ग्रुप में जानकारी लेने पर सभी चुप्पी साघे रहते हैं।

एसडीओ म्योरपुर शिवम गुप्ता बताते हैं कि 11 केवीए का मरम्मत कार्य चल रहा है ठेकेदार कब तक पूरा करेगा यह जानकारी नही है। सवाल उठता है कि जब कटौती करनी थी तो ठंडी के मौसम में जर्जर उपकरण बदलना चाहिए था अगर अब बदला जा रहा है तो जेई को चाहिए कि ठेकेदार का समय और शेड्यूल तय करें जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इससे खफा ग्रामीण उपभोक्ता राहुल सिंह संजय कुमार विकास मनोज धीरज रामप्यारे सन्तोष जवाहिर राधेश्याम बद्री सहित सैकड़ो लोगों ने कहा कि अगर जल्द अघोषत बिजली कटौती बन्द नही हुई तो बकरिहवा बीजपुर सड़क मार्ग पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जाम किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी बिजली बितरण निगम की होगी।

गौरतलब हो कि विभागीय सूचना के अनुसार अभी 11 केवीए का मरम्मत चल रहा है इसके बाद एलटी लाइन का मरम्मत और जर्जर उपकरण बदलना है ऐसे में तो समूचा गर्मी बिजली बिभाग के कटौती में चला जायेगा। उसके बाद बरसात में उपभोक्ताओं का दुर्दशा बाकी है।

# डीपीएस के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरे जलवे

- 13वां वार्षिकोत्सव आयोजित



**दुद्धी, सोनभद्र**। कस्बे के वार्ड 10 डिवहार बाबा धाम के पास 13 वर्षो से संचालित हो रहे दुद्धी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र मौर्य और विशिष्ट अतिथि चेयरमैन कमलेश मोहन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

शुभारंभ के बाद मंच पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति और शिक्षाप्रद नृत्य की श्रृंखला पेश की। सरस्वती वंदना से लेकर देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बच्चों ने मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र मौर्य ने कहा, बच्चों में संस्कार और गुणवत्ता परक शिक्षा देना हर विद्यालय का लक्ष्य होना चाहिए। यह विद्यालय इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों का होना जरूरी है, क्योंकि यहीं से देश का भविष्य आकार लेता है विशिष्ट अतिथि चेयरमैन कमलेश मोहन ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा के बल पर ही विवेकानंद ने विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया। आज के छात्रों को भी लक्ष्य तय कर उसी निष्ठा से आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से प्रतियोगी परीक्षाएं और गतिविधियां कराई जाती हैं। इससे बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी रुचि विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक कृष्ण कुमार ने अतिथियों व अभिभावकों को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ह्लसामूहिक सहयोग से विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है और हम बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस बार विद्यालय में विद्यालय का फीस एक मुस्त देना है इसके बाद विद्यालय की हर सुविधा उनके लिए अन्य देय खर्च नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां हर निजी विद्यालय में शिक्षा को लेकर लूट पड़ी है वही इस विद्यालय में विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए छूट पड़ी हुई है इसका लाभ अवश्य लें, ह्नवहीं कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव ने किया।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में आग से भारी नुकसान



**जौनपुर**। जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार के पास लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर स्थित मकरा गांव में एक प्लाईवुड फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। फैक्ट्री के आवासीय बिल्डिंग में फंसे कर्मचारियों और मजदूरों को रस्सी के सहारे उतारा गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। एक कर्मचारियों को मामूली चोटें आई है। उधर आग से फैक्ट्री मालिक को भारी नुकसान हुआ है। मकरा गांव में स्थित पशुपति प्लाईवुड फैक्ट्री में दोपहर में आग लग गया जब तक कम्पनी के कर्मचारी कुछ कर पाते तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुका था, आवासीय भवन में फंसे कर्मचारियों को रस्सी के सहारे निकाला तो कुछ छत से कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब हो गए। कूदने में एक मजदूर के सिर में चोट आयी है। लाखों का सामान जलकर राख हो गया। बताया गया है कि वहां पर अग्निषमन का पर्याप्त इन्तजाम नहीं था। अनेक स्थानों कल कारखानों में अग्नि शमन यंत्र लगे है जो मात्र शो पीस बने है विभाग द्वारा उनका निरीक्षण कर यह नहीं परखा जाता है कि वे दुरूस्त है अथवा नहीं।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक संपन्न



**मीरजापुर**। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागागार में मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक आहूत की गई। बैठक में विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रो में विकास कार्यो को प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व में किए गए कार्यो व उस पर व्यय धनराशि के सम्बन्ध में भी समीक्षा की गई तथा चल रहे विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि बिना नक्शा पास कराए तथा अन्य अवैध निर्माणों एवं गंगा के किनारे एन0जी0टी0 के अन्तर्गत अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्यो को नोटिस देते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाए। बैठक में मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड के द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए प्रस्तुत बजट की भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, नगर मजिस्ट्रेट विनीत उपाध्याय, अपर निदेशक कोषागार एवं मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर किया माल्यार्पण**

**मीरजापुर**। नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर पालिका अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर चेतगंज शक्तिकेंद्र पर हमारे पथप्रदर्शक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात उपस्थित कार्यकताओं को पार्टी के मूल मंत्र 'सेवा, संगठन और समर्पण' को दोहराया। यह संगठन करोड़ों कार्यकताओं की तपस्या से बना है और हम सब राष्ट्रीय अध्यक्ष , के नेतृत्व में इसकी गरिमा को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। तत्पश्चात कार्यकताओं के साथ बुकलेट लेकर घर-घर संपर्क कर उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्षो की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में आम जनमानस को बताया।

## मीरजापुर में पहली बार होगा ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट

**मीरजापुर**। मां वैष्णवी फाउंडेशन एवं उ.प्र. क्रिकेट एसो. फॉर द ब्लाइंड के द्वारा एमवी एफ ब्लाइंड क्रिकेट चैलेंजिंग टूर्नामेंट 2025 आयोजित किया जा रहा है। माँ वैष्णवी फाउण्डेशन के अध्यक्ष सुनील कुमार व सचिन व प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टूनामेंट कछवां क्रिकेट ग्राउंड स्थित गांधी विद्यालय मैदान कछवां मीरजापुर में 12 व 13 अप्रैल 2025 को खेला जाएगा। 12 अप्रैल को सायं 3 व 13 अप्रैल को सुबह 7बजे व सायं 3 बजे से तीन मैचों की सीरीज खेली जाएगी। उप्र क्रिकेट एसो. फॉर द ब्लाइंड के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश एवं बिहार की टीम हिस्सा ले रही है इन दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज खेली जाएगी उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट के सिलेक्शन कमिटी ने टीम का चयन कर लिया है टीम में, बालमुकुंद चतुवेर्दी, विक्रम सेन, गौरव बिंद,हिमांशु ,तनवीर, मनीष, दिनेश कुमार, रवि वर्मा, गोकुल प्रसाद, शिव नरेश,उस्मान, मयंक ,अर्पित सिंह शौकत अली है।

उप्र क्रिकेट एसो. फॉर द ब्लाइंड के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने क्रिकेट का सामान उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, पंतनगर, गोंडा में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शौकत अली एवं अन्य खिलाड़ी की मौजूदगी में कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर अनुज कुमार मांगलिक, श्री सुरेश चन्द ,श्री अरुणेन्द्र कुमार शुक्ल और अन्य बैंक के स्टाफ भी उपस्थित थे। इस दौरान खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, लोअर, टी-शर्ट, जूते और क्रिकेट की पूरी किट बैट, बॉल, अन्य क्रिकेट सामान प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसो. फॉर द ब्लाइंड के कोच विपिन कुमार ने बताया कि यह पहला अवसर है जब उप्र में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसो. फॉर द ब्लाइंड को किसी बैंक ने स्पॉन्सरशिप दी है।

## निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकों को किया जाये अनिवार्य

**आजमगढ़**। एनसीईआरटी की ही पुस्तकों से स्कूलो में पढ़ाए जाने को लेकर अभिभावक महासंघ के महासचिव गोविन्द दुबे की अगुवाई में एक बार फिर अभिभावक लामबंद दिखे। अभिभावक महासंघ का एक प्रतिनिधिंडल कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन से मिला और जिलाधिकारी/अध्यक्ष, स्व वित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय शुल्क नियामक समिति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मुनाफाखोरों पर लगाम लगाने की मांग किया। प्रदेश अध्यक्ष युधिष्ठिर दुबे ने बताया कि विगत कई वर्षो में निजी विद्यालय प्रबंधक एवं निजी प्रकाशकों के सांठ-गांठ से मुनाफाखोरी का पूरे प्रदेश में एक तंत्र विकसित हो गया है, जनपद आजमगढ़ के अभिभावक भी इस मुनाफाखोर गठबंधन से काफी पीड़ित हैं। एनसीईआरटी की पुस्तकें सस्ती और शासन के मानकों के अनुरूप है वहीं निजी प्रकाशकों की पुस्तकों का बाजार मूल्य काफी ज्यादा हैं ऐसे में अभिभावकों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। समाजसेवी व महासचिव गोविन्द दुबे ने कहाकि अपने चहेते निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को अपने स्कूलों में लागू कराकर प्रकाशकों से सांठ-गांठ कर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ऐसे मुनाफाखोर तंत्र का अभिभावक महासंघ पुरजोर विरोध करता है और अभिभावक हित में एनसीईआरटी की पुस्तकों लागू कराने की मांग करता है। समाजसेवी विवेक पांडेय व विनीत सिंह रीशू ने बताया कि अभिभावकों द्वारा बताया जा रहा है कि निजी प्रकाशको की पुस्तके एनसीईआरटी की पुस्तकों की अपेक्षा चार से पांच गुना अधिक महंगी हैं जिसके कारण अभिभावकों का शोषण हो रहा है, जिला प्रशासन हस्तक्षेप करके एनसीईआरटी की पुस्तकों से बच्चों को शिक्षा देने का निर्देश जारी किया जाना अनिवार्य है। इस अवसर पर अरूण चैरसिया, आलोक कुमार पाठक, प्रदीप चैरसिया, अजय राय, आकाश शर्मा, अनूप गोंड, सतीश कुमार सिंह, सुरेंद्र उपाध्याय,सुजीत मिश्रा, अंजनी मिश्र, अरविन्द कुमार पांडेय, अरविन्द पांडेय, अजय नरायन पाठक आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना के बाद ट्रक और डंपर बना आग का गोला

**मीरजापुर**। जनपद में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जिसे देख लोगों की रुह कांप उठी है. हादसे में एक व्यक्ति की वाहन के अंदर ही जलकर मौत हो गई। हादसा ट्रक और डंफर की भिड़ंत के दौरान होना बताया गया है जो इस कदर भीषण आग का गोला बन बैठा कि आसपास के लोगों सहित पुलिस की भी हिम्मत पास फटकने की नहीं हो पा रही थी। जानकारी के मुताबिक जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर-रीवा नेशनल हाईवे पर स्थित धसड़ा मोड़ के पास बुधवार की रात एक ट्रक और डंपर में आमने-सामने टक्कर हो गई परिणामस्वरूप देखते ही देखते दोनों वाहनों में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि लोग 200 मीटर दूर से ट्रक व डंपर को जलते हुए देख रहे थे, लेकिन किसी कि हिम्मत करीब जाकर आग बुझाने की नहीं हो पा रही थीं। सूचना पर पहुंची लहंगपुर चौकी की पुलिस ने किसी तरह से व्यवस्था संभालते हुए दुर्घटना की जानकारी उच्चाधिकारियो को दी, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। पुलिस द्वारा जांच के दौरान पाया गया कि डंपर के चालक बब्बन बिंद पुत्र श्याम बिहारी बिंद 45 वर्ष निवासी गैपुरा थाना विंध्याचल की जलने से डंफर के अंदर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।

पुलिस ने डंपर के चेंबर में शव के अवशेष को कब्जे में लेकर दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई। बताया गया कि गेहूं लदा ट्रक गलत साइड से आ रहा था, इसी कारण दुर्घटना हुई है। ट्रक चालक का मौके पर पता नहींचल सका, आशंका की जाती है की घटना के बाद वह कूद करभाग गया होगा। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह मौके पर पहुंचकर दुर्घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गए थे।

# फूलों की बारिश के बीच निकली शोभायात्रा

- झांकियों को देख निहाल हो उठे लोग, प्रशासन रहा एलर्ट



**आजमगढ़**। चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा हिन्दू नव वर्ष के मौके पर गुरुवार की शाम चार बजे आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति आजमगढ़ द्वारा शोभा यात्रा नगर के मुकेरीगंज स्थित आरके गेस्ट हाउस से निकाली गई। शोभायात्रा में आगे आगे भगवान शिव-पावर्ती, राधे कृष्णा, सीता-राम, हनुमान जी, नंदी महाराज आदि देवी-देवताओं की मनमोहक झाकियां को देखकर सभी निहाल हो उठे और प्रसाद आदि लेकर पुण्य के भागी बने। इस दौरान जगह-जगह हो रही फूलों की बारिश ने मंत्रमुग्ध कर दिया। यह यात्रा शहर के पहाड़पुर, पुरानी कोतवाली, चैक, सब्जी मडी, लालडिग्गी होते हुए शंकर जी की मूर्ति होते हुए पुनः चैक होते हुए सीधे आरके गेस्ट हाउस पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में हिन्दू संगठन, भाजपाजन के लोगो ने भारी संख्या में शिरकत किया और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई किया। अंत में आयोजक अरविन्द मोदनवाल ने कहाकि हिन्दू संस्कृति के लिए नवरात्रि अत्यंत ही पावन है, ऐसे में चैत्र नवरात्रि हमारे नव सवत्सर का नया आगाज होता है इसीलिए यह आयोजन कर सभी हिन्दुओं को ऊर्जा के सूत्र में पिरोने के लिए किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्यमगढ़ दुर्गा पूजा महासमिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। साथ ही झांकी सूरज मद्धेशिया ने तैयार किया था, जिसे देखकर लोग भाव विभोर हो गये वही इस्कान आजमगढ़ के प्रभारी ओजस्वी गोविंद दास ने सहयोग दिया। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, जयप्रकाश दुबे, गौरव रघुवंशी, किशन सिंह विनीत सिंह रिशु, ऋतिक जायसवाल, नवरंग, रचित अग्रवाल, मिथुन निषाद, अभिषेक गुप्ता, गोलू मिश्रा, हिमांशु राज, सूरज निषाद, अनिल सोनकर डीएम मौर्या, सूरज मद्धेशिया झांकी ग्रुप, गोलू ढोल इस्कान संकीर्तन समिति, पवन यादव सोनू सिंह आदि शामिल रहे। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत शोभायात्रा शहर कोतवाल शशिमौली पांडेय, सतीश मिश्र आदि पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से जुटा रहा।

## डीएम ने की बैठक

**आजमगढ़**। डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चीनी मिल समिति के संचालक सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पेराई सत्र 2024-25 के सफल रूप से संचालन, गन्ना उत्पादन, विकास एवं किसानों को समय पर उर्वरक एवं दवाओ की आपूर्ति तथा चीनी मिल में स्थापित टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला द्वारा उत्पादित उन्नतिशील प्रजाति के गन्ने की पौध को न्यूनतम मूल्य पर कृषकों को वितरण कराये जाने पर विचार किया गया।

संक्षेप

## ठेकेदार ने सरकारी जमीन पर लगे पेड़ों को चोरी से कटवाया



सकरन /सीतापुर। विकास खंड की एक ग्राम पंचायत में सरकारी जमीन पर लगे पेंडों को चोरी से कटवा लिया गया ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस व वन विभाग से की है। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सांडा के मजरा गोपालापुर गांव के बाहर कुचलैया रोड के पूरब कब्रिस्तान के पास सरकारी जमीन गाटा संख्या 61 पर विशालकाय तीन प्रतिबंधित प्रजाति के अर्जुन के सरकारी पेंड लगे थे जिनको मंगलवार की रात लकडी ठेकेदार रामसेवक द्वारा चोरी से कटवा लिया गया ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पुलिस व वन विभाग से की है। वन दरोगा नरेन्द्रपाल यादव ने बताया शिकायत मिली है मामले की जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाई की जएगी।

# राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है भाजपा : शशांक मणि

**देवरिया।** गुरुवार, शहर के देवरिया क्लब में सेवा और सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी संगठन है जिसने संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो के नारे से ऐसे स्वयंसेवकों का निर्माण किया जो राष्ट्रहित में अपने प्राणों को न्योछावर करने का माद्दा रखते हैं । उन्होंने कहा कि हम ऐसे विचारों को लेकर चल रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में अत्यंत सहायक है । उन्होंने कहा कि जिस समय जन संघ का गठन हुआ और इसके माध्यम से भाजपा का निर्माण हुआ उस समय परिस्थितियां बहुत ही विपरीत थीं, हमारे नेताओं ने अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा के माध्यम से भारत में नवजागरण का बिगुल फूंका आज उन राष्ट्रवादी नीतियों का ही परिणाम है कि पूरे विश्व में भारतीय राजनीति का डंका बज रहा है । हमने अपनी सनातन परंपरा को एक नया मंच और उत्कृष्ट स्थान दिया । एकात्म मानववाद के नारे के माध्यम से हमने समाज के सबसे दबे कुचले और अंतिम पंक्ति के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा यह एक महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन भारतीय राजनीति में पार्टी ने किया है ।

सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि सक्रिय सदस्य का मतलब पार्टी ने बहुत ही जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने के लिए आपको चुना है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों ने जनता पर गहरी छल छोड़ी है । पिछली सरकारों में देश में अराजकता का माहौल था इन हालातों से लड़ते हुए मोदी और योगी की जोड़ी ने आज देश और प्रदेश में सुशासन का राज स्थापित किया है । आतंकियों और और अपराधियों को नेस्तनाबूद करके अपराध मुक्त परिवेश का निर्माण किया है जहां हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है । आज का भारत एक श्रेष्ठ भारत है जिसका लोहा अब पूरी दुनिया मान रही है । स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आवास, रोजगार सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है । हम वोट के लिए नहीं हम देश के लिए कम करते हैं । संगठन विषय पर बोलते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही ने जनसंघ से लेकर भाजपा बनने की कहानी को बड़ी ही बारीकी से कार्यकताओं को बताया । उन्होंने कहा कि किसी भी दल को चलाने के लिए संगठन की आवश्यकता होती है । हमारी पार्टी की स्थापन के 45 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं । धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए 1925 में संघ का जन्म हुआ और उसके बाद 1980 में भाजपा का गठन हुआ । लगभग 60 वर्षों तक इस देश पर एक ही परिवार का शासन रहा जिसने इस देश की जनता को जमकर लूटा। राष्ट्रवादी विचारधारा का पोषक ये संगठन अगर नहीं होता तो कांग्रेस अपनी लूटवादी नीतियों से देश को खोखला कर चुकी होती ।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन आज पूरे देश में चल रहा है, इस सम्मेलन के माध्यम से पार्टी की स्थापना दिवस का उत्सव मनाया जा रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ता उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं । अभियान के तहत कार्यकर्ता घर घर जा रहे हैं, लोगों से संपर्क करके पार्टी की नीतियों और कार्यों को जन जन तक पहुंचा रहे हैं । पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता बहुत ही संयमित, अनुशासित, और कर्मनिष्ठ होता है जो अपने संघर्षों के बल पर समाज को एकजुट रखने का कार्य पार्टी की नीतियों के अनुरूप करता रहता है । आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हैं तो यह अपने कार्यकताओं के बल पर हैं । कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीशचंद तिवारी, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, जिला उपाध्यक्ष और अभियान के जिला संयोजक राजेश मिश्रा, महामंत्री प्रमोद शाही, डा हेमंत मिश्रा, श्रीनिवास मणि, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह आजाद, प्रभाकर तिवारी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं की हुई कार्यशाला, किया रक्तदान

**बरेली।** आजकल हार्ट अटैक होना आम बात हो गई है इससे कैसे बचा जाए। इसके लिए जिला न्यायालय परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता रजत बिंदल के द्वारा अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने हेतु सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) वर्कशॉप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार हरित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर को अवश्य सीखें, जिससे आपात स्थितियों में किसी की जान बचाई जा सके। वर्कशॉप में डॉ. आर.के. भास्कर ने ऑडियो-विजुअल माध्यम से सीपीआर की विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण दिया। वहीं रक्तदान शिविर का संचालन डॉ. जे.पी.एस. सेठी की देखरेख में किया गया। अधिवक्ताओं ने शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और दो सत्रों के आयोजन के बाद भी भारी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रहे ।

## दो पशु तस्कर पकड़े, 16 अदद पशु बरामद

, ।



**बरहज(देवरिया)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कपरवार के राम-जानकी मार्ग से डीसीएम पर पशुओं को लादकर ले जा रहे दो तस्करों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। तस्करी के लिए जा रहे 16 पशुओं को बरामद किया। बुधवार की सुबह कपरवार राम-जानकी मार्ग स्थित पुलिस चौकी पर तैनात कांस्टेबल दीपक यादव, अमरजीत यादव को गश्त के दौरान तेज गति से थाना बढ़हलगंज जिला गोरखपुर की ओर से डीसीएम आता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर डीसीएम को रोक लिया और उसके चालक व परिचालक को पकड़ लिया। डीसीएम की तलाशी में पशु भरे हुए थे। चालक और परिचालक को थाने लाकर पूछताछ की गई। एक ने अपना नाम पप्पू बंजारा पुत्र बद्री प्रसाद निवासी बागामाता थाना देवखेडा जिला गोंडी राजस्थान और दूसरे ने अपना नाम गोसे आजम पुत्र फारुख निवासी गांव भोजपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद बताया। एसआई महेंद्र मोहन मिश्र ने बताया कि दोनों युवकों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह पशुओं को बिहार लेकर जा रहे थे।

# बेटे की मौत के बाद इंसाफ की जंग लड़ रही मां

**कुशीनगर।** जिले के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा मुरलीधर गांव की मंजू देवी इन दिनों अपने बेटे के लिए इंसाफ की लड़ाई लड़ रही हैं। लगभग तीन हफ्ते पहले उनके इकलौते बेटे अमित राय की बेरहमी से पिटाई की गई थी, जिसकी वजह से 20 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत के बावजूद अब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं, जिससे

- **तमकुहीराज में मंजू देवी का अनशन जारी, आरोपी अब भी आजाद**

आहत होकर मंजू देवी ने अपनी दो बेटियों के साथ गांव के चौराहे पर अनशन शुरू कर दिया है। मंजू देवी का आरोप है कि 19 मार्च को गांव के कुछ लोगों ने उनके बेटे को बुरी तरह पीटा था। अस्पताल में इलाज के दौरान अगले दिन उसकी मौत हो गई। इसके बाद 21 मार्च को गांव वालों ने साफ कह दिया कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। 22 मार्च को एफआईआर दर्ज होने के बाद अंत्येष्टि की गई।




मंजू देवी ने पहले ही प्रशासन को चेतावनी दी थी कि अगर 10 अप्रैल तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे बेटे की चिता के पास धरना देंगी। उन्होंने इसके लिए एसडीएम, सीओ और थाना पुलिस को पत्र भी सौंपे थे, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया।

बारिश और आंधी के चलते जब श्मशान में लगा टेंट गिर गया, तो उन्होंने गांव के चौराहे को ही आंदोलन स्थल बना लिया। अब मंजू देवी और उनकी बेटियों पर समझौता करने का दबाव भी बनाया जा रहा है, लेकिन उन्होंने ठान लिया है कि जब तक बेटे के हत्यारे जेल नहीं जाएंगे, उनका अनशन जारी रहेगा। गांव के लोग हर दिन उनके समर्थन में चौराहे पर जुटते हैं, लेकिन अभी तक न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचा है और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। मंजू देवी की आंखों में आंसू हैं लेकिन उनकी आवाज में इंसाफ के लिए बुलंद हौसला है।

## बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में निकला नगर कीर्तन

**'बरेली।** बैसाखी पर्व के शुभ अवसर पर गुरुवार को शहर भक्ति, उल्लास और श्रद्धा से सराबोर हो उठा। जनकपुरी गुरुद्वारे से एक भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। बैंड-बाजों की धुनों, वाहेगुरु के जयघोष और पुष्पवर्षा के बीच निकले इस नगर कीर्तन ने शहरवासियों का दिल जीत लिया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंज प्यारे कर रहे थे। जिनके पीछे श्रद्धालु भक्तजन, स्कूलों के रंग बिरंगे पोशाक में सजे छात्र-छात्राएं, महिला संकीर्तन मंडली और सेवाभावी युवक-युवतियों की टोली शामिल थी।

महिला मंडली निरंतर वाहेगुरु-वाहेगुरु का जाप कर वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। शोभायात्रा के दौरान युवक-युवतियां सफाई करते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं कई स्थानों पर जल छिड़काव व पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं प्रिदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# आयुष बीईएल में बने डिप्टी इंजीनियर ,बधाइयों का तांता

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित उद्यम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा आयोजित कैम्पस सेलेक्शन में भाटपाररानी तहसील क्षेत्र के करौंदा गांव निवासी एवं राष्ट्रीय सहारा के पत्रकार डॉ दिनेश नारायण पांडेय के पुत्र आयुष पांडेय का 12 लाख 90 हजार के सालाना पैकेज पर डिप्टी इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है।

इनके चयन पर क्षेत्र के पत्रकारों समेत क्षेत्र के सभी हित-मित्र एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है और चारों तरफ से उन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

आयुष के पिता डॉ दिनेश नारायण पांडेय पेशे से एक आयुष चिकित्सक एवं पत्रकार हैं। माता शिवकुमारी देवी एक सफल गृहणी हैं ।आयुष की प्रारंभिक शिक्षा क्षेत्र के भींगारी बाजार स्थित विद्याविहार हाईस्कूल से हुई ।हाईस्कूल की शिक्षा ज्ञानकुंज एकेडमी बेलपार भाटपाररानी से हुई जिसमें वह 85 प्रतिशत अंक हासिल किए थे ।इंटर मीडिएट की शिक्षा मदन मोहन मालवीय इंटरमीडिएट कालेज भाटपाररानी से हुई जिसमें वह 75 प्रतिशत अंक हासील किये थे ।इसके बाद वह राजकीय पालीटेक्निक कालेज किरथल बागपत रनिंग ऐट सहारनपुर से पालीटेक्निक की परीक्षा में मंडल टॉप किये थे ।तत्पश्चात सीयूईटी के लैटरल इंट्री के तहत मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष में प्रवेश लिए ।इसी बीच पढ़ाई के दौरान बीईएल द्वारा आयोजित कैम्पस सलेक्शन में डिप्टी इंजीनियर के पद पर उनका चयन हो गया है इनके इस सफलता पर क्षेत्र के सभी पत्रकारों समेत इनके घर परिवार,हित मित्र एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है और चारों तरफ से इन्हें बधाईयों का तांता लगा हुआ है इन्हें बधाई देने वालों में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय कार्यकारी जिलाध्यक्ष नागेन्द्रनाथ शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह प्रेमचंद्र मिश्र हरिश्चन्द्र मिश्र आनंद मोदनवाल रामनवल सिंह वरिष्ठ पत्रकार डॉ श्रीनिवास मिश्र,विजय कुमार सिंह शोएब अहमद डॉ अजय वर्नवाल डॉ राजेश दीक्षित जितेंद्र यादव मनीष पांडेय विनय पांडेय सत्यम पांडेय प्रमोद पटेल पुरुषोत्तम राय कुमार प्रसाद विवेक राय अमर साह सूर्यप्रकाश मणि पांडेय पुरुषोत्तम पांडेय यूसुफ अंसारी देवेंद्र पासवान गुरुजन वृन्द में रामकैलाश कुशवाहा,विद्याविहार हाईस्कूल के प्रबंधक लल्लन पांडेय ज्ञानकुंज एकेडमी के राजेश सिंह मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज भाटपाररानी के प्रबंधक एवं भाजपा नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय नेहरू इंटर कालेज के संरक्षक वशिष्ट पांडेय प्रधानाचार्य अभिषेक पांडेय पूर्व प्रधान वृजकिशोर कुशवाहा अशोक सिंह कुशवाहा सुभाष सिंह कुशवाहा राजू सिंह कुशवाहा एसओ खामपार महेंद्र चतुर्वेदी शिवम हॉस्पिटल के डॉ एसके द्विवेदी परिवार के सदस्य एवं दादा युगल किशोर पांडेय पवन पांडेय राकेश पांडेय भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे एवं विनय कुमार दुबे आदि के नाम शामिल है।

## असमय बरसात से कटने को तैयार फसल को नुकसान, कटाई बंद

**देवरिया ।** आज दोपहर तेज चमक गरज के साथ हुई वर्ष ने किसानों के होश उड़ा दिया ।खेतों में पककर तैयार गेंहू की फसल की कटाई शरू ही हुई थी कि आज मौसम में हुए अचानक बदलाव ,वारिश ने खेत मे खड़ी फसल पर ग्रहण लगा दिया है ।मौसम की मार से बचने के लिए किसानों द्वारा तैयार फसल की कम्बाईन मशीन तथा भूसे के लिए हाथ से कटाई शुरू कर दिया था लेकिन आज की वर्षा और मौसम के बदले मिजाज ने कटाई,मड़ाई पर ब्रेक लगा दिया है ।जिले में अभी आधी फसल की भी कटाई नही हो पाई है। देर से पकने वाली गेंहू की प्रजातियों के तैयार होने होने में दो चार दिनों का समय बताया जा रहा है ।गनीमत है कि वर्ष के तेज हवा और ओले नही पड़े नही तो किसानों की जमा पूंजी भी डूब जाती ।आज की वर्षा और बदले मौसम ने खेत मे खड़ी फसल को लेकर किसानों की नींद उड़ गई है ।बहरहाल अब किसान धूप निकलने की उम्मीद लगाए बैठे है ।

## अधिक से अधिक बच्चो का हो नामांकन, शिक्षा पर है विशेष ध्यान : खंड शिक्षा अधिकारी

**बरहज, (देवरिया) ।**स्थानीय विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय पडरी में स्कूल चलो अभियान का आयोजन हुआ। विद्यालय के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अंक पत्र वितरण तथा विद्यालय का वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भलुअनी के खंड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अभिभावकों से अधिक से अधिक विद्यालय में नामांकन कराने के लिए कहा। प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय में भेजने हेतु प्रेरित किया गया तथा छात्रों को भी मन लगाकर अध्ययन करने के लिए कहा गया। अध्यापको से कहा कि गांवो मे जाकर बच्चो के नामांकन करने हेतु अभिभावकों को प्रेरित करे। छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की आध्यक्षता ग्रामप्रधान महावीर कुशवाहा एवं संचालन शिक्षक दुर्गेश कांदू द्वारा किया गया। विद्यालय प्रभारी डां अरविन्द कुशवाहा द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे विजय मौर्या, महावीर कुशवाहा, आदील, जितेन्द्र पांडेय, भागीरथ प्रसाद, स्नेहलता, सुनीता यादव, सरिता यादव, पूनम, शीला, आदि मौजूद रहे।

# पहले ही टूर्नामेंट में अद्विका ढिल्लो की शानदार उपलब्धि

**देवरिया,** ।10 अप्रैल। शतरंज की बिसात पर जनपद की दो बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सीतापुर में आयोजित उत्तर प्रदेश स्टेट चेस चैंपियनशिप के अंडर-9 वर्ग में अद्विका ढिल्लो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। यह उनका पहला राज्य स्तरीय टूनार्मेंट था, जिसमें उन्होंने आत्मविश्वास और संयम के साथ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

अद्विका ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह मेरा पहला टूनार्मेंट था। यहाँ मिले अनुभव से मैंने बहुत कुछ सीखा है, जो भविष्य के टूनार्मेंट्स में निश्चित ही मदद करेगा। मैं और मेहनत करूँगी और आगे और भी अच्छा प्रदर्शन करूंगी। उन्होंने बताया कि ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश, विश्व शतरंज चैंपियन मैग्नस कालर्सन और कोनेरू हंपी उनकी प्रेरणास्त्रोत हैं ।अद्विका की सफलता पर उत्तर प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष श्री ए.के. रायजादा ने हर्ष जताते हुए कहा, अद्विका जैसी बाल प्रतिभाओं का उभरना राज्य के लिए गौरव की बात है। उनका समर्पण व प्रेरणा आने वाले समय में उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला सकती है ।अद्विका, देवरिया की जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं श्री गगन ढिल्लों की सुपुत्री हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने भावुक होकर कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण व भावनात्मक क्षण है। अद्विका ने लोगों के आशीर्वाद और अपनी मेहनत से यह स्थान प्राप्त किया है। मैं चाहती हूं कि वह भविष्य में इससे भी बेहतर करे और शतरंज की दुनिया में नया मुकाम हासिल करे। श्री गगन ढिल्लों ने भी अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अद्विका की मेहनत, लगन और खेल के प्रति उसकी गंभीरता सराहनीय है ।खास बात यह भी है कि जिलाधिकारी महोदया की छोटी सुपुत्री अव्याना ढिल्लो ने इसी प्रतियोगिता के अंडर-7 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अद्विका और अवन्या, दोनों न केवल शतरंज में उत्कृष्ट हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी मेधावी छात्रा हैं। वे वर्तमान में गोरखपुर के मशहूर शतरंज कोच श्री जितेंद्र सिंह से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## पार्किंसन डिजीज रोग को लेकर निकाली जागरूकता रैली

अयोध्या। राज राजेश्वरी हॉस्पिटल नियावा अंगूरी बाग के प्रबंधक राजेश कुमार बाजपेई के नेतृत्व में पार्किसन डिजीज रोग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया यह रैली राजराजेश्वरी हॉस्पिटल से निकलकर रामपथ होते हुए राजराजेश्वरी हॉस्पिटल आकर समाप्त हुई। 11 अप्रैल को विश्व पार्किंसन दिवस के रूप में मनाया जाता है जन जन तक इस रोग के बारे में जानकारी देना और इसके उपचार हेतु जागरूक करना ही इस रैली का मुख्य उद्देश्य था। राज राजेश्वरी हॉस्पिटल के डॉक्टर विनीत सिंह न्यूरोसर्जन गोल्ड मेडलिस्ट डॉ दिलीप कुमार झा की अगुवाई में जागरूकता रैली को सफल बनाया गया इस अवसर पर डॉ विभव नाथू, आदिल खान, देव मिश्रा, सुनील चैधरी, अमित कुमार सहित अस्पताल के समस्त समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ विनीत सिंह ने बताया कि पार्किंसंस रोग एक तंत्रिका तंत्र विकार है जो मस्तिष्क के एक हिस्से को प्रभावित करता है जो गति को नियंत्रित करता है। इस रोग के कारण, मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन का स्तर कम हो जाता है, जिससे गति और संतुलन में समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पार्किंसंस रोग के सामान्य लक्षणों में हाथों और पैरों में कंपन, गति में कमी, संतुलन है।

## जान से मारने की धमकी देने का मामला आया सामने

सीतापुर। सदरपुर के रजपारापुर में एक महिला और उसके परिवार को रंजिश के चलते जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता सितारून पत्नी इदरीश ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि आरोपी मोहम्मद नबी, इरफान और ने उसके पति इदरीश की पिटाई की, जिससे उनकी टांग टूट गई। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को भी गालियां दीं और मारापीटा। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## नपाध्यक्ष ने डोर टू डोर पहुंचकर गिनायी भाजपा के आठ सालों की उपलब्धियां

*कुशीनगर।* नगर पालिका परिषद पडरौना के चेयर विनय जायसवाल के नेतृत्व मे गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित " गांव चलो अभियान कार्यक्रम " के तहत पडरौना नगर के गांधीनगर वार्ड में योगी सरकार के आठ सालों की उपलब्धियां गिनाई गयी। चेयरमैन श्री जायसवाल अपने सहयोगियों के साथ डोर टू डोर लोगो से मिलकर सरकार उपलब्धि गिनाते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और भाजपा के पक्ष में पुनः अपना समर्थन देने की अपील किया। मीडिया से बातचीत करते हुए नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने बेरोजगारी दर को न्यूनतम स्तर पर पहुँचा दिया है। इसके अलावा आधारभूत ढांचे ने नई रफ्तार पकड़ी है। आज का उत्तरप्रदेश भारत के सर्वाधिक एक्सप्रेसवे और अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों का प्रदेश है साथ ही साथ क्राइम फ्री स्टेट के दौर में पहुंच चुका है। इस अवसर पर पडरौना नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जयसवाल , मंडल महामंत्री देवेश मिश्र व विष्णु जयसवाल, शक्तिकेंद्र संयोजक विनोद गुप्ता, बूथ अध्यक्ष अजीत बरनवाल, अमित त्रिपाठी, नीरज सुभाष मिश्र, अरुण सिंह रितेश जायसवाल आकाश वर्मा सतीश साहा मानस मिश्रा आकाश वर्मा भोला साहा कुंदन सिंह भारत चौधरी भास्कर पाठक सनी सिंह काशी राजभर रमेश गुप्ता सर्वेश जयसवाल धर्मेंद्र मद्धेशिया अंकित अग्रवाल संतोष चौहान राजेश जायसवाल विनय मद्धेशिया अभिषेक शर्मा पिंटू साह मुरारी पटेल केदार मद्धेशिया बबलू शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भौकाल टाइट रखता था छात्रा के संग मुंह काला करने वाला मोइनुद्दीन

बृजबिहारी त्रिपाठी

**कुशीनगर।** अपने विद्यालय मे छात्रा के साथ मुंह काला कर गुरु-शिष्य की गरिमा को कलंकित करने वाले कृषक इंटर कॉलेज का उप प्रधानाचार्य मोइनुद्दीन अंसारी विभिन्न दलो के नेताओं के साथ फोटो खिचवाकर हमेशा अपना भौकाल टाइट रखता था ।यही वजह है कि तमाम छात्राओं को अपने हवस का शिकार बनाने के बावजूद उसे किसी का खौफ नही था और वह आदतन गुरु - शिष्य की गरिमा को तार-तार करने आदि हो गया था। सूत्रो का दावा है कि मोइनुद्दीन के कुकर्म से विद्यालय के प्रधानाचार्य पहले से वाकिफ थे किन्तु प्रधानाचार्य द्वारा मोइनुद्दीन के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय वह मौन व्रत धारण कर मोइनुद्दीन के कुकृत्यों का बढावा दे रहे थे।

- **विभिन्न राजनीतिक दलो के नेताओं के साथ फोटो खिचवाकर मोइनुद्दीन अपने रसूख का दिखाता था भौकाल**
- **विद्यालय के प्रधानाचार्य की चुप्पी, मोइनुद्दीन के कुकर्मो को दे रहा था बढावा**
- **प्रधानाचार्य पर मुकदमा दर्ज करने और मोइनुद्दीन की बर्खास्तगी की उठी मांग**

बतादे कि जिले के कसया थाना अन्तर्गत मल्लुडीह स्थित कृषक इंटर कॉलेज में तैनात शिक्षक मोइनुद्दीन अंसारी रसूखदार है वह विद्यालय के उप प्रधानाचार्य पद के साथ साथ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) का प्रदेश उपाध्यक्ष भी था। इसके अलावा वह विभिन्न राजनीतिक दलो के नेताओं के बीच उठता-बैठता था ताकि उसका भौकाल टाइट रहे और उसके खिलाफ कोई मुंह न खोल सके। सूत्रो की माने तो वायरल वीडियो मे अपने स्कूल की छात्रा के साथ मुंह काला कर रहे मोइनुद्दीन अंसारी के हवस की शिकार बनी 12 वी वह छात्रा इकलौती लडकी नही है जो मोइनुद्दीन की शोषण की शिकार बनी है। सूत्रो का कहना है हिन्दू छात्राएं मोइनुद्दीन के टारगेट में रहती है वह हिन्दू लडकियों को अपना शिकार बनाने के लिए किसी भी तरह का हथकंडा अपनाने से परहेज नही करता था। क्लास में उत्तीर्ण कराने का दावा करने से लेकर अच्छे अंक दिलाने व छात्राओं को धमकाने और आर्थिक मदद करने जैसा हथकंडा, मोइनुद्दीन के घटिया षड्यंत्रों में शामिल है। सूत्रो ने बताया कि जो भी छात्रा एक बार मोइनुद्दीन के चंगुल मे फस जाती थी वह छात्राएं, मैनुद्दीन के हाथो की कठपुतली बन जाती थी। सूत्रो के इन दावो मे कितनी सच्चाई है इसकी सत्यता निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

**प्रधानाचार्य की चुप्पी मोइनुद्दीन के कुकर्मों को दे रहा था बढावा:-**

मोइनुद्दीन के कुकर्म का वीडियो वायरल होने के बाद जब मामला सार्वजनिक हुआ तो अपना गिरेबान फसता देख कृषक इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य भले ही यह दावा कर रहे हो कि उन्हें वीडियो वायरल होने से पूर्व मोइनुद्दीन के घटियापन व घिनौनी करतूतों के बारे मे कोई जानकारी नही थी लेकिन हकीकत यह है कि प्रधानाचार्य झूठ बोल रहे है, वह न सिर्फ मोइनुद्दीन के घटियापन से अच्छी तरह से वाकिफ थे बल्कि वीडियो मे दिखाई दे रही छात्रा से लेकर अन्य छात्राओं के साथ मोइनुद्दीन द्वारा किये गये कुकर्मों को भी भलीभांति जानते थे, ऐसा सूत्रो का दावा है। विद्यालय के सूत्रो की माने तो मोइनुद्दीन के कुकर्म जगजाहिर था लेकिन उसका रसूख देखकर विरोध जताने की हिम्मत कोई नही करता था। प्रधानाचार्य किस खौफ मे थे यह तो नही मालूम लेकिन वह सब कुछ जानते हुए भी चुप थे। ऐसे में कहना मुनासिब होगा कि सब कुछ जानते हुए भी प्रधानाचार्य की चुप्पी कही न कही मोइनुद्दीन के कुकर्मों को बढावा दे रहा था, जिसके लिए प्रधानाचार्य भी कम दोषी नही है।

**संगठन ने मोइनुद्दीन को किया निष्कासित**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संघ (एक जुट) ने मैनुद्दीन की प्राथमिकता सदस्यता रद्द करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष के पद से मुक्त कर संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। संगठन के अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा की ओर से दिनांक - 8 अप्रैल-25 को जारी पत्र मे कहा गया है कि सोसल मीडिया एवं अन्य प्लेटफार्म पर वायरल वीडियो एवं प्रसारित समाचार में मोइनुद्दीन अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष को एक छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाए जाने पर प्रथम दृष्ट्या दोषी मानते हुए, सगठन की प्राथमिक सदस्यता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के पद से निष्कासित किया जाता है। संघ उक्त घटना की घोर निंदा करता है एवं पुलिस से मांग करता है कि घटना की जांच कर दोषी को उचित दंड दिलाया जाए। संगठन ने इसकी प्रति पुलिस अधीक्षक व संगठन के प्रदेश महामंत्री को भी भेजा है। इस संबध मे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री राजीव यादव का कहना है कि संगठन को जैसे ही मोइनुद्दीन के कृत्य की जानकारी मिली संगठन ने तत्काल प्रभाव से मोइनुद्दीन की प्राथमिक सदस्यता रद्द कर उन्हें पद से हटाते हुए संगठन से निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने कहा शिक्षको की समस्या, अधिकार और शिक्षक हित की मांग को लेकर संगठन हमेशा शिक्षको के साथ था और हमेशा साथ रहेगा। संगठन न कभी गलत लोगो के साथ रहा है और न कभी गलत लोगो की लडाई लडेगा। उन्होंने मामले की जांचकर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

**प्रधानाचार्य पर मुकदमा व मोइनुद्दीन की बर्खास्तगी की उठी मांग:-**

कृषक इंटरमीडिएट कालेज के छात्र-छात्राओं के अभिभावक सहित ग्रामीणों व सामाजिक संगठनों ने कहा कि मोइनुद्दीन पूर्व में भी तमाम छात्राओं को प्रलोभन देकर दुष्कर्म करता रहा है। वह न जाने कितनी हिन्दू लड़कियों को अपना शिकार बनाकर जिन्दगी बर्बाद कर चुका है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

उन्होने कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद मोइनुद्दीन का असली चेहरा आम लोगो के सामने सार्वजनिक हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पहले ही मोइनुद्दीन के खिलाफ कार्रवाई किये होते तमाम लड़कियों की जिन्दगी बर्बाद नही होती।

प्रधानाचार्य द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने के कारण मोइनुद्दीन का हौसला बढता गया। इन सभी ने एक सूर मे विद्यालय के प्रधानाचार्य पर मुकदमा दर्ज करने व छात्राओं के साथ मुंह काला करने वाले मोइनुद्दीन को बर्खास्त करने की मांग की है।

अब देखना मुनासिब होगा कि बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सूबे की भाजपा सरकार मोइनुद्दीन के कुकर्मों को गंभीरता से लेते हुए बर्खास्त करती है या फिर कोरमपूर्ति कार्रवाई कर भविष्य मे इस तरह की घटना को पूनार्वृति करने के लिए मोइनुद्दीन मौका देती है. ?

## जिला मुख्यालय में पेयजल संकट, आरओ मशीनें बंद, लोग परेशान

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय पर पीने के पानी की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। विकास भवन और कलेक्ट्रेट में लगी आरओ मशीनें लंबे समय से खराब पड़ी हैं, जिससे कर्मचारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।विकास भवन में जहां 21 विभागों के 57 कमरे संचालित होते हैं, प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। यहां भूतल पर लगी आरओ मशीन गंदगी के चलते काम नहीं कर रही है। नल का पानी पीने योग्य नहीं होने से कई कार्यालयों में कर्मचारी अपनी व्यवस्था से पानी लाने को मजबूर हैं ।मुख्य गेट पर लगी लाखों रुपये की आरओ मशीन में पानी की सप्लाई बंद है। परिसर के अंदर मौजूद कई शुद्ध पेयजल मशीनों में से केवल एक-दो ही चालू हैं। आम लोगों को इन तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। गर्मी के इस मौसम में शुद्ध और ठंडा पानी न मिल पाने से आम जनता त्रस्त है ।हालांकि डीएम आवास परिसर और जिला विकास भवन में शुद्ध पेयजल व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन अधिकांश मशीनें या तो पानी नहीं देतीं या गंदा पानी निकालती हैं। मजबूरी में लोग बोतल बंद पानी खरीदने को मजबूर हैं। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि गर्मी से पहले सभी को शुद्ध और ठंडा पानी मिल सके, इसके लिए पहल की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मशीनों की जांच कराकर जल्द से जल्द उन्हें दुरुस्त किया जाएगा।

## जन समस्यायों का निस्तारण ही प्राथमिकता: कोतवाल

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली में नवागत प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने पदभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों पर नियंत्रण की बात पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। प्रभारी निरीक्षक ने आम जन से सीधा संवाद स्थापित करने का आह्वान किया और कहा कि फरियादी सीधे थाने आकर अपने समस्याओं से अवगत करा सकते हैं और शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उन्होंने महिला सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया। कहा की थाने में आने वाली शिकायतों का निस्तारण प्रार्थमिकता होगी ।इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी विवेक पाण्डेय, एसएसआई मंगेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## महिला पर गिरी पक्की दीवार, दबने से मौत

**सकरन /सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र में खेत से वापस आ रही महिला पर गिरी पक्की दीवार जिसके नीचे दबने से उसकी मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम पहुंची जहां परिजनों ने शव का पीएम करवाने से इंकार कर दिया परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। सकरन थाना क्षेत्र के रसूलपुर हरदोपट्टी गांव निवासी कुसुमा देवी (55) पत्नी जुगराज बृहस्पतिवार की सुबह खेत को गेहूं की फसल की कटाई करने गई थी सुबह 9.30 बजे तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई तो कुसुमा देवी खेत से अपने घर जाने लगी गांव में नागेन्द्र के घर के पास पहुंचते ही नागेन्द्र की पक्की दीवार भरभरा कर कुसुमा देवी के ऊपर गिर गई जिसके नीचे कुसुमा देवी दब गई आवाज सुनकर मौके पर पहुंचें ग्रामीणों ने दीवार का मलवा हटा कर कुसुमा देवी को किसी तरह बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी घटना की सूचना पाकर कानूनगो गिरीश कुमार व क्षेत्रीय लेखपाल दीपक यादव तथा सकरन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची परिजनों ने पुलिस व राजस्व विभाग से शव का पीएम करवाने से मना कर दिया उसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे परजनों के सुपुर्द कर दिया परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# नौकरी का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**सीतापुर।** जिले के सिधौली कोतवाली पुलिस ने भोलेभाले लोगो से नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि थाना सिधौली की पुलिस टीम ने 11 अभियुक्तों को पकड़ा है। जिसमें गुलाम जिलानी पुत्र समशाद अली निवासी ग्राम लालपुर थाना सहादुल्ला नगर जनपद बलरामपुर,

**• पुलिस ने 11 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है**

राहुल पाल पुत्र राममगन निवासी करमैहिया थाना सोनहा जनपद बस्ती, संत कुमार पुत्र लालजीत निवासी उपेधीपुर बुजूर्ग थाना डमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर को बिसवां मिश्रिख रोड, चिंताहरण मंदिर के पास से तथा राहुल राठौर उर्फ राहुल पुत्र राजाराम निवासी रेवटा थाना गौर जनपद बस्ती, शाहरूख पुत्र शब्बार निवासी राजापुर थाना नबाबगंज जनपद बहराइच, कन्हैया यादव पुत्र बहरैची यादव निवासी गौहनियाराज थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर, जितेन्द्र सिंह पुत्र विष्णु पाल सिंह निवासी द्वावरी थाना गजनैर जिला कानपुर देहात, कृष्णा पुत्र विक्रम निवासी बंगरा थाना चिकासी जनपद हमीरपुर, अंकित पुत्र रामअवतार निवासी निन्नाया थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात, सर्वेश पुत्र नरेश निवासी गुहवाण्ड थाना चिकासी जनपद हमीरपुर तथा बब्लू पुत्र लेखराम निवासी पटना थाना बिसवां जनपद सीतापुर को अलदादपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है।



इन लोगों के पास से अभियुक्तगण के पास से 03 मोटरसाईकिल व नगदी कुल 2,320 रुपए बरामद हुए हैं। पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग रायल हेल्थ इण्डिया कम्पनी में काम करते है, कम्पनी के नाम पर लोगो से एक के नीचे एक जुड़ने के नाम पर नये-नये लोगो को अपने साथ मिलाकर एक व्यक्ति से 20 से 25 हजार रुपये नकद या ऑनलाइन लेकर नौकरी का झांसा देकर ट्रेनिंग देने के नाम पर पैसा लेकर आपस में बांट लेते है।

मेरे साथियो के पास जो गाडिया है उन्ही गाडियो को हम सभी लोग बदल बदल कर नये नये लडको को लाते ले जाते थे हम लोग पकडे न जायें इसलिए गाडियो के नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर को बदल बदल कर रखते थे। जब कोई लड़का हमारी जालसाजी के बारे मे जान जाता था तो उसे एक कमरे मे बन्द कर देते थे या तो बहुत होने पर पैसे वापस कर देते थे। ऐसे ही हम लोगो का काम चलता रहता है, जो पैसा मिलता है, हम सभी लोग आपस मे बांट लेते है।

खुलासे में शामिल पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बलवंत शाही, उप निरीक्षक प्रभात कुमार, अभिषेक सिंह, संतोष राय, हे.का. जय प्रताप सिंह, का. ऋषि देव, फिरोज आलम, अजय तिवारी, अजय सिंह, अरविन्द गौतम, नितेश कर्दम, कपिल सहित शामिल रहे।

## मोबाइल गेहूं क्रय टीम का शुभारम्भ

सीतापुर। पिसावां इलाके में सरकार द्वारा किसानों के लिए गेहूं खरीद को आसन बनाने के लिए मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से गांव गांव जाकर गेहूं खरीद किया जा रहा है। किसान अब अपने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक के माध्यम से अपने गांव में गेहूं विक्रय कर सकते हैं। बुधवार को एसडीएम महोली शशिबिंद द्विवेदी ने मोबाइल गेहूं क्रय केंद्रो का शुभारम्भ किया जिसके चलते पहले दिन करीब 300 कुंतल गेहूं की खरीद की गयी।

इस दौरान मार्केटिंग इंस्पेक्टर संतोष कुमार व एसडीएम विकास खंड के चंद्रा गावं पहुंचकर किसान भूपेंद्र के घर से 300 कुंतल गेहूँ की खरीद की। एसडीएम शशिबिंद द्विवेदी ने बताया यह पहल जिले मे पहली बार की जा रही है। घर घर जाकर मोबाइल टीम द्वारा गेहूं की खरीद करने से किसानों का समय व परवाहन खर्च बचेगा। जो किसान क्रयकेंद्र पर जाने मे स्मर्थ हैं। वह मोबाइल टीम से सम्पर्क कर गेहूं क्रय कर सकते हैं।

इसी के साथ अन्य क्रयकेंद्रो ही भी खरीद जोरों पर चल रही है। मूडाकला क्रय केंद्र 800 कुंतल गुरसंडा मे 40 कुंतल नेवदिया मे 80 कुंतल बरगावा मे 1500 कुंतल गेहूं की खरीद की गयी।

## तेज आंधी, बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ाई



**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र में गुरुवार को तेज आंधी तूफान के बाद हुई बूंदा बांदी से किसानों के माथे पर चिंता बढ गई, वहीं बीते दिनों में हुई गर्मी से तापमान वृद्धि में नरमी होने से आम जनमानस ने राहत महसूस की। सुबह से ही तेज हवाओं के साथ आए तूफान से धुंध छा गई। सुबह देर शाम वाला दिन हो गया। लोगों को गर्मी से तो राहत मिली लेकिन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें छा गई। क्षेत्रीय किसानों के अनुसार इस समय बारिश से गेहूं की फसल में भारी नुकसान हो सकता है। बीते कई दिनों से तेज धूप के साथ गर्मी भी बढ़ गई थी तापमान भी प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा था। बुधवार को रात तेज हवाओं के कारण आज सुबह मौसम में परिवर्तन देखा गया। आसमान में धुंध के साथ बादल छाए रहे। लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन धुंध की वजह से परेशानी का सामना भी करना पड़ा। गंगा कटरी क्षेत्र में तेज हुई बूंदा बांदी से किसानों का काम रुक गया। दो तीन में जब कटी हुई फसल सूखेगी, तब ही थ्रेसरिंग होगी। हालांकि दोपहर तीन बजे का धूप भी तेज हुई।

## दलित युवक पर हमला करने वालों पर मामला दर्ज

**पाटन, उन्नाव।** थाना बिहार क्षेत्र के अंतर्गत एक दलित युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। ग्राम मवइया निवासी धर्मेश ने थाना बिहार में दी गई तहरीर में गांव के ही दो व्यक्तियों पर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि 7 अप्रैल को सुबह लगभग 8 बजे उसकी माँ महदेई रोज की तरह बकरियाँ चराने खेत पर गई थीं। इस दौरान कुछ बकरियाँ गांव के ही रजनू मिश्रा और पुन्नू मिश्रा के खेत में घुस गईं। इसी बात पर दोनों ने पीड़ित की माँ के साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और मारपीट कर भगा दिया। पीड़ित का कहना है कि जब वह विरोध जताने उक्त लोगों के पास गया तो उन्होंने उसकी कोई बात नहीं सुनी। उल्टा जातिसूचक गालियाँ देते हुए लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और सिर फट गया। आसपास के लोग इकट्ठा होते देख आरोपी घायल युवक को अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के शिकायती प्रार्थना के आधार पर थाना बिहार पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 115(2), 352 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम 1989 (संशोधन 2015) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मामले की जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## भारतीय चिकित्सा सिद्धांतो को आत्मसात कर निदान देने वाले पहले आयुषमहर्षि थे डॉ. हैनिमैन



**अयोध्या।** होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का विकास करने वाले डॉ सैमुएल हैनिमैन के जन्मदिन होम्योपैथी चिकित्सक विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाते हैं इस अवसर पर होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के महासचिव व सेवाभावी होम्योपैथी चिकित्सक डॉ उपेन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्रातः काल मरीजों के साथ डॉ हैनिमैन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर डॉ उपेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा डॉ हैनिमैन का जन्म विदेशी धरती पर जर्मनी में आर्थिक रूप से दुर्बल परिवार में हुआ, पिता बर्तनों पर चित्रकारी करते थे, जैसे तैसे प्राथमिक शिक्षा के बाद उच्चशिक्षा के लिए धनाभाव में एक शिक्षक की प्रेरणा से प्रतिभाशाली पुत्र को दूसरे शहर भेजते समय पिता के वचनों- सभी का परीक्षण कर जो सर्वश्रेष्ठ हो उसे ही ग्रहण करना, को ही हैनिमैन ने जीवन का मंत्र बना लिया और पढ़ाई के साथ आजीविका के लिए ट्यूशन व पुस्तको के अनुवाद का सहारा लिया इसी क्रम में चिकित्सा की एक पुस्तक के अनुवाद करते समय उनका परिचय प्रकृति के चिकित्सा सिद्धांत जो मूल रूप से भारतीय आयुर्वेद का ही समं समे शमयति पर आधारित रोगी एवं औषधि के समलक्षणी सिद्धांत पर होम्योपैथी का विकास किया।

जिसमें औषधियों के परीक्षण, निर्माण, सिद्धिकरण के जो तरीके उस समय थे आज भी वैसे ही हैं, शक्तिकरण व प्रयोग के तरीकों में डॉ हैनिमैन ने स्वयं ही जो परिष्कार किये वह आज भी उतने ही असरदायी व अधिक प्रासंगिक हैं। डॉ उपेन्द्रमणि ने कहा तमाम जीवन शैली के व शल्य रोगों में भी जहां प्रचलित पद्धति प्रबंधन कर पाती है वहीं होम्योपैथी शरीर की क्रियाविधि में संतुलन स्थापित कर सम्पूर्ण आरोग्य प्रदान कर सर्जरी से भी बचाती है। डॉ त्रिपाठी ने कहा पद्धतियों के बीच श्रेष्ठता की तुलना उचित नहीं अपितु सामयिक आवश्यकता है कि अधिक अध्ययन व शोध के साथ मानव जीवन के लिए श्रेष्ठ संभावनाओ का समन्वय स्थापित हो। इस विचार से सम्बंधित एक ही छत के नीचे सभी पद्धतियों के चिकित्सा विकल्प व इन्टरपैथी रेफरल सिस्टम विकसित करने के सुझाव डॉ त्रिपाठी वर्ष 2014 से ही केंद्र व राज्य सरकारों को देते रहे हैं। डॉ त्रिपाठी ने खुशी जाहिर की कि इस दिशा में अब तंत्र द्वारा सकारात्मक कार्य किये जा रहे हैं। डॉ त्रिपाठी ने आशा व्यक्त की कि उनके सुझाव सभी पंजीकृत चिकित्सको को निजी क्लिनिक स्थापित करने में शासन से प्राथमिकता आधार पर भूमि भवन का सहयोग कर आम जन के लिए मानदेय आधारित ओपीडी समय मे आवश्यक सेवा अनुबंध किया जाना चाहिए। डॉ त्रिपाठी का मानना है कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन के लिए अधिक सुलभ बनाया जा सकता है व चिकित्सको को भी सेवा रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने में सरकार को यश प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर डॉ आर वी त्रिपाठी, नगर संघ चालक शिव प्रसाद, सहसंघ चालक शिशिर मिश्र, आर एस त्रिपाठी, एडवोकेट धीरेन्द्र, इंजी सौरभ, आदर्श, हरिओम चतुर्वेदी, हरिप्रसाद, सचिन, आदि उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत

**सीतापुर।** बिसवां कोतवालीं क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना विकासखंड बिसवां के ग्राम पंचायत जनुवा के मजरा मोच खुर्द की है। बृहस्पतिवार को प्रातः हरिश्चंद्र भार्गव 23 वर्ष पुत्र स्व0 भोला भार्गव अपने खेत में गन्ना छीलने के लिए गया हुआ था। लगभग 8:00 बजे अचानक मौसम खराब हो गया। गरज के साथ पानी गिरने लगा। इसी दौरान लगभग 9:00 बजे तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली कड़की और बिजली उक्त गांव के पास जहां पर लोग गन्ना छिल रहे थे। वही पर बिजली गिर गई। जिससे हरिशचंद्र भार्गव की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थानी पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल को लेखपाल ओमकार यादव भी मौके पर पहुंच गए। मृतक तीन भाई हैं जिसमें यह बीच का है। अभी इसका विवाह नहीं हुआ था। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## दो लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुए जख्मी

लहरपुर/सीतापुर। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो लोग हुए जख्मी परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती इलाज जारी स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम चदेसुआ निवासी राजकुमार पुत्र बृजलाल, राधिका पत्नी रामखेलावन सहित आठ लोग सभी चदेसुआ के निवासी हैं सभी बडकन्नू यादव विलायत पुरवा के खेत में लगी गेहूं की फसल को बृहस्पतिवार सुबह काट रहे थे अचानक पानी और बिजली कड़कने की आवाज से डर कर कटाई बंद कर बचने के लिए चार लोग पेड़ के नीचे जाकर बैठ गए तीन लोग पुलिया के नीचे बैठ गए पेड़ के नीचे बैठे चार लोगों में राजकुमार और राधिका आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए जिसकी सूचना उनके परिजनों को मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर दोनों लोगों को एंबुलेंस की मदद से लहरपुर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां डाक्टरों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।



## ईश्रम में आवेदन के माध्यम से योजना का लाभ उठाये

**उन्नाव।** अर्थव्यवस्था में प्लेटफार्म वर्कर्स जैसे- जोमैटो, स्वीगी, ओला, ऊबेर, रैपिड़ो इत्यादि ऑनलाइन/ऐपके माध्यमों से कार्य करने वाले श्रमिक, की महत्वपूर्ण भूमिका और सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुँच से जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय बजट 2025-26 में प्लेटफार्म वर्कर्स को आच्छादित करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की गयी है। प्लेटफार्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभों तक सुगम पहुँच बनाने हेतु उनका रजिस्टेज्शन करने के लिए भारत सरकार द्वारा विकसित ई-श्रम पोर्टल पर पृथक से लिंक दिया गया है। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टेज्शन किसी भी जन-सुविधा केन्द्र के माध्यम से या स्वयं भी किया सकता है।

ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टेज्शन पूर्णतः निःशुल्क है। ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने लिए श्रमिक का आधार कार्ड, श्रमिक का पैन कार्ड नम्बर, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर (यदि श्रमिक का मोबाईल नम्बर आधार कार्ड से लिंक नहीं है, तो श्रमिक जन सुविधा केन्द्र पर बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा भी अपना रजिस्टेज्शन ई-श्रम पोर्टल पर करवाया जा सकता है।

**ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टेज्शन करवाने यह अर्हता होनी आवश्यक**

श्रमिक की आयु 16 से 59 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, श्रमिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ का सक्रिय सदस्य नहीं होना चाहिए। श्रमिक कर्मचारी राज्य बीमा निगम का सक्रिय सदस्य नहीं होना चाहिए। प्लेटफार्म वर्कर्स किसी ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से कार्यशील ऐसे श्रमिक जिनकों अनुबंध की शर्तो के अधीन पारिश्रमिक प्राप्त होता है। किन्तु उन श्रमिकों और उनके नियोक्ताओं में कर्मचारी-सेवायोजक का कोई पारंपरिक संबंध नहीं होता है। यह श्रमिक मात्र डिजिटल माध्यम (ऑनलाइन/ऐप) से जुडे. होते है।

## घर-घर जाकर बीजेपी कार्यकर्ता बता रहे सरकार की आठ साल की उपलब्धियां



**पुरवा, उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान को लेकर मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकताओं ने अलग-अलग गांवो में लोगों के घर-घर जाकर भाजपा सरकार के आठ साल बेमिसाल को लेकर रुबरु कराया। गुरुवार को विधान सभा क्षेत्र में पुरवा भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोधी ने अलग-अलग गांव क्षेत्र में लोगों के घर- घर जाकर सरकार के आठ साल बेमिसाल के विषय में विस्तार से जानकारी दी। वहीं विधान सभा क्षेत्र के गांव त्रिलोकपुर, धिरजीखेडा, ऊचगांव, पल्हरी व कस्बे के दुगार्पुर, जोतपुर, शीतलगंज, में लाभार्थियों से जन संपर्क किया साथ ही बूथ समिति के साथ बैठक की। इस अवसर राजू साहू, कमल कुशवाहा, रवीन्द्र रावत, सरवन लोधी, जितेन्द्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आग की चपेट में आए आधा दर्जन परिवारों को अन्नू टण्डन ने मदद पहुंचायी



**बांगरमऊ, उन्नाव।** तहसील के गांव हसनापुर में लगी आग ने आधे दर्जन से अधिक परिवारों को चपेट में ले लिया था। आग की वीभत्सा ने घर का सारा समान से लेकर नगदी और जेवर को भी राख कर दिया था। उक्त घटना को जानकारी जब सपा की राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन को स्थानीय कार्यकताओं से हुई तो उन्होंने पीड़ित परिवारों के इस दुःख की घड़ी में जिंदगी नए सिरे से शुरू करने में मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए प्रत्येक प्रभावित परिवार को जरूरत का समान खाद्य सामग्री, कपड़े, बर्तन, तिरपाल आदि उपलब्ध कराया। सपा नेता विवेक शुक्ल ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर सांत्वना देते हुए अन्नू टंडन की मदद को वितरित किया। विवेक शुक्ला ने कहा कि निश्चित तौर पर घटना हृदय विदारक है किंतु अन्नू टंडन जैसी जननेता की जिले में मौजूदगी उन्नाव के हर पीड़ित परिवार के लिए कष्ट के पल में मदद का एक भरोसेमंद आसरा है। प्रभावित परिवारों में फूल कुशवाहा, जगनू कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा, कृष्ण कुशवाहा, सुंदर कुशवाहा, धर्मनाथ कुशवाहा, छविलाल कुशवाहा आदि ने बताया कि अभी तक न कोई शासनिक सहायता मिली और न ही कोई जनप्रतिनिधि मदद को आया। केवल सपा की वरिष्ठ नेता अन्नू टंडन ने आगे आकर हमारे दुख को समझा और जिंदगी को आगे ले जाने में मदद की। राहत वितरण में प्रमुख रूप से श्रवण यादव, शैलेन्द्र पाल, विजय द्विवेदी एड, राधेश्याम यादव, प्रेम यादव, सूर्य कुशवाहा, देवी सहाय कुशवाहा, सुनील गौतम, सुरेश निषाद आदि लोग उपस्थित थे।

## बैंककर्मियों की लापरवाही के चलते दूसरे किसान के खाते में में हो गया जमा

सीतापुर। सोलर पंप के लिए किसान द्वारा जमा किया गया पैसा बैंककर्मियों की लापरवाही के चलते दूसरे किसान के खाते में में जमा हो गया। पैसा वापस पाने के लिए किसान बैंक के चक्कर लगा रहा है। बल्देवपुर के रामचंद्र पुत्र सुंदरलाल ने खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए सोलर पंप लेने के लिए कृषि विभाग में आनलाइन आवेदन किया था। उसने स्टेट बैंक की शाखा महमूदाबाद में संचालित अपने खाते में पैसा जमा करके चालान के माध्यम से 172638 रुपए की धनराशि सौरभ के नाम ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि चालान बैंककर्मियों द्वारा भरा कर उससे हस्ताक्षर कराए गए थे। पीड़ित के मोबाइल नंबर पर जब पैसा जमा करने का मैसेज आया तब उसे जानकारी हुई कि पैसे उसके नाम के साथ पर सौरभ के नाम पर जमा हो गए हैं।

# सोने की चिड़ियां को फिर से पंख लगाने आया हूं

**सीतापुर।** महमूदाबाद नगर के प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम में वासंतिक नवरात्र के अवसर पर चल रहे 30 दिवसीय मेले में धाम के सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार की रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय

**• कविता प्राचीन काल से जनमानस व शासन को जगाने का कार्य करती आ रही: साकेन्द्र वर्मा**

कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में आए ओज, श्रृंगार व हास्य व्यंग्य के प्रसिद्ध कवियों ने अपने सुमधुर स्वरों से जब छंद, मुक्तक व गीत आदि प्रस्तुत किए तो श्रोताओं ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यअतिथि सहित सभी कवियों का धाम समिति द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन व मां संकटा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। समिति द्वारा कवियों का माल्यार्पण व मां संकटा का चित्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा कुर्सी क्षेत्र के विधायक साकेन्द्र वर्मा ने कहा कि कविता प्राचीन काल से जनमानस व शासन को जगाने का कार्य करती आ रही है। कवि सम्मेलनों के माध्यम से लोगों को साहित्य के क्षेत्र में हो रहे प्रयोगों की भी जानकारी मिलती है। कवियों का सम्मान होना जरूरी है। कवि सम्मेलन का शुभारंभ सीतापुर से पधारे प्रसिद्ध गीतकार संदीप मिश्र ह्यसरसह्य की वाणी वंदना से हुआ। उन्होंने कविता पाठ करते हुए पढ़ा कि ह्यमायके को संभल देती हैं, बेटियां दिल निकाल देती हैं। देहरी लांघते हुए भी वे, चंदन अक्षत उछाल देती हैं ह्य बाराबंकी से आए ओज के सशक्त हस्ताक्षर विनय सिंह ने पढ़ा कि ह्यउनसे कह दो चित्तौड़ दुर्ग गौरव रथ रुका नहीं अब तक, हिंदुत्व का भगवा केसरिया ध्वज अपना झुका नहीं अब तक, उनसे कह दो राणा सांगा जी हर हिंदू में जिंदा हैं, जो गद्दार कहे उनको उस धूर्त पर हम शर्मिंदा हैंह्य। बाराबंकी से ही पधारे ओज के सशक्त हस्ताक्षर सूर्यांश सूर्य ने देश प्रेम पर कविता पाठ करते हुए कहा कि ह्यदेश प्रेम क्या होता है, मैं तुम्हें बताने आया हूं, विश्व गुरु थे हम, मैं उनकी याद दिलाने आया हूं। भारत के टूटे सपनों की व्यथा सुनाने आया हूं,



सोने की चिड़िया को फिर से पंख लगाने आया हूं ह्य लखीमपुर से पधारे प्रसिद्ध व्यंग्यकार सुनीत वाजपेयी ने कहा कि ह्यबेवसी है किंतु बेचारा नहीं हूं, मुश्किलों से जंग में हारा नहीं हूं। बूंद भर चखते अगर तो ज्ञान होता, मैं समंदर हूं मगर खारा नहीं हूं ह्य वरिष्ठ कवि स्व. महेंद्र कुमार शास्त्री सरल के पौत्र मृत्युंजय वाजपेयी ने पढ़ा कि ह्यप्रबल अज्ञान के बंधन से हम स्वच्छन्द हो जाएं, सभी हो दूर हर दुख से सभी सानंद हो जाएं।

कृपा मां शारदे कर दो कि उर अज्ञान तम हर लो, हमें पुरुषार्थ दो ऐसा विवेकानंद हो जाएं ह्य कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे ओज एवं शौर्य के प्रसिद्ध हस्ताक्षर व्यंग्यकार राम किशोर तिवारी ने कविता पाठ करते हुए पढ़ा कि ह्यबंद ताला हुआ तो खुलेगा नहीं, संग में रंग कोई घुलेगा नहीं। अपने जीवन की चादर न मैली करो, इसके दागों को कोई धुलेगा नहीं ह्य तिलोई अमेठी से पधारे प्रसिद्ध गीतकार राज किशोर सिंह किशन ने महाराणा प्रताप का जीवन वृतांत सुनाते हुए पढ़ा कि ह्यराणा तो हारा कभी नहीं उन बरछी तीर कटारों से, राणा तो हार कभी नहीं उन मुगलों की तलवारों से, राणा तो हार कभी नहीं उन दुश्मन की ललकारों से, राणा तो हरा था केवल उन भारत के गद्दारों से ह्य हास्य व व्यंग्य के मधु श्रीवास्तव ह्यनरकंकालह्य ने कविता पाठ करते हुए पढ़ा कि ह्यकोई पानी बेचता है कोई खून बेचता है, कोई हवा बेचता है कोई बैलून बेचता है। अजीब देश है यहां एक प्रेमी, प्रेमिका की खातिर दातुन बेचता है ह्य गीतकार वागीश दिनकर ने पढ़ा कि ह्यजिंदगी की कहानी तुम्हारे लिए, और आंखों का पानी तुम्हारे लिए, साथ रहकर बटोरी जो हमने कभी, सारी खुशियां लूटनी तुम्हारे लिए ह्य कवि सम्मेलन का सफल संचालन कर रहे रायबरेली से पधारे नीरज पांडेय ने कवि की लेखनी को सार्थकता प्रदान करते हुए पढ़ा कि ह्यघनश्याम का लेकर नाम सदा, विष के हम जाम पिया करते हैं। हम लोग सिपाही हैं लेखनी के, मरने के भी बाद जिया करते हैं ह्य धाम प्रबंध समिति अध्यक्ष आरके वाजपेयी, शिवदास पुरवार, अशोक नाग, महराज सिंह, अशोक नाग सहित सभी पदाधिकारियों ने कवियों का सम्मान करते हुए उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। सम्मेलन का संचालन विभिन्न विधाओं व रसों के प्रसिद्ध कवि नीरज पाण्डेय ने किया। इस मौके पर पंकज सिंह गौर, विपिन राठौर, तरुण शुक्ल, भूपेंद्र दीक्षित, अंशुमान मिश्र, रंगनाथ त्रिपाठी, शिवम वर्मा, महंत हेमंत दास, अशेष ईशान, मयंक मिश्र, ज्ञानेश मिश्र, गोपीचंद्र रस्तोगी, सुरेंद्र शास्त्री, राजाराम जी, रमेश वर्मा, अतुल वर्मा, लवकेश गुप्त, रामकुमार गिरी, करुणाशंकर शुक्ल, राजेश जैन, विजय सिंह तोमर, विजय जायसवाल, दिनेश पाठक, भोलानाथ तिवारी, कमलेश वर्मा, शिवम विक्रांत, अवधराम मौर्य, अवधेश श्रीवास्तव, विनोद गुप्त, सत्यनारायण पोरवाल, नरेंद्र पाण्डेय, अशोक नाग, आशुतोष वाजपेयी अनल, राजीव श्रीवास्तव, लालता प्रसाद जायसवाल, शिवबालक वर्मा, मनोज तिवारी सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमियों ने देर रात तक चले कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

## मेला महोत्सव में आज

श्री संकटा देवी धाम परिसर में चल रहे मेला महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक मंच पर शुक्रवार को बच्चों द्वारा भावनृत्य प्रतियोगिता के फाइनल का आयोजन मां संकटा जी की आरती के पश्चात रात्रि आठ बजे से होगा। यह जानकारी मां संकटा देवी धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने दी

संक्षेप

## दुर्घटना में मौत का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरौदाडांग निवासी संदीप शर्मा ने तालबेहट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 6 अप्रैल को उसके पिता भरतदास उर्फ भरतराम गांव के शशि राजा ठाकुर के साथ मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 1272 से सवार होकर झांसी से अपने गांव बरौदाडांग आ रहे थे। सुबह करीब 8 बजे पवा सेनबोर्ड के पास वह पहुंचे ही थे कि तभी तालबेहट से झांसी की ओर तेज गति से आ रही पिकअप संख्या यू.पी.93 सी.टी. 6854 के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे शशिराजा व उसके पिता भरत राम गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना में शशि राजा की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसके पिता को पीछे से आ रहे राजा साहब पुत्र साहब सिंह व रोहित शर्मा पुत्र भगवत नारायण ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दबंगों से परेशान है पूरा परिवार

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र में दबंगों के आतंक से एक परिवार परेशान है। ग्राम अमौरा के दिलीप लुहार ने बताया कि 5 अप्रैल को गांव के कुछ दबंग लोग लाठी-डंडों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर दिलीप और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्होंने घर का बिजली मीटर भी तोड़ दिया। पीड़ित ने थाने में शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगले दिन भी दबंगों ने दंपति के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर पीड़ित परिवार अपना मकान छोड़कर खेत में रहने को मजबूर है। बुधवार को पीड़ित परिवार ने मुख्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने थाना बानपुर के एक उपनिरीक्षक पर आरोपियों की मदद करने का आरोप भी लगाया है।

## कम्पनी बाग में दूसरे दिन फिर मिला शव

**ललितपुर।** कोतवाली के सामने स्थित कम्पनी बाग में दूसरे दिन भी एक व्यक्ति की मौत हो गई, सूचना मिलने पर पुलिस विभाग के कर्मी मौके पर पहुँचे है, व शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली सदर से चंद कदमों की दूरी पर स्थित एक बुजुर्ग बीमारी के चलते कंपनी बाग आराम करने आया हुआ था, मृतक की पहचान के लिए उसका आधार कार्ड मिला कुछ दवाई के पर्चे मिले हैं, जिसमे मृतक का नाम नारायण सिंह उम्र 50 साल बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आपको बताते चले कि दो दिन में कंपनी बाग में दो मौते हो चुकी है, एक दिन पूर्व ही एक युवक का शव मिला था।

## जगन्नाथ जायसवाल का निधन

अयोध्या। महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक व जिले के प्रमुख व्यवसायी जगन्नाथ जायसवाल का लंबी बीमारी के बाद 70 वर्ष की आयु में लखनऊ में निर्धन हो गया।

उनके निधन, की सूचना पर मकबरा स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भी लगी रही। सरयू घाट अयोध्या में प्रातः 9:00 बजे हुआ। अंतिम संस्कार तीन पुत्रों में बड़े पुत्र गौरव जायसवाल ने मुखाग्नि दी।

# रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन करें: जिलाधिकारी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीते दिन कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय रेडक्रास सोसायटी की समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य कैंपो का आयोजन करें एंव प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित उनको प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने समिति को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी एक महत्वपूर्ण समाजसेवी संस्था है, जिसे क्रियाशील रह कर जनहित के कार्यक्रमों का आयोजन कर जनसामान्य को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में रेडक्रॉस सोसायटी को पूरी तरह क्रियाशील रहें और आमजन को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समर्पित और सेवा भाव के साथ कार्य करें। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए की रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य स्कूलों में जाकर बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें और विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य के प्रति उनको आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के समीक्षा के अवसर पर वहां भी मेडिकल हैल्थ कैंपों का आयोजन करें और आमजन को चिकित्सा सुविधा के अलावा अचानक हार्ट अटैक आदि की परिस्थिति में की जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा एवं सुरक्षा के उपायों की भी जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि जान बचाई जा सके।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जेल सहित जिले के विभिन्न शहरों में सामान्य एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया जिसमे मुक्त स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क दावों का वितरण भी किया गया इसके अलावा आई कैंपों का आयोजन कर आमजन की आंखों को चेकअप किया गया और उनको निशुल्क रूप से चश्मों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विगत वर्ष सोसाइटी की गतिविधियों एवं आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में की जाने वाली कार्य योजना के बारे में विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 मनोज सेन, डॉक्टर प्रभा रानी, उपायुक्त मनरेगा, टीकम सिंह सेंगर चेयरमैन, मीडिया प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह, रोबिन सिंह, भुवन चंद्र पांडे शूरवीर सिंह, योगेश पाल संबंधित अधिकारी एवं सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री उद्यम योजना के लाभार्थियों को बैंक दें ऋणः आयुक्त



**बांदा।** मुख्यमंत्री उद्यम विकास अभियान योजना की बैठक हुई। आयुक्त अजीत कुमार ने मंडल के मुख्य विकास अधिकारियों, लीड बैंक मैनेजरों, जोनल मैनेजर इंडियन बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आर्यावर्त बैंक तथा अन्य बैंकों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री उद्यम विकास अभियान योजना के तहत लोगों को लोन दिलाने के लिए बैंकों में लंबित आवेदनों का समन्वय कर शीघ्र ऋण दिलाए जाने की कार्रवाई करें। उन्होने निर्देश दिए कि योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता और युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए 5 लाख की धनराशि के ऋण की सुविधा 10 प्रतिशत मार्जन मनी अनुदान पर 4 वर्षों में ब्याजमुक्त ऋण दिया जाना है। उन्होने निर्देश दिए कि बैंक आवेदकों के आवेदन बिना किसी कारण के निरस्त नही करें और अधिक से अधिक लोगों को ऋण दें। उन्होने मुख्य विकास अधिकारियों को इसकी साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश दिए साथ ही सभी जनपदों में लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने ग्राम पंचायत सचिवों, कानूनगो, लेखपालों, बैंक मित्र और शहरी क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारियों को लोगों को योजना की जानकारी देने के साथ ऋण दिलाने में सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होने बैंकर्स को निर्देश दिए कि यदि किसी आवेदक के फार्म में किसी तरह की कमी हो तो उसे फार्मेट बनाकर प्रपत्र उपलब्ध कराने के लिए जानकारी दें और आवेदनों को पूरा कर ऋण की सुविधा दिलाएं। इसके लिए किसी बैंककर्मी को नामित करने के साथ सहायता के लिए नंबर भी उपलब्ध कराएं। उन्होने बैंकों में लंबित आवेदनों का निस्तारण शीघ्र करने और स्वीकृत आवेदनों में ऋण दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद कुमार, अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, चित्रकूट आदि है।

## गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण



**बांदा।** जनपद चित्रकूट के राजापुर स्थित गेहूं क्रय केन्द्र का आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया। केन्द्र प्रभारी रविकांत दुबे ने जानकारी दी कि 9 अप्रैल तक 3 किसानों से 84.50 क्विंटल गेहूं की खरीद की गयी है और 2 किसानों को भुगतान किया जा चुका है। आयुक्त अजीत कुमार ने निर्देश दिए कि किसानों के गेहूं का भुगतान समय से किया जाए। कहा कि केन्द्र प्रतिदिन प्रातः 8 से शाम 8 बजे तक खुलें तथा पेजयल, शौंचालय, किसानों के लिए बैठने की सुविधा और क्रय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिससे किसानों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में किसी भी तरह की लापरवाही जानकारी में आई तो अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त अजीत कुमार ने साफ शब्दों में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को पर्याप्त सुविधा एवं लाभ देना प्राथमिकता है और इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ बिसंडा का चुनाव संपन्न



**बांदा।** ब्लाक बिसंडा में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। निर्वाचन कराने के लिए जिला कार्यकारिणी से नामित चुनाव पर्यवेक्षक खालिद खान, ब्लाक अध्यक्ष बाबर, रविकिरण सैनी, पर्यवेक्षक और जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलापुरवा में चुनाव कराया गया। अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार श्रीवास, महामंत्री दशरथ प्रसाद, कोषाध्यक्ष पद पर सूर्यकांत द्विवेदी निर्वाचित किए गये। संगठन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। जिला उपाध्यक्ष आलोक यादव ने प्रमाणपत्र दिए। निर्वाचन में लगभग आधा सैकड़ा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। इस दौरान मुख्य रूप से इंद्रपाल विमल, अशोक श्रीवास, राजेश सोनी, रविकरन सैनी, आदित्य प्रकाश शुक्ल, मनोज वर्मा, रामकिशोर शुक्ल, शमीम खान, मनोहर लाल, मलखान सिंह, दशरथ आदि मौजूद रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिलामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने शुभकामनाएं दीं।

## एमआर पाशा ने एजाजअली हाल की नीलामी प्रक्रिया पर रोक लगाने को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव लोकसभा चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर एमआर पाशा ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ज्ञापन देते हुए बताया कि बिजनौर नगर के नगर पालिका प्रांगण के बराबर में एक एजाज अली हाल दो मंजिला भवन का निर्माण वर्ष 1934 में किया गया था। इस भवन निर्माण में तत्कालीन एक ईमानदार जिलाधिकारी एजाज अली की प्रेरणा से हुआ था। तत्कालीन जिलाधिकारी ने इन भवन निर्माण में 1750 रुपए का दान भी दिया था। इसके अलावा जिला बोर्ड ने भी एक हजार रुपए का दान दिया था। तत्कालीन जिलाधिकारी की पहल से प्रेरित होकर जनपद के प्रमुख समाजसेवियो, जमींदारों, ने भी चंदे की रकम से एजाज अली हॉल का निर्माण कराया था। इस भवन की जमीन का जिला पंचायत के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इस भवन में चंदा देने वालों के नाम दो पत्थर भी आज भी लगे हुए हैं। नगर पालिका ने इस भवन के निर्माण में कोई रकम नहीं खर्च की थी। एजाज अली हाल ऐतिहासिक पौराणिक निशानी है। इस भवन में जनपद के लोगों की यादें जुड़ी हैं इस पर नगर पालिका बिजनौर को तोड़ने का कोई हक नहीं है। नगर पालिका ने इस भवन को मूल्यांकन समिति से बिना जांच के नीलामी कर दी गई। साथी नीलामी में मिली भगत कर कम पैसे में ठेका छोड़ा गया। इस संबंध में नीलामी निरस्त कर इस धरोहर को संजोए जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन धरना प्रदर्शन तथा जिला बिजनौर के समस्त रोड जाम करने पर मजबूर होगा।

# भगवान महावीर पर नगर में नयनाभिराम शोभायात्रा देखने उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** सायंकाल सावरकर चैक से जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा शुरू हुई जिसमें व्यायामशाला के नवयुवक करतव दिखा रहे थे वहीं निशान ए खालसा पंजाब के कलाकारों की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। वीर व्यायामशाला के स्वयंसेवक जहां तरह

**● आकर्षक झांकियां निकली ,युवकों ने दिखाये करतब**

तरह के करतव दिखा रहे थे वहीं पंजाब के कलाकारों की प्रस्तुति अपने आप में अनूठी रही। महिला मण्डल प्रतिभा स्थली अभिभावक परिवार, गुफा मण्डल अभिनंदनोदय तीर्थ, चन्द्र प्रभु महिला मण्डल, नन्दा सुनंद महला मण्डल, जिनवाणी समूह महिला मण्डल गुरू आदर्श महिला मण्डल महिला जैन मिलन समेत अनेकों संगठनों ने भगवान महावीर के जीवन से संबंधित आकर्षक सजीव झांकियां लगाई। देवगढ मैनेजिंग दिगम्बर जैन कमेटी के तत्वावधान में जैन विरासत झांकी में देवगढ की प्राचीन प्रतिमाओं का चित्रण किया गया जो अपने आप में अनूठी रही। वीर सेवा संघ ललितपुर का धर्मचक का शोभायात्र.ा में प्रदर्शन धार्मिकता को दिखा रहा था।

स्थान स्थान पर शोभायात्रा के स्वागत में विभिन्न समाजिक संगठनों के साथ साथ भारतीय जनता पाटी, लायंस क्लव ग्रेटर, प्रेस क्लव ने अपने मण्डप लगाए और सौहार्द प्रदर्शित किया।

शोभायात्रा में झांसी ललितपुर के सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, प्रेस क्लव अध्यक्ष राजीव बबेले, वरिष्ठ नेता प्रदीप चैबे, धर्मेन्द गोस्वामी, अजयजैन साइकिल, नरेन्द्र कडंकी, बब्बूराज बुन्देला, महिला जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रावत, मनविन्दर कौर, रितू समाधिया, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, अजय पटैरिया, दीपक चैबे आदि का दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत खजुरिया, सौरभ जेन सीए, अक्षय अलया, कैप्टन राजकुमार, प्रतीक इमलया, राकेश जैन रिंकू ने परम्परागत स्वागत किया।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग सावरकर चैक से घंटाघर चैक, पानी की टंकी, से रावरपुरा चैबयाना होते हुए निकली जिसको अनुशासित करने में मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, आनंद जैन भाव नगर, अजित जैन गदयाना, मनोज जैन बबीना, मनीष जैन फोटो, शुभेन्दु मोदी, जितेन्द्र जैन राजू, सुवोध जैन सुनील जैन सर्राफ प्रमोद जैन पाय, वीरचंद सराफ, विकास सौरई अभय जैन कैलगुवा, राकेश जैन बछरावनी, विमल जैन पाय, डी0के0जैन आस्था पवन जैन बाबा , आनंद जैन संजय चैधरी राजेन्द्रकुमार जैन प्रदीप चैधरी जितेन्द्र जैन सतीश जैन बंटी, अनूप कैरू के अतिरिक्त संजीव जैन सीए, धन्यकुमार जैन सैदपुर, संजीव जेन लकी, प्रफलल्ल जैन दैलवारा का योगदान रहा।

## श्रद्धा और उत्साह से मनायी गयी भगवान महावीर जयंती



**बांदा।** जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह से मनाई गयी। शहर में गुरूवार को भव्य शोभा यात्रा निकली इसमें जैन समाज के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अतर्रा कस्बे में भी बड़े धूमधाम से भगवान महावीर की जयंती मनाई गयी। शोभा यात्रा की शुरूआत नरैनी रोड से हुई और बांदा रोड, स्टेशन रोड होती हुई जैन मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। मार्ग में भक्तिगीतों और नृत्य की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन, आशीष जैन व अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शोभा यात्रा के माध्यम से जैन समाज ने भगवान महावीर के सिद्धांतों, सत्य, अहिंसा और अपरिगृह का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। आयोजन के समापन पर जैन मंदिर में सामूहिक रूप से आरती हुई। महिला मंडलाध्यक्ष अराधना जैन और कोषाध्यक्ष सोनिया जैन ने शोभा यात्रा के दौरान प्रभु महावीर की आरती की। शोभा यात्रा में जैन धर्म के अलावा बड़ी संख्या में हिंदुओं ने भी भाग लिया।

## जन प्रतिनिधियों के प्रस्तावों का समय पर हो निस्तारण



**बांदा।** उत्तर प्रदेश विधानपरिषद की विधाई समाधिकार समिति के सभापति डॉ मानसिंह यादव के नेतृत्व में बांदा, महोबा एवं हमीरपुर के जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधाई समाधिकार समिति का उद्देश्य संवैधानिक नियमों का पालन कराते हुए अनेक समितियों से प्रस्तुत प्रस्तावों को धरातल पर क्रियान्वयन कराना है।

उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन विधानसभा एवं विधानपरिषद सदस्यों के चयनित प्रस्तावों एवं आवेदनों का निर्धारित समय में निस्तारण कराएं साथ ही अधिकारी उन प्रस्तावों पर की गयी कार्रवाई से जन प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराएं। उन्होने निमार्णाधीन परियोजनाओं एवं चल रहे कार्यों को तेज गति से पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा कि लक्षित जन प्रतिनिधियों की निर्माण परियोजनाओं को पूरा कराए जाने के बाद लोकार्पण के समय पट्टशिला पर जन प्रतिनिधियों का नाम अंकित किया जाए।

बैठक में बांदा, हमीरपुर एवं महोबा के जिला प्रशासन के विगत तीन वर्षों में जन प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के निस्तारण से समिति को अवगत कराया गया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समितियां लघु सदन के रूप में कार्य करती हैं जिनका उद्देश्य संविधान में प्रदत्त नियमों का धरातल में अनुपालन कराया जाना है। विधानसभा और विधानपरिषद दोनो में समितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सभापति के समक्ष जनपदवार राजस्व, ग्राम विकास, लोक निर्माण, गृह, ऊर्जा, आबकारी, सिंचाई, शिक्षा, पर्यटन, आवास, शहरी नियोजन, चिकित्सा विभाग व पंचायती राज विभाग ने जन प्रतिनिधियों के प्रस्तुत प्रस्तावों तथा पूर्ण किए गये कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में समिति के सदस्य, विधायी समाधिकार समिति के उप सचिव, समीक्षा अधिकारी, विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी मौजूद रहे।

## खनिज विभाग की अवैध खनन को लेकर बड़ी कार्यवाही



**ललितपुर।** अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला खनिज अधिकारी अमितोष वर्मा के रात्रि भ्रमण के दौरान महरौनी तहसील के मध्य प्रदेश की सीमा से सटे भदौरा ग्राम में अवैध खनन की सूचना मिली। मौके पर खनिज विभाग की टीम गांव के बाहर तालाब के किनारे खनन स्थल पर पहुंची।

एक जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली के द्वारा ग्राम सभा की जमीन पर बने तालाब के किनारे खनन किया जा रहा था। खनन कताओं द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसलिए खनन में प्रयुक्त जेसीबी और 03 महिंद्रा ट्रैक्टर ट्रॉली (यूपी 94वाई 6349, यूपी 94 एडी 4507,यूपी 94एसी 4955) को सोजना थाने में बंद करा दिया गया है। ट्रैक्टर ट्रॉली भदौरा निवासी तुलसी, दीपचंद्र के बताए जा रहे हैं, जबकि जेसीबी ग्राम खटोरा निवासी शनि राजा की बताई जा रही है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन पर अंकुश लगाने हेतु विभाग द्वारा लगातार छापेमारी के साथ सख्त कार्यवाही की जा रही है।

## भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजिका साध्वी पहुंची बिजनौर , किया पौधरोपण



**बिजनौर।** भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजिका साध्वी मां कल्पना अरुंधति का बिजनौर पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान साध्वी के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान चलाकर कण्व ऋषि आश्रम और विदुरकुटी में महात्मा विदुर आश्रम पर वृक्षारोपण किया गया। साध्वी मां कल्पना अरुंधति ने बीते दिन बिजनौर पहुंचकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि ऑक्सीजन के लिए पेड़ बहुत जरूरी हैं। जीवन को संभव बनाने में पेड़ों की भूमिका को समझाया। उन्होंने सुझाव दिया कि जन्म महोत्सव या समारोह में गिफ्ट के साथ एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। आरएसएस सदैव राष्ट के लिए कार्य करता है। साध्वी ने गौ रक्षा अभियान के बारे में लोगों को जागरूक किया और भारतीय सद्भावना मंच के प्रकोष्ठ के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने पुरानी टीम को निरस्त करके नवीन कार्यकारी टीम का गठन किया, जिसमें बृजनंदन चैहान को राष्ट्रीय सलाहकार, नूरजहां को उत्तर प्रदेश महासचिव (पर्यावरण प्रकोष्ठ), निशा राघव को उत्तर प्रदेश सहसंयोजक (पर्यावरण प्रकोष्ठ), तूफान सिंह को जिला सहसंयोजक (पर्यावरण प्रकोष्ठ), डॉक्टर बेगराज सिंह को मंडल संयोजक मुरादाबाद (पर्यावरण प्रकोष्ठ) मनोनीत किया गया।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों की निपुणता में ललितपुर का प्रदेश में चौथा स्थान

**ललितपुर।** निपुण आंकलन परीक्षा (नेट2024) में जनपद ललितपुर द्वारा प्रदेश में चतुर्थ रैंक प्राप्त होने से जनपद का नाम गौरवान्वित हुआ है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद

**● जनपद स्तर का सम्पूर्ण परीक्षाफल 94.96 प्रतिशत जनपद ललितपुर को हुआ प्राप्त**

ललितपुर में संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों का निपुण लक्ष्य, लर्निंग आउटकम पर आधारित नेट आकलन हेतु परीक्षा का आयोजन कराया गया था। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निदेर्शानुसार परीक्षापूर्व बच्चों को सतत अभ्यास के माध्यम से तैयारी कराकर निम्नांकित बिन्दुओं पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा परीक्षा का सफल आयोजन सम्पन्न कराया गया। जिसमें नेट परीक्षा में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु होम विजिट, सामुदायिक सहभागिता, विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक, रैली, भ्रमण, मुनादी, डुगडुगी कर अभिभावकों को परीक्षा एवं बच्चों को विद्यालय नियमित आने हेतु प्रचार-प्रसार कर प्रेरित किया गया। इसमें मीडिया अभूतपूर्व योगदान रहा।

नेट परीक्षा हेतु नियमित ओ0एम0आर0 शीट पर नियमित अभ्यास कराते हुये निरंतर मॉक टेस्ट द्वारा बच्चों को परीक्षा हेतु तैयारी करायी गयी। अभ्यास कार्य में पाई गई कमियों का निराकरण शिक्षण कार्य में रणनीति एवं अपेक्षित सुधार हेतु प्रयास किए गये। सम्बन्धित खण्ठ शिक्षा अधिकारियों, ए0आर0पी0, अध्यापकों तथा संकुल शिक्षकों को विद्यालयों में नेट परीक्षा में बच्चों शत-प्रशित उपस्थिति, नकल विहीन परीक्षा एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम अर्जित करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिये गये। उक्त निदेर्शों की लापरवाही करने तथा



वांछित परीक्षा परिणाम प्राप्त न होने की स्थिति में उत्तरदायित्व निर्धारित कर सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु सचेत किया गया।

परीक्षाओं की निर्धारित तिथियों को विद्यालयों में निपुण उत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें अधिकारियों, शिक्षकों, ए ए0आर0पी, संकुल तथा समस्त ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही और परीक्षा का सफल आयोजन कराकर प्रदेश में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त किये गये। जनपद ललितपुर में समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कुल नामांकित कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के 148313 बच्चों के सापेक्ष 141832 बच्चों द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा के कार्यालय द्वारा घोषित परिणाम में जनपद ललितपुर में 141832 बच्चों द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण की गयी। जिसका विवरण कमशः ए प्लस श्रेणी में 56.13 प्रतिशत, ए श्रेणी में 30.10 प्रतिशत, बी श्रेणी में 8.73 प्रतिशत, सी श्रेणी में 2.25 प्रतिशत, डी श्रेणी में 0.96 प्रतिशत, तथा ई श्रेणी में 1.83 प्रतिशत बच्चों ने श्रेणीवार स्थान प्राप्त किया। जनपद स्तर का सम्पूर्ण परीक्षाफल 94.96 प्रतिशत जनपद ललितपुर को प्राप्त हुआ।

## रेडियम कटर मशीन से हमला करने का आरोप

ललितपुर। मड़ावरा कस्बा में रहने वाले मधुर सोनी पुत्र प्रमोद कुमार सोनी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बुधवार को सुबह करीब 10 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी पड़ौसी दुकानदार भोले सोनी पुत्र रमेश सोनी, अजय सोनी पुत्र कैलाश सोनी, राम सोनी पुत्र सुधीर सोनी इत्यादि एकराय होकर आये और उसकी दुकान में घुसकर गालियां देते हुये धारदार रेडियम कटर से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना की जानकारी उसके चचेरे भाई विजय सोनी को दी तो वह आया तो उस पर भी उक्त लोगों ने रेडियम कटर मशीन से हमला कर दिया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों के बीच-बचाव करने पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पंजाबी सेवा कल्याण समिति का परिचय सम्मेलन संपन्न

**बरेली।** आज की भागम भाग जिंदगी के दौर में भी समाज के प्रति कुछ सामाजिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। इसी क्रम में मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर बारात घर में पंजाबी सेवा कल्याण समिति द्वारा पंजाबी वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि समिति के सदस्य सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आज बेटा या बेटी की शादी के लिए रिश्ता ढूंढना कठिन काम हो गया है। इस प्रकार के वैवाहिक परिचय सम्मेलन के द्वारा एक ही छत के नीचे विवाह योग्य युवक और युवतियों को जीवनसाथी की तलाश कम समय में पूरी हो सकती है। महापौर डॉक्टर उमेश गौतम ने समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की सभी सदस्य पूरी जिम्मेदारी के साथ समाज की भलाई का काम कर रहे हैं। विभिन्न जिलों से आए युवक युवतियों ने अपना जीवन साथी चुनने के लिए परिचय भी दिया। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार ने पंजाबी सेवा कल्याण समिति के सदस्यों को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

# राणा के गुनाहों का हिंसाब

यह सिर्फ एक आतंकी घटना भर नहीं थी। किसी देश के एक भी नागरिक की जान बहुत महत्वपूर्ण होती है। मुंबई पर हुए आतंकी हमले में 175 लोगों की मौत और 300 लोग घायल हुए थे लेकिन यह आंकड़ा भी 26/11 के हमले और इससे उत्पन्न दहशत को बयां करने के लिए काफी नहीं। दरअसल 26 नवंबर 2008 को आजाद भारत की तारीख में वह काला दिन है जब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, शांति प्रिय और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश के मान-सम्मान पर हमला था। यह हमारे अस्तित्व को चुनौती थी। इसलिए अगर मुंबई के गुनहगार बच निकलेंगे, चाहे वह आतंकी हों या पाकिस्तान की सेना और आईएसआई के मोहरे, तो यह भारत के लिए शर्म की बात होगी। महाशक्ति के रूप में उभरते भारत के 140 करोड़ लोगों के गाल पर तमाचा होगा। इसलिए देशवासियों को हर हाल में, किसी भी कीमत पर मुंबई के गुनहगारों का हिसाब सुनिश्चित करना चाहिए। चाहे आतंकियों को दूसरे देशों से पकड़कर लाना हो या वे जहां हैं वहीं खत्म करना पड़े, भारत को सब कुछ करना चाहिए। इतना ही नहीं जरूरत तो इस बात की भी है कि जिन लोगों ने मुंबई हमले का राजनीतिकरण किया। इसे आरएसएस का हमला बताया, पाकिस्तान को बचाने की कोशिश की उनकी भी पहचान और पकड़ सुनिश्चित करके जेल में डालना चाहिए। तहव्वुर राणा भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। दरअसल यह आतंकी पाकिस्तान के गुनाहों का शिलालेख है। अमरीका से प्रत्यर्पित कराकर भारत लाने में कानूनी पेचीदगियों की वजह से देर जरूर हुई है लेकिन मुंबई हमले में शामिल इस साजिशकर्ता के पकड़ में आने से बहुत सारे राज सामने आयेंगे। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी सेना में अफसर रहा है और इसने मुंबई में ऑफिस खोलकर डेविड कोलमैन हेडली को भारत में आने-जाने और हमले के लिए रेकी करने में मदद की। डेविड हेडली अमरीका में वायदा माफ गवाह बनकर जिंदगी बचने में सफल रहा और फिलहाल अमरीकी जेल में है। लेकिन हेडली को मदद करने वाले तहव्वुर राणा के पकड़ में आने से मुंबई हमले की साजिश की बहुत सी कड़ियां उजागर हो सकती हैं। राणा यह बता सकता है कि किसने उसे भारत में मदद की, किसने उसे ऑफिस दिलवाया, हेडली के भारत आने और रेकी करने में किस-किस ने मदद की। यही नहीं राणा से भारतीय एजेंसियों को यह भी पता चल पायेगा कि मुंबई हमले की साजिश पाकिस्तान में किसने रची। दरअसल हाफिज सईद, मसूद अजहर और जकीउर्रहमान लखवी जैसे आतंकी मोहरे हैं। इनकी इतनी हैसियत नहीं है कि ये भारत पर बिना पाकिस्तानी सेना की अनुमति और मदद के हमला कर सकें। इसलिए मुंबई हमले का असली सूत्रधार तो पाकिस्तानी सेना और आईएसआई ही है। हाफिज, मसूद और लखवी जैसे आतंकियों ने आईएसआई के मोहरे के तौर पर और उसकी स्क्रिप्ट पर काम करते हुए मुंबई हमले को अंजाम दिया। तहव्वुर राणा, डेविड हेडली, अबु जिंदाल जैसे आतंकियों ने रेकी की और आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट किया। समुद्र के रास्ते मुंबई में घुसकर ताज होटल, ओबेरॉय होटल, सीएसटी मेट्रो सिनेमा, नरीमन हाउस और लियो पोल्ड कैफे जैसी जगहों पर हमला करने वाले सभी दस आतंकी मारे जा चुके हैं। नौ आतंकी हमले के दौरान सुरक्षाकर्मियों की बंदूकों से मारे गये। पकड़ में आये एकमात्र आतंकी कसाब को 21 नवंबर 2012 को फांसी दी गयी। इस तरह सीधे हमला करने वाले मारे जा चुके हैं। अब बचे हैं इसके मास्टर माइंड, साजिशकर्ता और उनको सहयोग करने वाले। तहव्वुर राणा ने हमले वाली जगहों की रेकी करने वाले हेडली की मदद की है। इस अपराध के लिए जो भी सजा तय होगी वह जरूर राणा को मिलेगी। हालांकि देशवासी राणा को लेकर बहुत प्रतीक्षा और लंबी अदालती प्रक्रिया नहीं चाहते हैं लेकिन अमरीका के साथ संधि की शर्तों और तहव्वुर राणा के सीने में जमा मुंबई हमले के हरेक राज को निकालने में समय लगेगा। इसलिए किसी तरह जल्दबाजी की जरूरत नहीं है। सारे राज उगलवा कर ही राणा का हिसाब करना चाहिए।



**तहव्वुर राणा से पूछताछ कर साजिश की तह में जाकर एक एक आतंकी व साजिशकर्ता का पूरा हिंसाब करना चाहिए।**

विचार

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

# गवर्नर के अधिकार पर ऐतिहासिक फैसला

नरेंद्र शर्मा

**अनु. 200 के तहत विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल के पास भेजना जरूरी है और तब राज्यपाल के पास चार विकल्प होते हैं- 1. विधेयक को मंजूरी दे दें, 2. विधेयक को मंजूरी न दें, 3. विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दें।4. विधेयक को पुनःविचार के लिए विधानसभा को लौटा दें।**

राज्यपाल बनाम राज्य पुरानी कहानी है। एक दौर था, जब राज्यपाल की खेल-पुस्तिका में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश प्रमुख पैंतरा हुआ करता था। अब राज्यपालों द्वारा विपक्ष शासित राज्यों मसलन- तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, पंजाब, पश्चिम बंगाल आदि में विधेयकों पर बैठ जाना, विधानसभा सत्र बुलाने से इंकार कर देना और वाइस चांसलरों की नियुक्तियों को ठुकरा देना वगैरह अधिक आम बातें हो गईं हैं। मसलन नवम्बर 2023 में सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित के खिलाफ पंजाब की शिकायत से सहमत था, जिन्होंने चार विधेयकों की मंजूरी को रोक लिया था। इससे तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को सबक ले लेना चाहिए था और विधेयकों को मंजूरी दे देनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने विधेयकों को राष्ट्रपति के पाले में उछाल दिया। नतीजतन सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल 2025 को उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनकी कार्यवाही 'गलत और अवैध' थी। दरअसल, विपक्ष द्वारा शासित राज्यों में राज्यपाल अपने आप में कानून नहीं हो सकते। सुप्रीम कोर्ट ने इस तथ्य को पूर्णतः स्पष्ट कर दिया, राज्यपाल रवि के खिलाफ सख्त शब्दों में असाधारण और अपने किस्म का पहला फैसला सुनाते हुए।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने जिन 10 विधेयकों को रोका हुआ था, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद स्वीकृत माना जायेगा। ऐसा पहली बार हुआ है। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने या ठुकराने के लिए समय सीमा भी निर्धारित की है। अब राजभवनों को राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर फैसला निर्धारित समय सीमा के भीतर करना होगा ताकि जो कुछ तमिलनाडु में हुआ, वह अन्य राज्यों में न हो सके। रवि ने एक विधेयक को तो जनवरी 2020 से रोका हुआ था। रवि ने जिन विधेयकों को रोका हुआ था, उनसे तमिलनाडु के उच्च शिक्षा संस्थानों पर केंद्र की पकड़ ढीली पड़ रही थी, जिनमें वाइस चांसलरों को नियुक्त करने का अधिकार भी शामिल था। जाहिर है राज्यपाल 'फ्रेंड, फिलोस्फर एंड गाइड' की भूमिका में न थे (जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के शब्दों में उन्हें होना चाहिए था) बल्कि वह केंद्र के लिए काम करते हुए प्रतीत हो रहे थे न्यायाधीश



जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश आर महादेवन की खंडपीठ का फैसला सभी राज्यपालों (विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों के राज्यपालों) पर लागू होता है और इससे एक संवैधानिक अस्पष्टता पर भी विराम लगता है।

चिंतन

संविधान में यह तो था कि एक राज्यपाल को 'जितना जल्दी संभव हो सके' विधेयक पर फैसला ले लेना चाहिए, लेकिन इसके लिए कोई समय निर्धारित न था, इसलिए राज्यपाल महीनों बल्कि कुछ मामलों में तो वर्षों विधेयक पर फैसले को रोके रखते थे, जबकि विधानसभा द्वारा पारित विधेयक राज्यपाल की मंजूरी के बाद ही कानून बन सकता है सुप्रीम कोर्ट ने इस खालीपन को भरते हुए कहा है कि राज्यपालों को एक माह की समय सीमा के भीतर विधेयकों को मंजूरी देनी होगी संविधान के अनुच्छेद 200 के शब्दों (जितनी जल्दी संभव हो सके) की अस्पष्टता को दूर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को अधिकतम तीन माह के भीतर विधेयक को पुनःविचार के लिए विधानसभा के पास वापस भेजना होगा या राष्ट्रपति के पास भेजना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी विधेयक पर विधानसभा पुनःविचार करके राज्यपाल के पास भेजती है तो राज्यपाल के पास कोई विकल्प नहीं है सिवाय इसके कि वह उसे मंजूरी दे। लेकिन रवि ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का तनिक भी सम्मान नहीं किया और विधानसभा द्वारा पुनःविचार के बाद भेज गये विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया। संविधान उन्हें 'पूर्ण वीटो' या 'पॉकेट वीटो' का अधिकार नहीं देता है कि वह अनिश्चितकाल तक विधेयकों को रोके रखें। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सभी राज्यों के लिए ऐतिहासिक जीत है और राज्य के प्रशासनिक काम काज में अनावश्यक दखलंदाजी करने वाले राज्यपालों के लिए सख्त चेतावनी भी है, लेकिन इससे किसी भी सूरत में राज्यपाल के दफ्तर की गरिमा कम नहीं होती है, हां, चुनी हुई विधानसभा की श्रेष्ठता अवश्य स्थापित होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'राज्य विधानसभा के सदस्यों को राज्य के लोगों ने चुना है। लोकतांत्रिक नतीजे के फलस्वरूप वह जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं।' अदालत के अनुसार, राज्यपाल के पास 'पॉकेट वीटो' का अधिकार नहीं है (और यह बात केवल रवि पर नहीं बल्कि सभी राज्यपालों पर लागू होती है), इसलिए उसने जो संवैधानिक शपथ ली है उसकी पवित्रता से गाइड होना है न कि 'राजनीतिक सुविधा के विचारों' से दरअसल, समस्या केवल तमिलनाडु तक ही सीमित नहीं थी। अन्य राज्यों में भी इसी किस्म के गतिरोध बने हुए थे पुदुच्चेरी में भी लेफ्टिनेंट-गवर्नर और विधानसभा के बीच टकराव था। तेलंगाना, पंजाब व केरल के राज्यपालों का मामला भी अदालत में पहुंचा कि वह लम्बित पड़े विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे थे विधेयकों को लम्बे समय तक रोके रखने से यह धारणा बन गई कि राज्यपालों की राजनीतिक सक्रियता लेजिस्लेटिव प्रक्रिया को बाधित कर रही है और यह राज भवन की गरिमा के अनुरूप नहीं है। जाहिर है कि इससे लोकतांत्रिक तौर पर चुनी गई सरकारों को काम करने में दिक्कतें आ रही थीं। गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद 153 के तहत हर राज्य में राष्ट्रपति द्वारा एक राज्यपाल नियुक्त किया जाता है। अनुच्छेद 154 के तहत राज्यपाल के ऑफिस के पास एग्जीक्यूटिव पॉवर्स होती हैं। अनुच्छेद 163(1) के अनुसार राज्यपाल के कार्य व शक्तियां परिगत हैं, जिसका अर्थ है कि उन्हें अपने मंत्रिमंडल के सहयोग व सलाह से ही काम करना होगा। इससे जाहिर है कि राज्यपाल जो अपने 'विवेक' से कार्य करते हैं वह भी संवैधानिक नियमों द्वारा बंधा हुआ है। हालांकि विधेयक के लिए कानून बनने हेतु राज्यपाल (या राष्ट्रपति) की मंजूरी आवश्यक है, लेकिन 1974 के शमशेर सिंह बनाम पंजाब राज्य में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि राज्यपाल केवल संवैधानिक प्रमुख हैं, राज्य की एग्जीक्यूटिव पॉवर्स वास्तव में मंत्रिमंडल द्वारा लागू की जाती हैं। अनुच्छेद 200 के तहत विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राज्यपाल के पास भेजना जरूरी होता है और तब राज्यपाल के पास चार विकल्प होते हैं 1. विधेयक को मंजूरी दे दें, 2. विधेयक को मंजूरी न दें, 3. विधेयक को राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दें और 4. विधेयक को पुनःविचार के लिए विधानसभा को लौटा दें। इस अनुच्छेद को भारत सरकार का कानून 1935 के सेक्शन 75 पर मॉडल किया गया है जो इन चारों विकल्पों में से किसी एक के भी चयन के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं करता है।

शायद संविधान निमार्ताओं ने कल्पना की थी कि योग्य व निष्पक्ष व्यक्ति ही राजभवन में जायेंगे और वह बिना पक्षपात के संविधान की भावना के अनुरूप कार्य करेंगे। समय के साथ राज्यपाल के अराजनीतिक होने की कल्पना गलत साबित हुई इसलिए सरकारिया कमीशन (1987), एमएम पंछी कमीशन (2010) आदि सभी ने राज्यपालों द्वारा विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा निर्धारित करने की सिफारिश की। इन सिफारिशों पर संसद को अमल करना चाहिए था, लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर सुप्रीम कोर्ट को अमल करना पड़ा इसलिए यह ऐतिहासिक फैसला स्वागतयोग्य है।

सोशल मीडिया

संसद में वक्फ़ बिल पर सत्ता व विपक्ष को सुनने के बाद निष्कर्ष निकलता है कि सरकार संदेह दूर करने व बिल को समझने के लिए कुछ समय और जनता को देती, तो यह बेहतर होता। मायावती.



बिजली के निजीकरण के पीछे भाजपा का बड़ी कंपनियों से सीधे एक मुश्त चंदा लेने का लालच काम कर रहा है, भाजपा कर्मचारियों की नौकरियां निगल लेगी। अखिलेश यादव.



कानपुर के नौबस्ता स्थिति आकर्षक गेस्ट हाउस में भाजपा द्वारा आयोजित चौपाल में शामिल हो पदाधिकारियों और देवतुल्य पार्टी कार्य कर्ताओं को संबोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य.



# अनीति के विरुद्ध

अवांछनीय आदतें कष्ट का कारण बनती हैं। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

अंतर्दृष्टि

# पुराने भूत बहुत भोले थे

व्यंग्यलोक


भूत विश्वविद्यालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि पुराने भूत बहुत भोले होते थे। वे खंडहर, टूटी हवेली, नई कोठी, श्मशान घाट अथवा सड़क किनारे अंधे कुएं में रहते थे। नये भूत किसी विश्वविद्यालय, कोचिंग सेंटर, ऑफिस, सचिवालय आदि में घूमते नजर आते हैं। पुराने भूत किसी पेड़ की डाली पर उल्टे लटके रहते थे। वे हर किसी को दिखते तक नहीं थे। बेचारों के पास रहने को ढंग की कोई जगह भी नहीं थी! अभी वाले भूत मंडल, निकाय, बोर्ड, अकादमी, निगम, आयोग आदि के अध्यक्ष बनकर शासन सचिवालय को अपने कंधों पर उल्टा लटकाए रखते हैं। पुराने भूतों के पास कुछ नहीं हुआ करता था। वे बेचारे कंगले गरीब टाइप के भूत हुआ करते थे। जब उनको भगाया जाता, तो उनके पास सिवाय लंगोटी के कुछ नहीं हुआ करता था। इसलिए कहा जाता कि भागते भूत की लंगोटी ही सही। लेकिन आजकल के भूत भगाने वाले की लंगोटी तक खुलवा डालते हैं। पुराने भूत डर के मारे भाग जाया करते थे, लेकिन ये नये भूत डराने के लिए कई तरह की यात्राएं निकालते हैं। नये भूत जाति, धर्म, संप्रदाय आदि के सींगों से पब्लिक को खदेड़ रहे हैं। पहले की भूत बिरादरी बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करती थी। भूत शास्त्र के नियमों पर चलती थी। किसी के रास्ते चलने पर कोई भी भूत कुछ भी नहीं कहता था। अभी वाले भूत सही रास्ते चलने वाले की अकल ठिकाने लगा देते हैं। ये न केवल उसे मारते-पीटते बल्कि उसका मर्डर भी कर देते हैं। कुर्सी की ताकत वाले भूत तो सबसे खतरनाक दिखाई दे रहे हैं। कुर्सी के बल पर ये चांद तारे सूरज को भी गायब करने की हिम्मत रखते हैं।



रामविलास जॉगिड़

भूत शास्त्र में कहा गया है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। लेकिन अब मामला बिल्कुल उल्टा हो गया है। आजकल लातों के भूतों को बातों से ही मनाना पड़ता है। लात लगाने से काम नहीं बनता है। इसलिए बातें ही की जाती हैं। बात करने पर ही अच्छे-अच्छे भूत सीधे होते नजर आए हैं। बातों की कलाकारी को कूटनीति कहा जाता है। घर से लेकर विदेश नीति सब जगह यही नीति पसरी है। यही कूटनीति झूठनीति का मूल आधार होती है। सबसे ज्यादा खतरनाक घर का भूत होता है। घर के भूत को सब कुछ अता-पता रहता है। घर का भूत बीस पीढ़ी के नाम, पते, ठिकाने दे देता है। इसलिए भूतिया शास्त्रों में घर के भूत से डरने की सलाह दी गयी है। कहा गया है कि हर घर में कोई न कोई औरत होनी ही चाहिए। औरत मतलब पत्नी! पत्नी घर में झगड़ती ही रहती है। लेकिन वह नहीं होने से घर भूतों का डेरा कहलाता है। मतलब है कि घर में महिला नहीं हो तो भूत रहते हैं।

# ट्रू कॉलर के दौर में भय की पर्याय बनी होक्स काल



प्रतिबिंब

एन.के.अरोड़ा

बीते साल 17 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2024 के दौरान 24 घंटों में देशभर से 9 विमानों को उड़ा देने की होक्स कॉल यानी झूठी फोन कॉल्स आयीं। आने वाली ऐसी झूठी और डरावनी फोन कॉल्स को अगर पिछले दो महीने की अवधि के आईने में देखा जाए तो कम से कम 70 ऐसी कॉल्स आयीं हैं, इनमें से कई कॉल्स तो तब आयीं, जब संबंधित फ्लाइट अभी उड़ी नहीं थी बल्कि हवाई अड्डे में ही खड़ी थी। लेकिन कई ऐसी कॉल्स भी आयीं, जो उन हवाई जहाजों से संबंधित थीं, जो जमीन से उड़ान भर चुके थे और उस समय हवा में थे। अचानक आयीं इन होक्स कॉल की बाढ़ से न सिर्फ हजारों यात्री, उनके घर वाले, उनसे जुड़े लोग, परेशान हुए हैं बल्कि दूसरे ऐसे लोग भी दहशत से भर गये हैं जो उस समय न तो फ्लाइट में थे और न ही एयरपोर्ट में, लेकिन अकसर हवाई यात्रा करते रहते हैं। इन होक्स कॉल के कारण हवाई अड्डों में सैकड़ों घंटे अफरा तफरी मची रही। यही नहीं इन होक्स कॉल के कारण सिर्फ एक महीने के भीतर ही कई हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

जी हां, कई हजार करोड़ रुपये, क्योंकि अगर कोई हवाई जहाज उड़ान भर चुका हो और इस दौरान आयी होक्स कॉल के कारण उसे हवा से वापस जमीन पर बुलाया जाए तो इस सबमें औसतन 3 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। लेकिन इस खर्च के बारे में तो हिसाब बाद में लगाएंगे, सबसे पहले इस बात पर विचार करना जरूरी है कि इस डिजिटल और जीपीएस के दौर में जब आसानी से पता चलता जाता है कि कॉल करने वाला कोई व्यक्ति कहां से कॉल कर रहा है? आखिर पहचान की ऐसी ट्रांसपेरेंसी के दौर में भी कोई किसी को झूठी या डरावनी कॉल करके कैसे डरा सकता है? वो कौन सा तरीका है जो झूठी कॉल करने वाले को ऐसा करते हुए जरा भी डरने नहीं देता? वास्तव में आसानी से आइडेंटी उजागर होने वाले इस दौर में भी अगर लगातार होक्स कॉल आने का सिलसिला न सिर्फ बना हुआ है बल्कि बढ़ रहा है, तो इसका कारण वही तकनीक है, जिसके जरिये हम यह सोचते हैं कि झूठी कॉल करने वाले की पहचान बहुत आसान है, इससे उसे डरना चाहिए। मगर हकीकत यह है कि जो तकनीक पहचान को आसानी से उजागर करने में माहिर है, उसी तकनीक के पास कुछ ऐसे रास्ते भी हैं, जिनकी बदौलत इस ट्रू कॉलर के दौर में भी अपराधी डरावनी कॉल करने के बाद भी छिपे रहते हैं और अपनी इस कृत्य से लोगों को बार बार डराते हैं।

भले तकनीक के एक पहलू के चलते आज कहीं से भी कॉल करने की पहचान करनी आसान हो गई हो, लेकिन उसी तकनीकी की बदौलत इस व्यवस्था में कुछ ऐसे चोर दरवाजे निकाल लिए गए हैं, जिनका इस्तेमाल करके डरावनी कॉल करने वाले लोग आसानी से अपने को छिपा लेते हैं, इसलिए इस दौर में भी ऐसे लोग निडर हो गये हैं। ट्रू कॉलर के इस दौर में भी अगर अपराधी झूठी कॉल करके लोगों को दहशत में डाल देते हैं तो इसके पीछे एक ऐसी तकनीकी चालाकी मौजूद है, जिसे स्पूफिंग तकनीक कहते हैं। इसके बदौलत अपराधी कॉल्स आसानी से अपनी पहचान छिपा लेते हैं। दरअसल वे स्पूफिंग का इस्तेमाल करके किसी दूसरे नंबर का उपयोग करते हैं। कुल मिलाकर जिस नंबर से वह कॉल कर रहे होते हैं, वह प्रदर्शित नहीं होता बल्कि पहचान बताने के तौर पर एक फर्जी नाम और नंबर प्रदर्शित होता है। कहने का मतलब जो नंबर पहचान के तौर पर फ्लैश होता है, वह किसी ऐसे मासूम व्यक्ति का होता है, जिसे दूर दूर तक इस सबका पता ही नहीं होता। पुलिस जब जिस कॉल से फर्जी कॉल आयी होती है, वहां पहुंचती है तो पता चलता है कि उस व्यक्ति ने तो ऐसी कॉल की ही नहीं। उसका तो किसी अपराधी ने महज इस्तेमाल कर लिया था। वास्तव में ऐसा कई तकनीकी एप्स के जरिये संभव होता है। दरअसल कई ऐसे एप्स हैं, जो लोगों को अपनी पहचान छुपाने की अनुमति देते हैं। ये सेवाएं किसी भी कॉल्स को अनाम बनाकर लोगों को डराने और भ्रमित करने का मौका देती हैं। हालांकि ऐसी सेवाओं और ऐसे एप्स के विरूद्ध अकसर पुलिस एक्शन लेते दिखती है, लेकिन इस मामले में अपराधी और अपराधों पर नियंत्रण रखने वाली पुलिस के बीच चूहा बिल्ली की दौड़ लगी रहती है। जब तक पुलिस या अपराधों पर नियंत्रण रखने वाली एजेंसियां ऐसी आइडीज की काट ढूंढ़ती हैं, तब तक अपराधी प्रवृत्ति के लोग कोई नया ही रास्ता ढूढ़ लेते हैं और इस तरह डरावनी कॉल्स या होक्स कॉल का सिलसिला बना रहता है।

## आपकी बात

### असंगठित श्रमिकों की दशा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी अपना कुछ कंट्रीब्यूशन एक सीमा तक बढ़ाये और जब साठ साल पर पेंशन की पात्रता मिले तो पेंशन की राशि इतनी हो जो तीन हजार रुपये की वर्तमान वैल्यू के बराबर हो जाये। उसके साथ हर साल इन्फ्लेशन के हिसाब से पेंशन राशि बढ़ती जाये। इससे जहां एक तरफ पेंशन राशि से मिलने वाली सेवाओं एवं वस्तुओं की मात्रा एवं वैल्यू पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा वहीं दूसरी तरफ श्रमिक धीरे-धीरे आराम से अपना कंट्रीब्यूशन बढ़ाकर बचत भी बढ़ा सकेंगे। कोई भी योजना जब शुरू होती है तो उसमें अनेक खामियां होती हैं और उसमें सुधार के प्रयास होते रहने चाहिए। फिलहाल इस योजना का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि सरकार ने ऐसे श्रमिकों के बारे में सोचा जिनको अभी किसी भी तरह की पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि सरकार एक व्यापक पेंशन आधारित समाज का निर्माण करना चाहती। श्रम योगी मानधन, किसान मानधन, कर्मयोगी मानधन जैसी योजनाओं के जरिए सरकार उन लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का प्रयास कर रही है जो किसी संगठित योजना के दायरे में नहीं हैं। यह अच्छी पहल है लेकिन इससे सबको जोड़ना चाहिए ताकि एक व्यापक पेंशन भोगी समाज बने और सबको सामाजिक आर्थिक सुरक्षा सरकार से मिलता रहे।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### जरूरी है पर्यावरण संरक्षण

पर्यावरण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जबकि इस दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रदूषण शहरों के लिए कितना खतरनाक बन गया है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अत्यधिक प्रदूषण वाले शहरों के नागरिकों की औसत आयु चार से छह वर्ष तक प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण कम हो गयी है। वायु प्रदूषण हर साल बड़ा संकट बनकर वर्षात के बाद आता है। यह सिलसिला हर साल बरसात के बाद शुरू होते हैं और फरवरी के आखिर तक बना रहता है। सर्दियों के दौरान हर साल उत्तर भारत के शहरों की आबोहवा विषैली हो जाती है, लोग बीमार पड़ने लगते हैं, बुजुर्गों व दमा रोगियों के लिए तो किसी आपदा जैसी होती है, लेकिन जो लोग स्वस्थ हैं वे भी धीरे-धीरे जहरीली हवा की चपेट में आकर बीमार होने को मजबूर हैं। सरकारों की नीति भी ऐसी है कि निकट भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आयेगा ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। इसलिए पर्यावरण के मुद्दे पर ठोस पहल की जरूरत है ताकि जलवायु परिवर्तन के संकट से निबटा जा सके।

**देवेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## कुमारगंज में 30 लाख की लागत से बनेंगी नयी दुकानें

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगरपंचायत कुमारगंज में स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों के हित में एक बड़ी पहल की घोषणा अध्यक्ष विकास सिंह ने की है। मुख्यमंत्री नगर वैश्विक विकास योजना के तहत 30 लाख रुपये की लागत से दुकानों का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। इन दुकानों में बिजली और पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी जिससे व्यापारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह प्रोजेक्ट क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा, ह्हमारा मकसद है कि स्थानीय व्यापारियों को एक व्यवस्थित और सुविधाजनक स्थान मिले, जहां वे अपने व्यवसाय को आसानी से संचालित कर सकें। इसके साथ ही, इन दुकानों से नगरपंचायत की आय में भी वृद्धि होगीऔर विकास कार्यों में किया जाएगा।

# सरकार ने भारतीय संस्कृति व परंपरा के साथ विकास को जोड़ाः वेद गुप्ता




अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाए जा रहे स्थापना दिवस समारोह में जिले की सभी विधान सभाओं में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित हुआ। गुरुवार को अयोध्या विधान सभा का सम्मेलन देवकाली स्थित एक गेस्ट हाउस व मिल्कीपुर विधानसभा का सम्मेलन कोटवाधाम शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान इनायत नगर में हुआ। अयोध्या विधान सभा के

**● अयोध्या विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का आयोजित हुआ सम्मेलन**

सम्मेलन में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में भारतीय संस्कृति तथा परम्परा के साथ विकास को जोड़ा गया है। देश व प्रदेश ने असीमित उपलब्धियों का साक्षात्कार किया है। धारा 370 का निरस्तीकरण, अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण, तीन तलाक के खिलाफ कानून, नागरिकता संसोधन कानून, नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी कई उपलब्धियां है जो इतिहास में स्वर्णाक्षरां में अंकित रहेगी। सरकार ने प्रदेश में अपराधियों व माफियाओं पर जीरा टालरेंस की नीति से काम किया है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा संगठन देश हित सर्वोपरि के सिद्धान्त पर कार्य करता है। अपने स्थापना काल से पार्टी ने विपरीत परिस्थितियों में अपने विचारों से कभी भी समझौता नही किया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा सरकार ने हजारों करोड़ की योजनाओं से अयोध्या का विकास किया है। रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि कार्यकताओं के सर्मपण से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की नीतियों ने विकासवाद को राजनीति के केन्द्र में ला दिया है। पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि देश हित सर्वोपरि के सिद्धान्त को आत्सात कर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता निरंतर समाज के हित में कार्य करता है। संचालन हरभजन गौड़ ने किया। मौके पर शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, डॉ राकेश मणि त्रिपाठी, अमल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, बाल कृष्ण वैश्य, कपिल देव वर्मा, ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, काशीराम रावत सहित विधान सभा के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# रक्तदान का कोई विकल्प नहींः डॉ. मनीष राय

अयोध्या। होम्योपैथिक चिकित्सा के जनक डॉ सेमुअल हैनीमैन के जन्मदिन व विश्व होम्योपैथिक दिवस पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय गुप्ता उपस्थित रहे जिन्होंने रिबन काट कर शिविर का शुभारम्भ किया। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, अयोध्या इकाई के सचिव डॉ धर्मेन्द्र सिंह, होम्योपैथिक चिकित्सा विकास महासंघ के महासचिव डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विनोद मिश्रा, व डॉ अखिल मिश्रा ने हैनी मैन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके उपलब्धियों व संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा को जन जन तक पहुंचाने का दायित्व चिकित्सको पर है, यही डॉ हैनीमैन को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रक्तदान शिविर के मुख्य संयोजक डॉ मनीष राय कहा कि होम्योपैथिक सरल, सुलभ व प्रभावशाली चिकित्सा पद्धति है और रक्तदान का कोई विकल्प नही है। रक्तदान सबसे पुनीत व महादान है लिहाजा युवाओ को समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। संस्था के संरक्षक व समाज सेवी राजेश चैबे ने कहा कि अयोध्या जिले में किसी का मौत खून के अभाव में न हो इसी उद्देश्य को लेकर संस्था रक्तदान पर निरंतर कार्य कर रही है।

संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि संस्था द्वारा अभी तक दस हजार से ज्यादा मरीजों को ब्लड मुहैया कराया गया है और पिछले छ सालों में अयोध्या जिले में सर्वाधिक रक्तदान कराने का रिकार्ड भी इसी संस्था के नाम से दर्ज है। इस मौके पर आरक्षी मो अहद, इंद्र प्रीत सिंह वेदी, सचिन शुक्ला, ममता खत्री, अनिल सिंह, विष्णु पाण्डेय, प्रभाकर मौर्य व अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। रक्तदान करने वालों में चिकित्सक डॉ मनीष राय, पूरेन्द्र सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, आयुष शुक्ला, हरिनाथ सिंह, अमन, मुन्ना लाल, हेम चंद रवि कुमार, सूरज चैहान व अन्य लोग रहे। ?सभी रक्तदाताओ को प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र व पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे देकर सम्मानित किया गया।

## अनियमिततता पाये जाने पर एआरटीओ और टीआई ने किये 12 ई-रिक्शा सीज



बाराबंकी। बिना फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ परिवहन विभाग का धड़पकड़ अभियान जारी है। हाइवे समेत विभिन्न मार्गों पर फर्राटा भरने वाले ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध 1 से 30 अप्रैल तक विशेष सघन चेकिंग अभियान के अन्तर्गत विभाग द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही के दौरान वाहन संचालको मे हडकम्प मचा रहा। आज बृहस्पतिवार को लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने 12 ई-रिक्शा-ऑटो की जांच करते हुये अनियमितता पाये जाने पर थाना मोहम्मदपुर चैकी पर निरुद्ध किया। तथा आधा दर्जन के अन्य अभियोग मे चालान किये।

## रामकिशन राणा बने नगर कोतवाल

बाराबंकी। विशेष जांच प्रकोष्ठ प्रभारी पद पर तैनात रहे निरीक्षक राम किशन राणा को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार की देर रात प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर का प्रभार सौंपा है। यहां तैनात रहे निरीक्षक अमित प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक श्री राणा ने देर रात कोतवाली नगर का प्रभार ग्रहण कर अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिए। इसी के साथ बृहस्पतिवार की सुबह सभी उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर क्राइम कंट्रोल की दिशा में कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। संवाददाता द्वारा नवागत प्रभारी निरीक्षक से कोतवाली आने वाले पीड़ितो को न्याय व उनकी समस्याओ के सम्बन्ध मे बात करने पर उनका कहना था कि वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश के क्रम में कार्य करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय मिले इस दिशा पर कार्य किया जाएगा। मित्र पुलिस के दावे बखूबी साबित होंगे।

# सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव बने शावेज जाफरी

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के नेता शावेज जाफरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल द्वारा अधिवक्ता सभा समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। शावेज जाफरी समाजवादी पार्टी में पूर्व में जिला व प्रदेश के पदाधिकारी रहे है। इस मनोनयन पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारीगण, अधिवक्तागण ा, और कार्यकताओं द्वारा हर्ष व्यक्त किया और बधाई भी दी। जाफरी के समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत होने पर सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मिया, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, फिरोज खान गब्बर, प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडे, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, बलराम मौर्य, बख्तियार खान, लीलावती कुशवाहा, हीरालाल यादव, श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, हामिद जाफर मीसम, दान बहादुर सिंह, सिराज अहमद प्रदेश सचिव, चैधरी बलराम यादव, रामजी पाल, जेपी यादव, एजाज अहमद, ओपी पासवान, ललित यादव, मोहलीम पप्पू, जय सिंह यादव, अलाउद्दीन खान, अपर्णा जायसवाल, बाबूराम गौड, अंसार अहमद बबन अधिवक्तागणों में, लाल बहादुर, शुक्ला, श्रीचंद यादव, योगेंद्र प्रताप यादव योगी, राकेश कुमार, गोविंद यादव, आलोक खरे विजय यादव, श्रीकांत, विजय प्रताप, अल्लादीन खान, आकिब खा, विद्याभूषण पासी, संतराम यादव, ओपी राव, सतीश वर्मा, शाहबाज आदि उपस्थित रहे।

# दरवाजे पर दस्तक, पूछी समस्या और साफ होने लगीं नालियां




अयोध्या। सुबह के 7:15 बजे थे कि चंद्रशेखर वार्ड में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगुवाई में नगर निगम की टीम घर-घर दस्तक देने लगी मौका था स्थानीय सरकार आपके द्वारा अभियान का। राजकरण इंटर कॉलेज के बगल गली में चंद कदम चलने पर स्थानीय महिलाओं ने महापौर का ध्यान झाड़-झंखाड़ और कूड़े से पटे कुएं की ओर दिलाया। वह रुके, तभी स्थानीय महिलाओं ने अधिवक्ता रेखा शर्मा की अगुवाई में कुएं के धार्मिक महत्व से परिचित कराते हुए इसके जीर्णोद्धार की मांग की।

महापौर ने तत्काल कुएं की सफाई कराकर फर्श निर्माण करने और जाली लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने जोगी के घर के सामने हैंडपंप चलकर चेक किया। पानी आने पर संतुष्टि जताई। गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा तक गली का जायजा लिया। इस दौरान टूटी नाली सही कराने तथा नल के पास कूड़ा न जमा करने का निर्देश दिया। थोड़ा आगे बढ़ने पर गली में गंदगी देख नाराजगी जताई और नियमित साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। यहां मिले संतोष दुबे ने नगर निगम के काम की सराहना की और बरसात से पहले नाला सफाई कराने की अपेक्षा जताई। पैदल भ्रमण करते हुए टीम टाटशाह मस्जिद के पास पहुंची। पार्षद विशाल पाल एवं अनिल सिंह ने नाली के जाम होने और अतिक्रमण की ओर ध्यान खींचा। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अतिक्रमण हटाकर नाली की सफाई करने गहराई बढ़ाने का निर्देश निर्माण खंड के अधिकारियों को दिया और यहां स्थित बरगद के पेड़ को हेरिटेज ट्री घोषित करने और उसके किनारे सुंदरीकरण कराकर बेंच रखवाने का भरोसा दिया। मोती मस्जिद के पास नाली पर रखी गई पटिया टेढ़ी थी, जिसका लेवल सही कराने का निर्देश निर्माण खंड के अभियंताओं को दिया। यहां नाले पर अतिक्रमण कर शौचालय बनाए जाने का भी मसला सामने आया, जिसे हटाने तथा स्थानीय लोगों को बगल स्थित सार्वजनिक शौचालय के प्रयोग करने की हिदायत दी गई। डाइट के सामने स्थित बारात घर जर्जर दिखा, जिसे ध्वस्त कर नए सिरे से शेल्टर होम बनाने का निर्देश दिया। यहां 2019-20 में बना सुलभ शौचालय बंद मिला, जिस पर नगर आयुक्त ने केयरटेकर के न आने तक सफाई नायक को चाबी सौंपने और नियमित शौचालय खुलवाने का निर्देश दिया। थोड़ा आगे बढ़ने पर टीम ने लक्ष्मी के घर का दरवाजा खटखटाया और उनसे पानी मंगा कर जांच कराई। पानी का टीडीएस मानक के अनुरूप पाया गया। थोड़ा आगे बढ़ने पर नाली में मल देखकर मकान मालिक को नोटिस देने को कहा। अशफाक उल्ला खा कॉलोनी के पार्क में गंदगी बिखरी देखकर नाराजगी जताई और सफाई के साथ ही वेरीकेटिंग कराने का निर्देश दिया। यहां पार्षद अनिल सिंह ने खाली जमीन पर कक्ष बनवाकर सफाई से जुड़ी सामग्री रखवाने का सुझाव दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

बाराबंकी। आगामी 10 मई 2025 को जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमे लम्बित मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, व्यवहारिक वाद, मोटर वाहन अधिनियम, भरण पोषण के वाद, प्रीलिटिगेशन स्तर वैवाहिक या पारिवारिक विवाद, आर्बीट्रेशन वाद से संबंधित मामले, फौजदारी वाद, जिला कारागार में निरूद्ध इच्छुक बंदियों के छोटे-छोटे आपराधिक मामले उनकी जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने दी।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लिए जनपद को आवंटित हुआ 1700 का लक्ष्य

बहराइच। उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करने, उद्योगो को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रतिवर्ष 1 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों स्थापित किये जाने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में आगामी 10 वर्षों की समयावधि में कुल 10 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों स्थापित किये जाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक महत्वाकांक्षी नई योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र हेतु रू. 5.00 लाख तक व्याज मुक्त का ऋण प्रदान किया जाता है। श्री वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के लिए 1700 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

योजना हेतु पात्रता की जानकारी देते हुए श्री वर्मा ने बताया कि जनपद निवासी 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के न्यूनतम कक्षा 08 उत्तीर्ण ऐसे आवेदक जिन्होंने सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे-विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी टूलकिट एवं प्रशिक्षण योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रशिक्षण योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना उत्तर प्रदेश कौशल उन्नयन अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/शैक्षिक संस्थान से कौशल सम्बन्धी सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त की हो तथा पूर्व में पीएम स्वनिधि योजना के अतिरिक्त राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य योजना में व्याज अथवा पूँजी उपादान का लाभ प्राप्त न किया हो, आवेदन के लिए अर्ह होंगे। योजनान्तर्गत अभ्यर्थी का स्वयं का अंशदान 10 प्रतिशत होगा।

उपायुक्त उद्योग श्री वर्मा ने बताया कि योजनान्तर्गत अभ्यर्थी को रू. 5.00 लाख तक 04 वर्ष हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अतिरिक्त मार्जिन मनी सब्सिडी देय है। योजनान्तर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन के सापेक्ष रू. 1.00 प्रति ट्रांजेक्शन तथा अधिकतम रू. 2000=00 प्रतिवर्ष प्रति इकाई अतिरिक्त अनुदान देय होगा तथा सीजीटीएमएसई कवरेज हेतु आवश्यक धनराशि का वहन भी सरकार द्वारा किया जायेगा। श्री वर्मा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइड एमएसएमई डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा सीएम युवा हेल्पलाइन नम्बर 9129987111 पर भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

# अंडर-16 में बीडीसीए (बी) व अंडर-19 में बीडीसीए (ए) ने पहना जीत का ताज



बाराबंकी। लॉडर्स बालाजी क्रिकेट ग्राउंड मे बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में पहला मैच अंडर-16 में बीडीसीए बी एंव अंडर-19 में बीडीसीए ए के बीच टूनार्मेन्ट खेला गया।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी बीडीसीए (बी) से अनुनय पाठक नाबाद 24 रन, यशराज गुप्ता 24 रन, उत्कर्ष राज निषाद के 22 रनों की बदौलत 29.2 ओवरों में 9 विकेट पर 125 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीडीसीए ए टीम से मोहम्मद फहद 29 रन, अलमास 27 रन, अनुज वर्मा के 12 रनों की बदौलत 19 ओवरों में 102 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरा मैच अंड़र 19 मे टॉस जीतकर बीडीसीए बी की ओर बल्लेबाजी करते हुए सम्राट तिवारी 55 रन, अभिजीत यादव 13 रन, श्याम मिश्रा 12 रनों की बदौलत 30 ओवरों में 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।


लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंडर-19 बीडीसीए ए की ओर से वैभव यादव 39 रन, अमरनाथ यादव 39 रन, निखिल शर्मा ने 17 रनों की बदौलत 27.4 ओवरों में 8 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस अवसर पर बीडीसीए के सचिव चैधरी अहमद जावेद, अख्तर अजीज खान, संयुक्त सचिव अंकुर माथुर, जतिन चैधरी, सलेक्टर गौरव तिवारी, ऑब्जर्वर इरफान खान मौजूद रहे।

# समाज के हर तबके की समृद्धि, खुशहाली ही भाजपा सरकार की गारंटीः धर्मपाल



बाराबंकी। सुरक्षा के बेहतर वातावरण के साथ समाज के हर तबके की समृद्धि और खुशहाली ही भारतीय जनता पार्टी सरकार की गारंटी है। और इस गारंटी को पूरा करने के लिए मोदी-योगी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है। उक्त उद्गार भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने देवा मंडल अन्तर्गत ग्राम पीड़ में भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित गांव चलो अभियान का शुभारंभ करने के बाद आयोजित चैपाल मे व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार लोगों को सुरक्षा और सम्मान देने के साथ उन्हें स्वावलंबी भी बना रही है। प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड का कवच, 56 लाख से अधिक लोग प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी, प्रदेश में 15 करोड़ लोग मुफ्त राशन योजना समेत लगभग 2 करोड़ 70 लाख से अधिक गरीबों को शौचालय उपलब्ध कराए गए। चैपाल में गांव चलो अभियान का मकसद समझाते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि इसके जरिए मोदी-योगी सरकार की योजनाओं की हकीकत को परखने का अवसर मिलता है साथ ही मेरा बूथ सबसे मजबूत की परिकल्पना भी साकार होती है। इसके साथ ही प्रदेश सगंठन महामंत्री ने बूथ संख्या 27 व 28 के घर घर दस्तक देकर ग्रामीणों से केंद्र और प्रदेश सरकार से मिले लाभ की जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व देवनाथ मौर्य के स्मारक एवं डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, रामकुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, मनोज वर्मा, अरविंद वर्मा, पुनीत मिश्रा मौजूद रहे।

## नीम के पेड़ के पास बिजली के खंभे पर गिरी आकाशीय बिजली



मिल्कीपुर-अयोध्या। अमानीगंज विकासखंड के बिरौली झांम गांव में आज एक चैंकाने वाली घटना घटी, जब तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली एक नीम के पेड़ के बगल लगे खंभे पर जा गिरी। जिससे खंभा क्षतिग्रस्त हो गया, जब आसमान में घने काले बादल छाए हुए थे और तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही थी। इस हादसे से गांव में हड़कंप मच गया, हालांकि सौभाग्य से इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आकाशीय बिजली के गिरने से एक जोरदार धमाका हुआ और बिजली के खंभे से चिंगारियां निकलती दिखाई दीं। गांव के निवासी बालकृष्ण ने बताया, ह्हम अपने घरों में थे, तभी अचानक एक तेज आवाज हुई।

ग्राम प्रधान द्वारा स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना तुरंत दी गई। फिलहाल शाम तक क्षेत्र में बिजली सप्लाई शुरू नहीं हो सकती थी। इस घटना ने गांव वालों को डरा दिया है। फिलहाल, बिजली विभाग की टीम मरम्मत कार्य में जुटी हुई है और उम्मीद जताई जा रही है कि रात तक गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# विद्युत विभाग के समस्त अधिशासी अभियन्ता और एसडीओ को वेतन हुआ बाधित

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान परिषदीय विद्यालयों के विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा में पाया

**● 01 वर्ष में परिषदीय विद्यालयों में नहीं हो पाया विद्युत कनेक्शन**
**● बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम का कड़ा रूख**

गया कि माह अप्रैल 2024 में विद्युत विभाग को रू. 01 करोड़ 64 लाख 69 हजार 525 का भुगतान किये जाने के बावजूद अब तक 133 के सापेक्ष मात्र 57 विद्यालयों के विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हुआ है।

इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए विद्युत विभाग के सभी सम्बन्धित अधि.अभि. व एसडीओ का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित करने के निर्देश देते हुए कहा कि 15 दिवस के अन्दर सभी असंतृप्त विद्यालयों को विद्युत कनेक्शन से आच्छादित कर दिया जाय ताकि गर्मी के मौसम में बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालयों में स्वीकृत टॉयलेट ब्लाक के निर्माण कार्य की कच्छप गति पर भी डीएम ने नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था उ.प्र. राज्य निर्माण एवं श्रम विकास संघ लिमिटेड (यूपीसीएलडीएफ) के सहायक अभियन्ता का वेतन भी अग्रिम आदेशों तक बाधित करने के निर्देश दिये। डीएम ने कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता को निर्देश दिया कि कार्यों में तेजी लाकर मासान्त अप्रैल तक निर्माण कार्य को पूर्ण करें ताकि छात्राओं को असुविधा न हो।

डीएम ने बीएसए व खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों का नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर उन्हें समय पर व निर्धारित मानक तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

डीएम मोनिका रानी ने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि 31 विद्यालयों में सोलर पैनल स्थापना का कार्य समय से पूर्ण कराएं।

# फसल अनुसंधान केन्द्र घाघराघाट और कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण



बहराइच। प्रदेश के मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने घाघराघाट स्थित फसल अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री शाही ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी आलोक प्रसाद, जे.डी.ए. कृषि अनिल कुमार सागर, उप निदेशक कृषि शिशिर वर्मा, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र घाघराघाट के केन्द्र प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. तार्केश्वर, डॉ. एस.के.एस. राजपूत, डॉ. शैलेन्द्र सिंह व डॉ. संदीप चैरसिया तथा प्रगतिशील कृषकों के कृषि विज्ञान केन्द्र के आवासीय परिसर में पौधरोपण किया।

फसल अनुसंधान केन्द्र घाघराघाट द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी प्रदान करते हुए केन्द्र प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने मा. मंत्री को अवगत कराया कि 36 हेक्टेयर भू-भाग में फैला फसल अनुसंधान केन्द्र उत्तर प्रदेश में गहरे पानी के धान के लिए यूनिक सेन्टर है। यहां पर सेमी डीप व डीपवाटर के परीक्षण लगाये जाते हैं। फसल अनुसंधान केन्द्र में अखिल भारतीय समन्वित कृषि शोध योजनान्तर्गत परीक्षण लगाये जाते हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा अभी तक तैयार की गईं 10-12 प्रतातियां अनुमोदित हो चुकी है। जो बाढ़ क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं।

उन्होंने बताया कि यहां पर तैयार की गई प्रजातियों से कृषकों को लगभग 30 कुण्टल प्रति हेक्टेयर की उपज प्राप्त हो जाती है। डॉ. सिंह ने बताया कि रबी के मौसम में केन्द्र द्वारा बीज उत्पादन का कार्य किया जाता है। मा. मंत्री श्री शाही ने प्रक्षेत्र भ्रमण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि मुख्य मार्ग से फसल अनुसंधान केन्द्र की कनेक्टिवी को बेहतर को किया जाय तथा यहां पर किसानों के लिए सुविधाओं का विकास किया जाय ताकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के कृषक फसल अनुसंधान केन्द्र का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त कर सकें।

श्री शाही ने सीडीओ को यह भी निर्देश दिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के जर्जर भवनों के जीर्णोद्वार के लिए कार्ययोजना तैयार करें। मा. मंत्री श्री शाही ने कहा कि आकांक्षी जनपद बहराइच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यह फसल अनुसंधान केन्द्र जनपद के कृषकों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों का आहवान किया कि कृषक हित के जिले के किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित करें। इसके उपरान्त मा. मंत्री श्री शाही ने कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच पहुंचकर मधुमक्खी पालन इकाई, बेबी कार्न व मक्का क्षेत्र, मशरूम उत्पादन इकाई, पाली हाउस, प्रशिक्षण भवन तथा कार्यालय भवन इत्यादि की साफ-सफाई का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इस अवसर पर मौजूद वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि केन्द्र प्रभारी डॉ संदीप कुमार कनौजिया से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि जिले के किसानों को वैज्ञानिक तकनीकी आधारित खेती के लिए प्रोत्साहित करें।

## अज्ञात करण से लगी आग, बकरियों सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के मीरपुर कांटा के मजरे नई बाजार निवासी जयचंद्र पुत्र राम सेवक के घर बीती रात छप्पर मे लगी आग से छप्पर में बंधी बकरियां और भूसे में रखा गेहूं जलकर राख हो गया है। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तेज हवा के कारण सब कुछ जलकर राख हो चुका था। छप्पर के बगल सो रहे परिजनों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचायी।

लेकिन तेज हवाओ के कारण पहुंचे ग्राम वासियों की मदद से आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया गया। लेकिन पीड़ित की गृहस्थी के साथ छप्पर मे बंधी दस बकरियां जल कर राख में तब्दील हो गयीं।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीडित की आग लगने से हुए नुकसान की सहायता के लिए हल्का लेखपाल को जांच के लिए मौके पर भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर शासन से मिलने वाली सहायता दी जायेगी।

संक्षेप

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व एएसपी अमेठी हरेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में 10.04.2025 को थाना जायस पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 78/25 धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 118(1), 117(2), 109, 105, 352, 351(3) बीएनएस थाना जायस जनपद अमेठी में वांछित 4 अभियुक्त विजय कुमार सरोज पुत्र हरिश्चन्द्र उम्र करीब 30 वर्ष, अजय कुमार सरोज पुत्र हरिश्चन्द्र उम्र करीब 28 वर्ष, सचिन कुमार सरोज पुत्र हरिश्चंद्र उम्र करीब 19 वर्ष, हरिश्चंद्र पुत्र स्व. राम प्रताप उम्र 55 वर्ष निवासी तामामऊ थाना जायस जनपद अमेठी को जायस-जामो मोड़ के पास से करीब 5.32 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 3 लाठी मौलवी कला मार्ग नहर के पास गड्ढे से बरामद की गयी।

## बाइक की टक्कर से घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज रोड पर रायबरेली की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क किनारे ठेला लगाए हुए खीरा बेच रहे एक व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खीरा बेचने वाला व्यक्ति ठेला सहित काफी दूर जाकर गिरा। हादसे में बाइक सवार और ठेले वाला बुरी तरह से घायल हो गए। लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महराजगंज रायबरेली रोड पर स्थित एक बाइक एजेंसी के सामने कोतवाली क्षेत्र के गांव बाबूजी का पुरवा का रहने वाला रुपेश 34 पुत्र प्रेम ठेला लगाकर खीरा बेच रहा था तभी रायबरेली की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूब गंज का रहने वाला बाइक सवार पिंकू 20 पुत्र सत्रोहन ने ठेले वाले को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की रोड पर सारे खीरे बेच राहा व्यक्ति और ठेले काफी दूर जा गिरा। हादसे में बाइक पर दो लोग सवार थे जिसमें से बाइक सवार पिंकी बुरी तरह से घायल हो गया वही पीछे बैठा उसका साथी बाल बाल बच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पूरी घटना बाइक एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## हृदय गति रुकने से मौत कार्यकर्ताओं में दुख

**अमेठी।** अम्बेडकर मिशन के प्रखर कार्यकर्ता और बामसेफ के सेक्टर संयोजक रहे ओम प्रकाश गौतम अब इस संसार में नहीं रहे। गुरुवार की सुबह हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। सहज, सरल, विनम्र और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी ओम प्रकाश गौतम के निधन से बहुजन समाज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। गांव, समाज के साथ सभी सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। अमेठी जिले में दलित राजनीति के लिए सबसे चर्चित गांव पुन्नपुर के निवासी ओम प्रकाश गौतम छात्र जीवन से ही बसपा और अम्बेडकर मूवमेंट से जुड़े रहे।

# सदर विधायक ने 30 निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास



**रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा जन जन तक पहुँचाए जाने वाली नीतियों के आधार पर विकास कार्यों का खाका तैयार है। योगी सरकार की पहल प्रत्येक व्यक्ति तक बिजली पानी सड़क और रोजगार परक शिक्षा पहुँच रही है। उक्त बातें निरीक्षण भवन में लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में पहुँची सदर विधायक अदिति सिंह ने नगर क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास में व्यक्त की।

उन्होंने 30 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जिसमें 16 विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 14 विकास कार्य जनता को समर्पित किए गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नगरीय विकास अभिकरण योजना द्वारा नगरीय विकास अभिकरण रायबरेली के तत्वाधान में करोड़ों रुपया की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचेगा। सदर विधायक अदिति सिंह के करकमलों द्वारा निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में जिला नगरीय विकास अभिकरण रायबरेली द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत कुल 30 निर्माण कार्यों जिनमें 16 कार्यों का शिलान्यास एवं 14 कार्यों का लोकार्पण किया गया। जिनकी कुल स्वीकृत राशि लगभग रु. 5.36 करोड है।

**पांच प्रमुख शिलान्यास कार्य :** वार्ड नंबर 7 हनुमंतपुरम में 27.53 लाख लगत के 160 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 12 सर्वोदय नगर में 27.35 लाख लगत के 158 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 7 हनुमंतपुरम में 26.53 लाख लगत के 150 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 7 हनुमंतपुरम में 24.59 लाख लगत के 145 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 4 शक्ति नगर में 21.23 लाख लगत के 155 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।

**पांच प्रमुख लोकार्पण कार्य :** वार्ड नंबर 3 देवानंदपुर में 30.71 लाख लगत के 197 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 12 सर्वोदय नगर में 27.52 लाख लगत के 150 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 11 हर्ष नगर में 27.51 लाख लगत से 150 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 11 कृष्णा नगर में 26.58 लाख लगत से 160 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 13 मालिकमऊ में 26.55 लाख लगत से 155 मीटर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।

इस कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डूडा एवं अवर अभियन्ता डूडा, पूर्व सभासद फूलचन्द्र, पूर्व सभासद तेज बहादुर भारती, मण्डल अध्यक्ष पूर्वी आशुतोष पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष पश्चिम नवजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य रावेन्द्र सिंह, अवश्वनी शर्मा, सरताज अंसारी, रवी चैधरी, जोगी पण्डित, सभासद कपिल सोनकर, अमन सिंह, उदय सिंह, विधायक प्रतिनिधि कमल श्रीवास्तव, पीआरओ अरूण विश्वकर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बाबा साहब शोषितों पीड़ितों की आवाज : इं.वीरेंद्र यादव

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर देश के संविधान निमार्ता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर लगातार सप्ताह भर के तीसरे दिन स्वाभिमान-स्वमान समारोह के रूप में समाजवादी पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों में डा अम्बेडकर के जीवन पर विचार गोष्ठियाँ आयोजित कर उत्साह के साथ मनाया गया।

समाजवादी पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय पर बाबा साहब की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव ने कहा कि बाबा साहब ने देश के लाखों शोषितों पीड़ितों गरीबों महिलाओं की शिक्षा, रोजगार एवं बेहतर जीवनशैली, समानता एवं समता हेतु संविधान में कानून का अधिकार दिलाया।पिछड़ों दलितों एवं अल्पसंख्यकों के हक एवं अधिकारों हेतु देश की आजाद भारत के प्रथम कानून मंत्री रहते हुए गरीबों बेसहारा लोगों के हितों की रक्षा हेतु आजीवन संघर्ष किया।भाजपा सरकार में देश के किसान मजदूर खुशहाल नहीं अपितु बेबसी का शिकार हैं जबकि बाबा साहब के संविधान की मूल भावना है कि देश का सर्वहारा समाज प्रगति एवं उन्नति करे। डा शशिकांत शर्मा ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर के दिये संविधान को प्रभुत्ववादी बीजेपी सरकार बदलना चाहती है परंतु पीडीए की एकजुटता से वोट की चोट से बीजेपी को सत्ता से बाहर कर महापुरुषों का सम्मान एवं पीडीए समाज को न्याय एवं सम्मान दिलाना है।

हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी ने खीरों में बाबा साहब जयंती सप्ताह में स्वाभिमान-स्वमान समारोह में कहा कि जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा तब हम सबका मान सम्मान स्वाभिमान सुरक्षित रहेगा वर्तमान बीजेपी सरकार सामन्तवाद एवं पाखंड को बढ़ावा दे रही है।

स्वाभिमान स्वमान समारोह को वरिष्ठ नेता उमाशंकर चैधरी, आफताब अहमद, मो.अरशद खान, राजेश मौर्या, राकेश यादव, मो.मुशीर, शिवनारायण सोनकर, सत्तेश गौतम, मो.आई. जावेद, अरविंद चैधरी, नरेन्द्र यादव, गोविंद सिंह, रवीन्द्र सिंह, अजय यादव, दीपू शुक्ला, आशुतोष यादव, रामलखन यादव, नौशाद अहमद आदि ने बाबा साहब के द्वारा किए गये जनकल्याणकारी कार्यों पर विचार व्यक्त कर उनके पथ पर चलने का संकल्प लिया।

# हर्षोल्लास से मनायी गयी महावीर की जयंती




**जायस, अमेठी ।** जैन धर्म के प्रमुख भगवान महाबीर की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गयी ! यह जयंती जैन समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले पर्वो मे से एक है ! भगवान महाबीर जैन धर्म के 24 तीर्थ करों मे थे ! उनहोने अपने संदेश मे लोगों का जीवन बदला लोगों को अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते थे ! कसबे के दिगम्बर जैन मंदिर पुरानी बाजार अल्ताफ गंज से बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी ! जो बस स्टेशन दरगाह मोड़, वहाबगंज बाजार होते हुए सर्कुलर रोड घूमते हुए !जैन मंदिर अलताफ गंज बाजार में समाप्त हुई साफ सफाई को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा चूना आदि का छिड़काव किया गया था ! सुरक्षा ब्यावस्था को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने को लेकर कई थानों के पुलिस के जवान के साथ साथ पीएसी के जवान भी मुस्तैद रहे ! क्षेत्रधिकारी तिलोई श्री डा अजय कुमार सिंह, एवं एसडीएम श्री अजीत कुमार सिंह कस्बे में कैम्प करके स्थित पर कड़ी नजर रखे थे !इस मौके पर निर्मल कुमार जैन , मोनू जैन , अविरल जैन, (रोमिल) दिनेश कुमार जैन , विजय कुमार जैन , अनमोल जैन , मुन्ना जैन अजय कुमार जैन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं एएसपीअमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुअसं 93/25 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 111 बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में प्रकाश में आये/वांछित 08 नफर अभियुक्त ,अभियुक्ता अरूण कुमार मिश्रा पुत्र राम बलवान मिश्रा निवासी पूरे गंगाधर मजरे टिकरिया थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 45 वर्ष, दिलीप कुमार सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी गडेहरी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष, अनिल पुत्र औसान निवासी पूरे दूबर मजरे गडेहरी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 36 वर्ष को नवनिर्मित टोल प्लाजा के पास से करीब 8.55 बजे दिन में एवं सफारी कार सं0 यूपी 32 ईवी 1020 पर सवार .दिनेश कुमार पासी पुत्र सियाराम निवासी मठिया कंचनगिरी मजरे रिछौरा थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष, वेद नारायण पाण्डेय पुत्र साहस नाथ पाण्डेय निवासी गंगादास कुटी मजरे जमुरवा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 37 वर्ष, अश्वनी तिवारी पुत्र श्रीकांत तिवारी निवासी पूरे लाल शाह मजरे गडेहरी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष, सुरेश कुमार मौर्या पुत्र रामदेव मौर्या निवासी भेलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष व रूची सिंह पुत्री चंद्रभान सिंह निवासी राजापुर मजरे उमराडीह थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को नहर पुलिया मटेरवा चौराहे के पास से समय करीब 10.20 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।चालक दिनेश कुमार पासी उपरोक्त से गाड़ी के कागज मांगने पर दिखा सका ।तलाशी से अभियुक्त सुरेश कुमार मौर्या के कब्जे से 1 लैपटाप मय चार्जर बरामद हआ ।गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरायी कार, 11 घायल



**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के दोस्तपुर क्षेत्र में गुरुवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र से एक परिवार अर्टिगा कार से अमेठी दाह संस्कार में जा रहा था, तभी लोकनाथपुर थाना क्षेत्र के 168.5 किलोमीटर स्टोन के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। कार चला रहे शमशेर आलम ने तेज रफ्तार में वाहन का नियंत्रण खो दिया, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में मैनुद्दीन (35), जमीला (45) और आफताब आलम (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टर आज्ञाराम यादव ने तीनों गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार में सवार अन्य आठ लोग अर्सलाम (5), अरमान (9), अलमास (11), एहतशाम (10), रजिया (40), बदरे आलम (40), सलेहा (32) भी घायल हुए हैं। इन सभी को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। छुट्टी का दिन होने के बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ट्रामा सेंटर जैसी व्यवस्था देखी गई। अधीक्षक डॉ. अजीत यादव, डॉ. आज्ञा राम यादव, फार्मासिस्ट वेद प्रकाश, अरविंद कुमार मिश्रा और नर्सिंग स्टाफ ने मिलकर घायलों का प्रभावी इलाज किया। मौके पर मौजूद लोगों ने चिकित्सा टीम की तत्परता और सेवा भावना की सराहना की।

# जयंती पर याद किये गये जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर स्वामी महावीर



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर स्वामी महावीर की जयंती श्रद्धा-भाव के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों के साथ स्वामी महावीर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

श्री प्रजापति ने अपने सम्बोधन में कहा कि महावीर स्वामी का मानना था कि जो कार्य अपने लिए अच्छा न लगे उसे दूसरों के लिए नहीं करना चाहिए, उनके विचार थे कि वैराग्य संसार से नहीं मन से होना चाहिए। ऐसे महापुरुषों की जीवन शैली से हमें प्रेरणा लेते हुए सदैव उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए। प्रधानाचार्य ने उपस्थित सभी लोगों से अपेक्षा की, कि वे सभी सत्य के मार्ग पर चलने का प्रयास करें।

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वामी महावीर के चित्र पर पुश्पांजलि अर्पित करते हुए उनको श्रद्धावत नमन किया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महावीर के जीवन से सम्बन्धित अनेक जानकारियों से अवगत कराते हुए बताया कि महावीर जयंती का पर्व जैन धर्म के लोगों के लिए बेहद खास माना जाता है। यह पर्व हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन प्रभात फेरी के साथ भगवान महावीर का सोने और चाँदी के कलश से अभिशेक किया जाता है। महावीर स्वामी ने मानव जाति को मोक्ष प्राप्त करने के लिए सत्य अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य जैसे पंचशील सिद्धांतों का भी उल्लेख किया। उनके विचार और संदेश आज भी मावन जाति के लिए प्रेरक हैं। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, धर्मेन्द्र शुक्ला, रामदेव, अजय सिंह, राकेश अवस्थी, विवेक सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कमचारी उपस्थित रहे।

## पुस्तकालय विज्ञान रोजगारपरक कोर्स : डॉ. राजेश

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान ने रोजगारपरक कोर्स पुस्तकालय विज्ञान में प्रवेश प्रारंभ कर दिया है। यह कोर्स पहला सत्र होने के कारण विश्वविद्यालय से 40 प्रतिशत कम फीस में उपलब्ध है। यह बातें पुस्तकालय विज्ञान विभाग के प्रभारी डा. राजेश पांडेय ने बताई। उन्होंने कहा कि संस्थान के प्रबंधक विधायक विनोद सिंह व प्राचार्य आलोक कुमार सिंह के सहयोग से यह कोर्स संस्थान में संचालित होने जा रहा है। इस कोर्स में शिक्षण कार्य के लिए बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, लखनऊ यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी व अन्य विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा देंगे। यह कोर्स स्नातक पास छात्र-छात्राओं के लिए है। यह कोर्स करने से शिक्षण संस्थानों में ही नहीं रिसर्च संस्थान, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रेलवे व अन्य कई सरकारी और गैरसरकारी प्रतिष्ठानों में पुस्तकालय संचालित हो रहे हैं, जिसमें रिक्त पदों पर पुस्तकालय विज्ञान का कोर्स किए हुए छात्र का ही चयन होता है, ऐसे में रोजगार के दृष्टिगत यह कोर्स लाभप्रद है।

# अवैध ई-रिक्शों पर चला अभियान 15 वाहनों के विरुद्ध हुई कार्रवाई




**सुलतानपुर (वीओएल)।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जिले में अपंजीकृत एवं अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शाओं के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 10 अप्रैल को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी नन्द कुमार, टी.आई. राम निरंजन तथा यात्री/मालकर अधिकारी शबाना परवीन के संयुक्त नेतृत्व में जनपद के विभिन्न प्रमुख चैराहों पर अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान लगभग 15 ई-रिक्शा बिना पंजीकरण और ड्राइविंग लाइसेंस के चलते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालान और निरूद्ध की कार्रवाई की गई। साथ ही दो अन्य वाहनों को भी नियमों का उल्लंघन करने पर निरुद्ध किया गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की कि वे नाबालिगों को वाहन संचालन न करने दें और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के किसी भी वाहन का संचालन न करें। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और नियमों का पालन करवाना है। परिवहन विभाग की इस मुहिम को स्थानीय लोगों द्वारा सराहा गया।

## मुख्यमंत्री पुरस्कार में चयनित बेलवारी ग्राम पंचायत पर उठे सवाल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत बेलवारी को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि बेलवारी पंचायत को निर्धारित मानकों के आधार पर चयनित नहीं किया गया है।

स्थानीय विकास क्षेत्र मोतिगरपुर के बेलवारी गांव के भानु प्रताप सिंह, राकेश, महेंद्र कुमार सिंह, जैनेत आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। इनका कहना है कि पंचायत में शासन द्वारा निर्धारित कई महत्वपूर्ण मानक के अनुसार कार्य अब तक अधूरे हैं, फिर भी ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित कर लिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में सोख्ता गड्ढे पूरी तरह से नहीं बने हैं, जिससे जलनिकासी की समस्या बनी हुई है। हैंडपंप का पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे गंदगी फैल रही है। साथ ही, गांव में जितनी बार वृक्षारोपण किया गया, वह सफल नहीं रहा, अधिकांश पौधे सूख चुके हैं। इसके अलावा, पाइपलाइन से जलापूर्ति की व्यवस्था भी सुचारु नहीं है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र तथा किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की सुविधा पंचायत भवन में उपलब्ध नहीं है। ग्राम पंचायत में अब तक प्रेरणात्मक स्लोगन भी नहीं लिखवाए गए हैं, जो योजना के तहत अनिवार्य है। ग्रामीणों का आरोप है कि मानकों की अनदेखी कर लेनदेन के माध्यम से शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए गए। जिससे बेलवारी ग्राम को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। डीएम से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसे मामलों में पारदर्शिता बनी रहे।

## जयंती पर डॉ. हैनीमैन की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रायबरेली।** इंटेलेक्चुअल होम्योपैथिक ऑब्जेक्टिव सोसाइटी द्वारा विश्व होम्योपैथिक दिवस एवं होम्योपैथी के जनक डॉ क्रिश्चियन सैमुअल हैनीमैन के 270 वां जन्मदिवस सुपर मार्केट स्थित हैनीमैन पार्क में धूमधाम से मनाया गया। संस्था के सचिव डॉ राजीव सिंह की अगुवाई में चिकित्सकों ने हैनीमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धाभाव अर्पित किए। सचिव डॉ राजीव सिंह ने डॉक्टर हैनीमेन को याद करते हुए उन्हें एक महान चिकित्सक के साथ-साथ एक संत की संज्ञा की प्रदान की। कोषाध्यक्ष डॉक्टरसुनील त्रिवेदी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति रोग का जड़ से इलाज करती है। इसके कोई साइड इफेक्ट नहीं है। वैज्ञानिक सलाहकार डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा सर्व सुलभ है इसके माध्यम से स्वस्थ रहा जा सकता है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी डॉ आशीष श्रीवास्तव उपाध्यक्ष डॉ प्रभात श्रीवास्तव, डॉ विवेक गुप्ता, डॉ क्रांति कुमार सिंह , डॉक्टर के सी चौधरी, डॉक्टर पवन वर्मा, डॉक्टरअमर शुक्ला ,डॉ आनंद वर्मा ,डॉ मनीष श्रीवास्तव ,डॉ सुशील कुंडा, अनिकेत श्रीवास्तव, अमन जोशी उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा

**भेंटुआ, अमेठी।** विद्युत उपखंड केंद्र भेंटुआ में इस समय कनेक्शन के नाम पर भ्रष्टाचार चरम पर है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, यहां एक हॉर्स पावर से लेकर आठ हॉर्स पावर तक के विद्युत कनेक्शन के लिए तीन हजार से तीस हजार रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। जब ग्रामीण उपभोक्ताओं से ग्राउंड स्तर पर बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि वर्तमान अवर अभियंता भेटुआ एव कन्हैया कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही ट्रांसफार्मरों से निजी नलकूपों को जोड़ने का गोरखधंधा खुलकर चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब भारी धनराशि लेकर किया जा रहा है। गंभीर बात यह है कि यह पूरी प्रक्रिया शासनादेश के साफ उल्लंघन में की जा रही है। नियमानुसार, निजी नलकूप के लिए उपभोक्ता को अपने खर्च पर ट्रांसफार्मर व पोल की व्यवस्था करनी होती है, और सार्वजनिक ट्रांसफार्मर से सीधे कनेक्शन देना पूर्णतः वर्जित है। भेंटुआ पावर हाउस के अंतर्गत इस प्रकार के दर्जनों संदिग्ध कनेक्शन हो चुके हैं। यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या यह सब एक मात्र अवर अभियंता के भरोसे हो रहा है या फिर कहीं न कहीं उच्चाधिकारियों की मौन सहमति भी इस गड़बड़ी में शामिल है? ग्रामीण उपभोक्ताओं की मांग है कि अवर अभियंता के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अब तक हुए सभी निजी नलकूप और वाणिज्यिक कनेक्शनों की निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या अन्य विभागीय अधिकारियों से कराई जाए। यदि उच्च अधिकारी समय रहते इस प्रकरण पर शासनादेश के अनुरूप संज्ञान लेकर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें, तो यह न केवल भ्रष्टाचार पर सख्त प्रहार होगा बल्कि शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना को भी मजबूत करेगा। साथ ही इससे जनमानस में शासन व प्रशासन की ईमानदारी और संवेदनशीलता की छवि भी बनी रहेगी।

# सरेनी विस क्षेत्र में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज विकासखंड सभागार में सरेनी विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बोलते हुए जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सबकी पसंद और जन-जन की पार्टी बन गई है। हिंदुस्तान के अधिकांश प्रांतो में पार्टी के लोकप्रिय होने के चलते ही भाजपा की सरकारें हैं। आज सक्रिय कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा पूरे विश्व में संख्या बल के आधार पर शिखर पर खड़ी है। जिला अध्यक्ष ने कहा भाजपा अपना स्थापना दिवस पखवाड़ा बड़े ही उत्साह के साथ मना रही है। भाजपा के प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के जरिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की विचारधारा व केंद्र, राज्य सरकारों की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम पार्टी कर रही है जिसमें सक्रिय कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यकताओं की बदौलत ही भाजपाने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। जिला अध्यक्ष ने सक्रिय कार्यकर्ताओं को 2027 में सरेनी विस क्षेत्र में कमल खिलाने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरन सिंह और जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में हमारी सरकार है। हमको गर्व होना चाहिए और जनता के बीच में जब भी हम बैठे तो हमें और जनता को भी यह एहसास दिलाने की जरूरत है कि सरकार भाजपा की है ।कार्यकताओं की सरकार है ।प्रदेश कार्य समिति किरन सिंह ने सरकार की लोकप्रिय योजनाओं को भी कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया और जनता के बीच जाकर प्रचार प्रसार करने का भी आग्रह किया। डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ ने मोदी और योगी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है और विश्व गुरु बनने की राह पर चलपड़ा है। भाजपा नेता विजय प्रताप सिंह पप्पू लोहिया ने कहा भाजपा वह विचारधारा है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाने के लिए काम कर रही है। भाजपा नेता रवींद्र सिंह ने कहा कि हमने विश्व पटल पर प्रदेश को स्थापित करने के लिए कुंभ जैसे महायज्ञ को संपन्न कराया ।60 करोड लोगों की सहभागिता प्रदर्शित करती है कि भाजपा जन जन की सरकार है । भाजपा नेता अनूप पांडे ने कहा कि हमारी सरकार ने सांस्कृतिक बदलाव के रूप में देश को एक अलग पहचान दिलाई । आज देश के प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने का काम प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने सभी का स्वागत किया।




## एडीएम ने बारिश के बाद फसल की क्षति आकलन के लिए किया भ्रमण

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा आज बारिश के उपरांत फसल के क्षति आकलन हेतु भ्रमण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया फसलों को विशेष नुकसान नहीं हुआ है। जनपद की समस्त तहसीलों में एसडीएम, तहसीलदार व राजस्व कर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में वृहद सर्वे किया जा रहा है। सभी तहसीलों में क्षति आकलन हेतु हेल्प डेस्क भी बनायी गई है। गेहूँ खरीद में तेजी लाने के लिए गेहूँ क्रय केंद्रों, मंडी का निरीक्षण भी राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है, इसके साथ ही किसानों से सीधे संवाद कर बिचैलियों से छुटकारा दिलवा कर सीधे खरीद हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिससे जनपद में किसानों को गेहूं विक्रय करने में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

संक्षेप

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने घटायी ब्याज दर

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने बृहस्पतिवार को कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की। एक दिन पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। बैंक ने उसी फैसले का लाभ अपने ग्राहकों को देने के लिए कर्जों पर ब्याज की दर घटा दी है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बयान में कहा कि उसने खुदरा और एमएसएमई क्षेत्रों को दिए जाने वाले ज्ण के लिए मानक-संबद्ध कर्ज की दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि ग्राहकों को आरबीआई की मौद्रिक नीति के कदम से तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है। इस बीच, बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) को अपरिवर्तित रखा है।

## सिंगर इंडिया ने हासिल किया 30 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

नयी दिल्ली। सिलाई मशीन और घरेलू उपकरण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सिंगर इंडिया का लक्ष्य घरेलू उपकरण बाजार में 30 प्रतिशत वृद्धि हासिल करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिंगर इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक राकेश खन्ना ने कहा कि घरेलू उपकरण खंड में कंपनी का लक्ष्य 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का है। कंपनी ने एक नया पंखा क्लाउड कूल एक्स फैन बाजार में उतारा है। खन्ना ने इस मौके पर कहा कि यह पंखा ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों की श्रेणी में अपनी तरह का पहला उत्पाद है। सिंगर इंडिया ने बताया कि यह पंखा प्रमुख ई-कॉमर्स मंच, चुनिंदा खुदरा दुकानों और कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। इसमें क्लाउड प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है, जिसकी वजह से यह स्वाभाविक रूप से ठंडक प्रदान करता है।

## वक्फ कानून पर भाजपा का जागरुकता अभियान

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वक्फ (संशोधन) अधिनियम के फायदों का प्रचार करने और विपक्ष की आलोचना का मुकाबला करने के लिए 20 अप्रैल से एक पखवाड़े का जन जागरूकता अभियान शुरू करेगी जिसमें विशेष रूप से मुसलमानों को लक्षित किया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को अपने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। देश भर के भाजपा पदाधिकारियों ने यहां एक कार्यशाला में भाग लिया। इसमें नड्डा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे वोट बैंक की राजनीति के तहत संशोधित कानून के प्रावधानों के बारे में मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। नड्डा ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार वक्फ की संपत्तियों के पारदर्शी और कुशल प्रबंधन के साथ पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों और महिलाओं को प्रबंधन और कल्याण कार्यक्रमों में हितधारक बनाने के लिए दृढ़ है।

## भर्ती परीक्षा में पकड़े गये आरएएस अफसर

जयपुर। राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती-2021 परीक्षा में दो व्यक्तियों के लिए डमी परीक्षार्थी के रूप में बैठने के आरोप में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त महानिदेशक (एसओजी) वी के सिंह ने बताया कि जैसलमेर जिले के फतेहगढ़ के उपखंड अधिकारी (एसडीएम) हनुमानाराम को बुधवार रात जैसलमेर से जयपुर लाया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा वह एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में दो उम्मीदवारों के लिए डमी उम्मीदवार के रूप में बैठा था। जांच के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सिंह के अनुसार इस आरएएस अधिकारी को जयपुर की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अतिरिक्त महानिदेशक ने कहा कि हनुमानाराम 2018 बैच का आरएएस अधिकारी है और उसे कल फिर पेश किया जाएगा। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 13 से 15 सितंबर 2021 तक पुलिस एसआई परीक्षा आयोजित की थी।

# गेहूं खरीद में अच्छा कार्य कर रहा यूपी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावनाओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश सोलर एनर्जी और गेहूं खरीद में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से अच्छा परिणाम देने का प्रयास करेगा। जोशी ने भी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बढ़ती ऊर्जा मांगों के अनुरूप कार्य करते हुए पूरे देश के लिए मॉडल बन रही है।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने राज्य और केन्द्र सरकार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री को ओडीओपी का उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने गुरुवार अपने सरकारी आवास पर केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ एक बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गेहूं खरीद की संयुक्त समीक्षा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कॉमन मैन और अन्नदाता किसानों को स्पर्श करती तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इन योजनाओं में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश अपनी ओर से अच्छे परिणाम देगा। प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 प्रख्यापित की गई है। इसके अन्तर्गत राज्य में कम लागत की विश्वसनीय सौर ऊर्जा तक आम लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति-2022 और उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 भी प्रख्यापित की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने सोलर पॉलिसी के तहत वर्ष 2027 तक सौर ऊर्जा के उत्पादन में 22 हजार मेगावॉट से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत सोलर पार्कों का विकास, कृषि फीडरों और निजी ऑन ग्रिड पम्पों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देना, एक्सप्रेस-वे और रेलवे ट्रैक के किनारे सौर संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देना सहित सौर ऊर्जा उपकरणों के निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने की कार्यवाही आगे बढ़ी है। सौर परियोजनाओं के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत 10 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष एक लाख से ज्यादा इंस्टॉलेशन पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने यूपीनेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों ने भी योजना के अन्तर्गत आवेदन किया है, सभी को अभियान चलाकर शीघ्र से शीघ्र सोलर एनर्जी से जोड़ा जाए।



# उच्चतम न्यायालय धर्मांतरण को लेकर 16 को करेगा याचिकाओं पर सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय देश में धर्म परिवर्तन के मुद्दे से संबंधित याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगा। यद्यपि कुछ याचिकाओं में कई राज्यों के धर्मांतरण-रोधी कानूनों को चुनौती दी गई है, वहीं एक अन्य याचिका में जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ राहत का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 16 अप्रैल की वादसूची से पता चलता है कि यह मामला प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ के समक्ष आएगा।

शीर्ष अदालत ने जनवरी 2023 में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा था कि धर्म परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उसने केंद्र और राज्यों को कथित धोखाधड़ी से होने वाले धर्म परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश संबंधी याचिका पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की सहायता मांगी थी। याचिका में भय, धमकी, उपहार और मौद्रिक लाभ के जरिये धोखे से धर्मांतरण पर रोक लगाने का अनुरोध किया था। शीर्ष अदालत ने 2023 में कई राज्यों के धर्मांतरण-रोधी कानूनों को चुनौती देने वाले पक्षों से कहा था कि वे इससे संबंधित मामलों को उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने के लिए एक आम याचिका दायर करें। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष कम से कम पांच ऐसी याचिकाएं हैं, जबकि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष सात, गुजरात और झारखंड उच्च न्यायालयों के समक्ष दो-दो, हिमाचल प्रदेश के समक्ष तीन और कर्नाटक और उत्तराखंड उच्च न्यायालयों के समक्ष एक-एक याचिका लंबित हैं।

# छत्तीसगढ़ में लगेगा सेमीकंडक्टर कारखाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 अप्रैल को नया रायपुर में देश की पहली गैलियम नाइट्राइड (जीएएन) आधारित सेमीकंडक्टर कारखाने की आधारशिला रखेंगे। अधिकारियों ने कहा कि।,143 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली यह परियोजना छत्तीसगढ़ को वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में अगुवा बनाएगी। यह चिप न केवल रोजमर्रा के उपकरणों को चलाने में उपयोग में आएंगे, बल्कि वे भविष्य को भी गति देंगे। यह अगली पीढ़ी के 5जी और 6जी नेटवर्क, उच्च प्रदर्शन वाले लैपटॉप, रक्षा प्रौद्योगिकी, आंकड़ा विश्लेषण जैसे क्षेत्रों को आगे बढ़ाने में मददगार होगा। चेन्नई की पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स, यह अत्याधुनिक कारखाना लगाएगी। कंपनी का 2030 तक सालाना 10 अरब चिप उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।

इस संयंत्र की स्थापना भारत की सेमीकंडक्टर आयात पर निर्भरता कम करने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बारे में, छत्तीसगढ़ के वाणिज्य और उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने कहा, पॉलीमेटेक के साथ यह साझेदारी छत्तीसगढ़ को प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के लिए एक वैश्विक केंद्र में बदल देगी।

# रेखा गुप्ता ने दिल्ली की साफ सफाई पर डाली नजर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यमुना नदी की सफाई के लिए जारी कई परियोजनाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को रिवरफ्रंट परियोजना पर काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपराज्यपाल वीके सक्सेना और जल मंत्री प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री के साथ मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, हम यमुना की सफाई प्रक्रिया की लगातार निगरानी कर रहे हैं। 22 नालों की सफाई का काम जारी है, ताकि इन नालों से निकलने वाला शोधित पानी नदी में गिरते समय निर्धारित मानकों के अनुसार हो। गुप्ता ने पूर्व की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने नाले के माध्यम से यमुना में गिरने वाले अनुपचारित अपशिष्ट जल पर ध्यान नहीं दिया। मुख्यमंत्री गुप्ता ने वजीराबाद में पूरक नाले, बारापुला नाला, सुनहरी पुल नाला और कुशक नाले का भी निरीक्षण किया और गाद निकालने संबंधी परियोजनाओं पर जारी कामों का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नालों की सफाई के साथ-साथ यमुना रिवरफ्रंट परियोजना भी जारी है। नजफगढ़ और शाहदरा समेत 22 बड़े नाले हैं, जहां से गाद निकालने का काम जारी है। पिछले साल दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग ने सभी संबंधित एजेंसियों को इन नालों को सिंचाई और बाढ़ विभाग को सौंपने का निर्देश दिया था। इन नालों के प्रबंधन के लिए एक ही एजेंसी को जिम्मेदार बनाने के अदालत के आदेश के बाद सरकार ने यह फैसला किया था। अधिकारियों के मुताबिक, इन नालों की सफाई से मानसून के मौसम में राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी।




## पंजाब एंड सिंध बैंक के मुद्रा ऋण से 10 लाख रोजगार पैदा हुए


नयी दिल्ली। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि बैंक ने पिछले 10 साल में जो मुद्रा ज्ण उपलब्ध कराएं उससे जमीनी स्तर पर 10 लाख नौकरियां उत्पन्न हुई हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की गत 10 वर्षों की प्रगति पर साहा ने कहा कि बैंक ने इस योजना के तहत 12,820 करोड़ रुपये का कर्ज दिया है, जिससे देश भर में 6.84 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। साहा ने से कहा इनमें छोटे विक्रेता, महिला उद्यमी, कारीगर और युवा शामिल हैं जो अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए सशक्त हैं। हमने ज्ण शिशु (50,000 रुपये तक के ज्ण) श्रेणी के करीब 44 प्रतिशत कर्ज वितरित किए है।

# दो साल में मध्य प्रदेश का में राष्ट्रीय राजमार्ग अमेरिका से भी अच्छा होगा

धार (मप्र)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आने वाले दो साल में मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग का नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बन जाएगा और एक साल के भीतर राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये के बुनियादी अवसंरचना विकास के काम पूरे कर लिए जाएंगे। धार जिले में मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में 5,800 करोड़ रुपये की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद गडकरी ने यह बात कही।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री ने जॉन एफ केनेडी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था अमेरिकी सड़कें इसलिए अच्छी नहीं हैं क्योंकि अमेरिका अमीर है, बल्कि इसलिए कि अमेरिका अमीर है क्योंकि अमेरिकी सड़कें अच्छी हैं। उन्होंने कहा मैं मध्यप्रदेश की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आने वाले दो साल के अंदर प्रदेश का राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनेगा। गडकरी ने कहा कि कहा कि वह हवा में बातें नहीं करते हैं और जो भी वादा करते हैं, उसे डंके की चोट पर पूरा भी करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री यादव मध्यप्रदेश को सुखी और समृद्ध बनाने के मिशन में जुटे हुए हैं और सभी क्षेत्रों में यह राज्य बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है। गडकरी ने कहा कि बतौर केंद्रीय मंत्री उन्होंने मध्यप्रदेश के इस विकास को बहुत नजदीक से देखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग का जिम्मा सौंपा गया और पिछले 11 साल में उन्होंने देश के सभी क्षेत्रों में कई सड़कें, फ्लाईओवर और पुल-पुलिया बनवाए। उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश बहुत तेजी से विकास कर रहा है। गडकरी ने कहा कि किसी भी देश के विकास में बुनियादी अवसंरचना विकास की बड़ी भूमिका होती है। जल, ऊर्जा, परिवहन और संचार जहां होते हैं, वहां उद्योग और व्यापार बढ़ता है। जब उद्योग और व्यापार बढ़ता है वहां लोगों को रोजगार मिलता है और जहां रोजगार मिलता है, वहां गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी नहीं टिकती। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भी बुनियादी अवसंरचना विकास के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है।

उन्होंने कहा, मध्यप्रदेश में एक साल खत्म होगा तो लाख करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे का काम मैं पूरा करके दूंगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि सड़क परिवहन के क्षेत्र में गडकरी के नेतृत्व में देश में एक बड़ी क्रांति हो रही है। उन्होंने कहा कि अतीत में भारत की सड़कों में गड्ढे ढूंढकर उसका मजाक उड़ाया जाता था और चमचमाती सड़कों के लिए अमेरिका और यूरोप के देशों का नाम लिया जाता था। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सड़क संपर्क के मामले में भारत दुनिया का सबसे अच्छा देश बनेगा।



# भारत-ब्रिटेन एफटीए को लेकर उत्सुक : सीतारमण

एजेंसी

लंदन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्रिटेन की अपनी समकक्ष रेचल रीव्स के साथ 13वीं मंत्रिस्तरीय भारत-ब्रिटेन आर्थिक व वित्तीय वार्ता (ईएफडी) का बुधवार को समापन किया और द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता को जल्द ही पूरा करने की संभावना जाहिर की।

लंदन स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित वार्षिक वार्ता में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। ब्रिटेन के वित्त मंत्रालय के अनुसार, ईएफडी से 40 करोड़ पाउंड का व्यापार और निवेश बढ़ा है, जिसमें पेटीएम और एमफैसिस जैसी भारतीय कंपनियां शामिल हैं जिन्होंने ब्रिटेन के बाजार के लिए निवेश योजनाएं शुरू की हैं। ईएफडी के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, बैठक में वृद्धि को बढ़ावा देने, द्विपक्षीय वित्तीय सेवा संबंधों को बेहतर बनाने तथा ब्रिटेन औद्योगिक रणनीति, कर, सतत वित्त व अवैध वित्त पर नीतिगत सहयोग को गहरा करने की योजनाएं निर्धारित की गई हैं। रक्षा क्षेत्र में सहयोग के अवसरों की भी पहचान की गई, जिसमें भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक खाके को अंतिम रूप दिया गया। इससे औद्योगिक क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को एकीकृत करने की योजना बनाई गई। ईएफडी के बाद सीतारमण ने पत्रकारों से कहा, मैं इस वार्ता को बेहद महत्व देती हूं।

हमने भारत और ब्रिटेन दोनों के लिए रुचि के विशिष्ट मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बात की गई जिसके लिए वार्ता जारी है। दोनों पक्षों की ओर से इस पर जल्द निष्कर्ष निकालने के लिए सकारात्मकता, उत्सुकता व समर्पण की भावना व्यक्त की गई। सीतारमण ने कहा, हम इसे समाप्त करना चाहते हैं, कुछ मुद्दों पर जो कठिनाइयां हमें हुई हैं उनसे उबरना चाहते हैं। हम इस पर चर्चा करेंगे और हम निश्चित रूप से इसे अंतिम रूप देंगे, यह मेरी अपेक्षा है। ब्रिटेन के राजकोष की चांसलर ने दोनों देशों के लिए आर्थिक वद्धि को बढ़ावा देने में व्यापार और निवेश के महत्व को स्वीकार करते हुए।



## पेज एक का शेष

### 16 को वक्फ

और याचिकाएं पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करेगी। केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल को उच्चतम न्यायालय में कैविएट दायर कर मामले पर कोई भी आदेश पारित करने से पहले सुनवाई का अनुरोध किया था। कैविएट किसी पक्षकार द्वारा उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि सुनवाई के बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। केंद्र सरकार ने मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया था। इससे पहले संसद के दोनों सदनों में जोरदार चर्चा के बाद पारित इस विधेयक को पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी थी। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 95 ने विरोध में वोट दिया था। वहीं, लोकसभा में 288 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि 232 ने विरोध में मतदान किया था। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी), जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद अन्य प्रमुख याचिकाकर्ता हैं। सात अप्रैल को प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल को याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करने का आश्वासन दिया था।

### उप्र-बिहार के

है कि कौशांबी, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, लखनऊ बाराबंकी, रायबरेली सहित कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है और आकाशीय बिजली गिर सकती है। इन जिलों से विस्तृत रिपोर्ट प्रतीक्षारत है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को प्रभावित इलाकों का दौरा करने, राहत प्रयासों की कड़ी निगरानी करने और प्रतिकूल मौसम से प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फसलों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाए और राज्य सरकार को इसकी रिपोर्ट तुरंत सौंपी जाए। इससे प्रशासन को उचित कार्वाई करने और प्रभावित किसानों के लिए सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बृहस्पतिवार को आंधी आई और भारी बारिश हुई। कई जगहों पर बिजली भी गिरी है।

### भारत लाया

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 14 फरवरी को मोदी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा हम एक बेहद हिंसक व्यक्ति को तुरंत भारत वापस भेज रहे हैं ताकि उसे भारत में न्याय की जद में लाया जा सके। राणा को अमेरिका में लॉस एंजिलिस के मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत शुरू की गई कार्यवाही के बाद उसे अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। राणा द्वारा प्रत्यर्पण को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाए जाने के बाद आखिरकार उसका प्रत्यर्पण हो गया। कैलिफोर्निया के मध्य जिला स्थित जिला न्यायालय ने 16 मई, 2023 को राणा के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था। इसके बाद राणा ने नौवीं सर्किट अपील अदालत में कई मुकदमे दायर किए, जिनमें से सभी खारिज कर दिए गए। इसके बाद उसने समीक्षा रिट, दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं और अमेरिकी उच्चतम न्यायालय में एक आपातकालीन आवेदन दायर किया, लेकिन ये भी अस्वीकार कर दिए गए। एनआईए ने कहा भारत द्वारा अंततः अमेरिका सरकार से वांछित आतंकवादी के लिए समर्पण वारंट प्राप्त किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण की कार्यवाही शुरू की गई। राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा तथा हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (हुजी) के गुर्गों और पाकिस्तान में रह रहे अन्य सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर भारत की वित्तीय राजधानी पर तीन दिन तक चले आतंकी हमलों की साजिश रचने का आरोप है। लश्कर-ए-तैयबा और हुजी दोनों को भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। छब्बीस नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने समुद्री मार्ग से भारत की वित्तीय राजधानी में घुसने के बाद मुंबई के सीएसटी, दो आलीशान होटलों और एक यहूदी केंद्र पर समन्वित हमला किया। तीन दिन तक चले इन आतंकी हमलों में 166 लोग मारे गए थे। मारे गए लोगों भारतीयों के साथ ही ब्रिटेन, इजराइल और अमेरिका के लोग भी शामिल थे। राणा ने 1990 के दशक के अंत में कनाडा में प्रवास करने से पहले पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में काम किया था और अपनी आव्रजन कंसल्टेंसी फर्म शुरू की थी। बाद में, वह अमेरिका चला गया और शिकागो में एक कार्यालय स्थापित किया। अपनी फर्म के माध्यम से राणा ने हेडली को मुंबई में टोही मिशन चलाने के लिए संरक्षण प्रदान किया ताकि आतंकवादी हमले कर सकें। एनआईए अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका से राणा के प्रत्यर्पण से 2008 के हमलों से पहले उत्तरी और दक्षिणी भारत के कुछ हिस्सों में उसकी यात्राओं के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि राणा ने 13 नवंबर से 21 नवंबर 2008 के बीच अपनी पत्नी समराज राणा अख्तर के साथ उत्तर प्रदेश के हापुड़ और आगरा, दिल्ली, केरल के कोच्चि, गुजरात के अहमदाबाद औरमहाराष्ट्र के मुंबई का दौरा किया था।

### सीतापुर : पत्रकार

और असलम गाजी को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों से पूछताछ में पता चला कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी ने कथित तौर पर शिवानंद बाबा को मंदिर के अंदर आपत्तिजनक स्थिति में देखा था, जिससे पुजारी की प्रतिष्ठा को काफी नुकसान पहुंच सकता था। शिवानंद ने अपने करीबी दोस्त निर्मल सिंह को इस बारे में बताया, जिसने असलम गाजी की मदद से राघवेंद्र की हत्या की साजिश रची। फिर इस अपराध को अंजाम देने के लिए दो शूटर की मदद ली गयी। अपराध शाखा की तीन टीम और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की सात टीम शूटर को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही हैं। सीतापुर पुलिस ने दोनों फरार शूटर की गिरफ्तारी के सिलसिले में सूचना देने वाले को 25-25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

### ट्रंप को जवाब

84 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, जो बृहस्पतिवार से प्रभावी हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बृहस्पतिवार को दैनिक ब्रीफिंग में कहा, उचित कारण हो तो कई लोग उसे समर्थन देते हैं। अमेरिका लोगों का समर्थन नहीं जीत सकता और अंत में विफल हो जाएगा। इन घटनाक्रम के बीच चीन ने अब यूरोप पर ध्यान केंद्रित किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर बातचीत हुई जिसके जरिए दुनिया को एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई है। दोनों एक दूसरे के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अपनी एक खबर में कहा, चीन यूरोपीय संघ के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है ताकि चीन और यूरोपीय संघ के नेताओं के बीच जो समझ बनी है उस पर मिल कर अमल किया जा सके। चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंताओ और यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त सेफकोविक के बीच अमेरिकी शुल्क के मुद्दे पर मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा हुई। शिन्हुआ ने अपनी खबर में वांग के हवाले से कहा कि शुल्कै सभी देशों के वैध हितों का गंभीर उल्लंघन करते हैं, डब्ल्यूटीओ के नियमों का गंभीर उल्लंघन करते हैं, नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं और वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। इसमें कहा गया यह एकतरफावाद, संरक्षणवाद और आर्थिक तौर पर परेशान करने का कार्य है। चीन परामर्श और बातचीत के माध्यम से मतभेदों को हल करने के लिए तैयार है लेकिन अगर अमेरिका अपने रूख पर अड़ता है तो चीन अंत तक लड़ेगा। वांग ने आसियान देशों से भी बात की है जबकि प्रधानमंत्री ली ने व्यापारिक दिग्गजों से मुलाकात की है। शिन्हुआ ने ली के हवाले से कहा कि चीन ने पूरा मूल्यांकन कर लिया है और सभी तरह की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए तैयार है और वह स्थिति के हिसाब से नीतियां पेश करेगा। देशों को लामबंद करने की चीन की कोशिशों के बीच ऐसा नहीं है सभी देश चीन के साथ जुड़ने में दिलचस्पी रखते हैं। बहुत से ऐसे देश जिनका चीन के साथ विवाद रहा है वे इसमें दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

### दिल्ली में चार

पश्चिम बंगाल के रास्ते भारत में घुसे थे और बाद में दिल्ली में बस गए थे तथा वर्तमान में बवाना इलाके में प्रॉपर्टी डीलर के रूप में काम कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को बवाना में अवैध बांग्लादेशी की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी कर उन्हें पकड़ लिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने शुरुआत में बांग्लादेश से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया और जाली दस्तावेज पेश करके पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। हालांकि, लगातार पूछताछ और दस्तावेजों की जांच से सच्चाई सामने आ गई। आरोपियों ने स्थानीय एजेंट की मदद से पश्चिम बंगाल और दिल्ली में फर्जी दस्तावेज हासिल करने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय सहिंता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और विदेशी अधिनियम की धारा 14 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### उत्तराखण्ड में

उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनकी गूंज आज पूरे देश में सुनाई दे रही है। उत्तराखण्ड में लिए जा रहे निर्णय देश के लिए आदर्श बन रहे हैं। सीएम ने कहा कि आज रोजगार के परिदृश्य तेजी से बदल रहे हैं। तकनीकी नवाचार और वैश्विक परिवर्तन के कारण रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं और पुराने खत्म हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं, साथ ही स्टार्टअप की सहायता के लिए 200 करोड़ रुपये के वेंचर फंड की भी व्यवस्था की गई है। हमारा उद्देश्य है कि हमारे युवा केवल नौकरी ढूंढने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले भी बनें। उत्तराखंड में पलायन की पीड़ा नहीं, बल्कि प्रवासियों की गौरवपूर्ण वापसी हो, जहां हमारे गांव आत्मनिर्भर हों और तकनीकी संसाधनों और आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो। 'विकास भी, विरासत भी' के मूलमंत्र के साथ हमारी सांस्कृतिक पहचान और भी समृद्ध बने ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उस पर गर्व करें। हमारी सरकार उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। ओहो रेडियो टीम की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ओहो रेडियो प्रत्येक वर्ष हिल यात्रा के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, विशेष रूप से स्कूली विद्यार्थियों को ज्ञान और संवाद की शृंखला से जोड़कर राष्ट्र और राज्य के भविष्य निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित कर रहा है। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, डायरेक्टर एसओए रवि भटनागर प्रदेशभर से आए छात्र-छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक उपस्थित थे।

### फर्जी आय

लेखपालों की आईडी से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी किये। उसके विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है और इस संबंध में गहन जांच की जा रही है। अखौरी ने कहा कि हेराफेरी कर प्रमाण पत्र जारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।




# बेंगलुरु ने दिल्ली को दिया 164 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : दिल्ली ने 3 ओवर में 2 विकेट गंवाये, फाफ डु प्लेसिस और फ्रेज़र मैगर्क

एजेंसी

बेंगलुरू। दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को उन्हीं के होमग्राउंड में कम स्कोर पर रोक दिया। आईपीएल के 24वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 164 रन का टारगेट दिया है। गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। दिल्ली से कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए। दिल्ली ने 2.1 ओवर के बाद 2 विकेट के नुकसान पर 10 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक पोरेल और केएल राहुल पिच पर हैं। बेंगलुरु से यश दयाल ने पहला और भुवनेश्वर कुमार ने दूसरा विकेट लिया। दिल्ली ने 2 गेंद में 2 विकेट गंवा दिए। दूसरे ओवर की आखिरी बॉल पर यश दयाल ने फाफ डु प्लेसिस को कैच कराया। तीसरे ओवर की पहली बॉल पर भुवनेश्वर कुमार ने जैक फ्रेजर मैगर्क को कैच करा दिया। मैगर्क ने 7 और फाफ ने 2 रन बनाए।

दिल्ली से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क ओपनिंग करने उतरे। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। ओवर से 1 रन बना। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। टीम से टिम डेविड और फिल सॉल्ट ने 37-37 रन की पारियां खेलीं।



कप्तान रजत पाटीदार ने 25 और विराट कोहली ने 22 रन बनाए। दिल्ली से विपराज निगम और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए। आरसीबी ने 20वें ओवर में अपने 150 रन पूरे किए। टिम डेविड ने ओवर की पहली बॉल पर छक्का लगाया और टीम को 150 के पार पहुंचाया। आरसीबी ने 18वें ओवर में 7वां विकेट गंवा दिया। विपराज निगम ने क्रुणाल पंड्या को कैच कराया। क्रुणाल 18 ही रन बना सके। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार 23 गेंदों में 25 रन बनाने के बाद आउट हो गए। उन्हें कुलदीप यादव ने 15वें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर जितेश शर्मा का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच कराया। जितेश ने 11 गेंद पर 3 रन बनाए। आरसीबी ने 12वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए।

कप्तान रजत पाटीदार ने मोहित शर्मा के खिलाफ चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी कराई। आरसीबी ने 10वें ओवर में चौथा विकेट गंवाया। मोहित शर्मा ने ओवर की तीसरी गेंद पर लियम लिविंगस्टन को कैच कराया। लिविंगस्टन 4 ही रन बना सके। आरसीबी ने 7वें ओवर में विराट कोहली का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें लेग स्पिनर विपराज निगम ने लॉन्ग ऑफ पर मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। कोहली ने 22 रन बनाए। छठे ओवर की चौथी बॉल पर बेंगलुरु ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। मुकेश कुमार ने देवदत्त पडिक्कल को मिड ऑन पर कैच कराया। पडिक्कल 1 ही रन बना सके। चौथे ओवर में फउइ के ओपनर फिल सॉल्ट रनआउट हो गए। अक्षर पटेल के ओवर की पांचवीं गेंद पर वे सिंगल लेने गए, लेकिन रनआउट हो गए। सॉल्ट ने 17 गेंद पर 37 रन बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। तीसरे ओवर में फउइ ने फिफ्टी पूरी कर ली। मिचेल स्टार्क के इस ओवर में 30 रन बने।

# तीरंदाजी विश्व कप में पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता



ऑबर्नडेल (अमेरिका)। भारत ने बुधवार को यहां सत्र के पहले तीरंदाजी विश्व कप चरण एक की कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक से तालिका में अपना खाता खोला। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ज षभ यादव की भारतीय टीम ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और एकतरफा कांस्य पदक मैच में डेनमार्क को 230-223 से आसानी से हरा दिया। भारतीय तीरंदाजी ने ऐतिहासिक दिन पर पोडियम स्थान हासिल किया क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक कार्यक्रम में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को शामिल करने की घोषणा की। इस कदम को देश की ओलंपिक उम्मीदों के लिए गेम-चेंजर के रूप में देखा जा रहा है।

**ओलंपिक से 75 किग्रा हटाए जाने के बाद 70 किग्रा वजन वर्ग में जा सकती है लवलीना**

नयी दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 70 किग्रा वर्ग में जा सकती हैं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की।

नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। घटनाक्रम से हैरान लवलीना ने गुवाहाटी से पीटीआई से कहा यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा। उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस घटनाक्रम से हैरान थी लेकिन उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकर अंतिम फैसला किया जाएगा। बोरा ने कहा, इस खबर से मैं वास्तव में हैरान हूं। अभी किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। वह 70 और 80 दोनों वजन वर्गों में लड़ सकती है लेकिन हमें इस पर फैसला करने से पहले कुछ परीक्षण करने होंगे।

## संक्षेप

### भारतीय टीम ने थाईलैंड पर जीत से खाता खोला

पुणे। भारत ने बुधवार को यहां ग्रुप चरण में थाईलैंड पर 2-1 से जीत के साथ बिली जीन किंग टेनिस कप में अपना खाता खोला। श्रीवल्ली भामिदिपति ने मेजबान टीम के लिए शानदार जीत दर्ज की। इससे पहले अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की अनुभवी जोड़ी ने यहां भारत को जीत दिलाने में मदद की। भामिदिपति ने थाईलैंड की लैनलाना तरारुडी पर एक घंटे 15 मिनट में 6-2, 6-4 से जीत हासिल की जिससे भारत को थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले में 1-0 की बढ़त मिल गई। दिन के दूसरे मुकाबले में सहजा यामालापल्ली का सामना मनंचया सवांगकेव से हुआ जो रोमांचक रहा। दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के खिलाफ बेहतरीन टेनिस का प्रदर्शन किया। मनंचया ने पहला सेट 6-3 से जीता। फिर सहजा ने जबरदस्त धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाते हुए दूसरा सेट 7-6 (7-3) से अपने नाम किया। अंतिम सेट में 0-1 से पिछड़ने के बाद युवा भारतीय खिलाड़ी को दुर्भाग्य से चोटिल होकर मैदान से बाहर होना पड़ा जिससे दो घंटे और 23 मिनट तक चले रोमांचक मैच का अंत हो गया। इसके बाद अंकिता और थोम्बरे की अनुभवी भारतीय जोड़ी ने युगल में पींगटार्न प्लिप्यूच और पैचरिन चीपचंदेज को एक घंटे 55 मिनट में 7-6, 3-6, 10-3 से हराया। भारत मंगलवार को न्यूजीलैंड से 1-2 से हार गया था। भारत बृहस्पतिवार को अपने तीसरे मैच में हांगकांग से भिड़ेगा।

### खिलाड़ियों के शेड्यूल के मद्देनजर बिली जीन कप सितंबर में

लंदन। बिली जीन किंग कप का फाइनल शीर्ष खिलाड़ियों के शेड्यूल को ध्यान में रखकर अब दो महीने पहले सितंबर में आयोजित किया जायेगा। अब यह टूर्नामेंट 16 से 21 सितंबर तक शेंझेन में होगा। अमेरिकी ओपन सात सितंबर को खत्म होगा जिसके बाद डब्ल्यूटीए टूर 24 सितंबर से बीजिंग में चाइना ओपन के जरिये शुरू होगा। बिली जीन किंग कप में गत चैम्पियन इटली, मेजबान चीन के साथ छह और टीमें होंगी। इस सप्ताह छह क्वालीफाइंग ग्रुप आस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य, जापान, नीदरलैंड, पोलैंड और स्लोवाकिया में खेले जायेंगे।

### भारतीय महिला हॉकी टीम श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। नौवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के दौरान अपने आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था लेकिन इन दोनों टीम के बीच 2013 के बाद खेले गए 16 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 10 में जीत हासिल की है। भारत ने तीन जीत दर्ज की हैं, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे के संदर्भ में कहा यह दौरा एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए हमारी तैयारियों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण है।

### पूर्व बास्केटबॉल कप्तान हरि दत्त कापड़ी का निधन

पिथौरागढ। अपने जमाने के दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान हरि दत्त कापड़ी का यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। कापड़ी के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। गुरुवार को उनका रामेश्वर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। कापड़ी का जन्म वर्ष 1942 में पिथौरागढ़ जिले के मुवानी क्षेत्र के चिरियाखान गांव में हुआ था। उन्हें 1969 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक लखनऊ ने जीती महिला वर्ग की ट्रॉफी



खेल संवाददाता

**8वीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता, मध्य जोन जोनल राउंड**

लखनऊ। रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) लखनऊ ने 8वीं अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता - मध्य जोन जोनल राउंड में महिला वर्ग की विजेता ट्रॉफी जीत ली। वहीं पुरुषों में रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन संवितरण) मेरठ चैंपियन बनी। रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा सूर्या खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता के बुधवार शाम फाइनल मुकाबले खेले गए। महिला वर्ग के फाइनल में रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) लखनऊ ने रक्षा लेखा नियंत्रक जबलपुर को सीधे सेटों में 25-10, 25-13 से हराया। पुरुष वर्ग के फाइनल में रक्षा लेखा नियंत्रक (पेंशन संवितरण) मेरठ को संघर्ष के बाद जीत मिली, जिसने रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ को तीन सेट तक चले मैच में 25-15, 20-25, 25-13 से हराकर खिताब जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में संजय कुमार चौधरी (आईडीएएस, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) लखनऊ, हरिहर मिश्रा (आईडीएएस, रक्षा लेखा नियंत्रक, एकीकृत वित्तीय सलाहकार (मध्य कमान) लखनऊ एवं एवं संयुक्त एकीकृत वित्तीय सलाहकार हिमांशु त्रिपाठी ने विजेता खिलाड़ियों को पुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेना तथा सिविल सेवाओं के विशिष्ट अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कप्तान रहने पर अलग ही रंग में नजर आते हैं धोनी : गांगुली

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के रूप में ही खेलना चाहिये। गांगुली ने कहा कि कप्तानी करने पर धोनी अलग ही रंग में नजर आते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 सत्र के बाकी मैचों के लिये धोनी को कप्तान बनाने की आज ही घोषणा की जब नियमित कप्तान रूतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गए। बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरने और घुटने की दिक्कत के कारण खराब फॉर्म के चलते इस सत्र में धोनी की काफी आलोचना हो रही है। गांगुली ने हालांकि यहां एक प्रचार कार्यक्रम से इतर कहा, मेरा यह मानना है कि अगर एमएस धोनी को सीएसके के लिये खेलना है तो उसे कप्तान ही रहना होगा। क्योंकि कप्तानी करने पर वह अलग ही रंग में नजर आते हैं। धोनी की ऐसे समय में कप्तान के तौर पर वापसी हुई है जब चेन्नई सुपर किंग्स लगातार चार मैच हार चुकी है। यह 2023 में पांचवां खिताब जीतने के बाद बतौर कप्तान धोनी का पहला मैच भी होगा। गांगुली ने कहा धोनी अभी भी छक्के लगा रहा है। हमने पिछले मैच में देखा। वह 43 साल का हो गया है और अब वैसे तो नहीं खेल सकता जैसे 2005 में खेलता था। यह स्वाभाविक है। लेकिन मुझे लगता है कि उसके भीतर अभी भी छक्के लगाने की ताकत है।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट में छह-छह टीम लेंगी भाग

एजेंसी



नयी दिल्ली। लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीम स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था।

तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 9090 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है।

**22 नई पदक स्पर्धाएं जोड़ी गई**

प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी। ऐसा माना जा रहा है कि किसी निश्चित समय सीमा तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों को अमेरिका के साथ ओलंपिक खेलों में प्रवेश किया जाएगा। क्रिकेट उन पांच खेलों में शामिल है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने अगले ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी।

चार अन्य खेल बेसबॉलासॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वाश हैं। इस बीच आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को ओलंपिक खेल 2028 के लिए प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। इन खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 की तुलना में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होंगी। आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए रिकॉर्ड 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी दी है लेकिन खिलाड़ियों की संख्या 10500 ही रहेगी।

### भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का भरोसा

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया को भरोसा है कि कनाडा और नाइजीरिया के बोली लगाने में रुचि दिखाने के बावजूद भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार हासिल कर लेगा। कनाडा और नाइजीरिया दोनों ने 31 मार्च की समय सीमा पूरी होने से पहले मेजबानी में दिलचस्पी की प्रस्तुति पेश की। मांडविया ने कहा मुझे जानकारी मिली है कि कनाडा और नाइजीरिया ने रुचि दिखाई है, लेकिन हमें विश्वास है कि भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलेगी। बढ़ती लागत के कारण ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों से हटने के बाद से ही इन खेलों को मेजबान देश मिलने में संघर्ष करना पड़ रहा है। विक्टोरिया की जगह ग्लासगो अगले साल के टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए आगे आया जिसमें मुक्केबाजी, कुश्ती, हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन और निशानेबाजी शामिल नहीं होंगे। अगर भारत को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलती है तो यह खेल समुदाय को यह दिखाने की दिशा में अच्छा कदम होगा कि वह 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने में सक्षम है।

# रफिन्हा व लेवांडोव्स्की ने बार्सिलोना को दिलाई जीत



एजेंसी

बार्सिलोना। रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में बोरूसिया डॉर्टमुंड पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए जबकि रफिन्हा ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इससे बार्सिलोना 2019 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मजबूत स्थिति में पहुंच गया। बार्सिलोना की तरफ से लैमिन यामल ने भी गोल किया जिससे जर्मन टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को डॉर्टमुंड में खेला जाएगा। डॉर्टमुंड की टीम पिछले साल की उप विजेता है। तब उसे फाइनल में स्पेन की एक अन्य टीम रियाल मैड्रिड से हार का सामना करना पड़ा था। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के एक अन्य मैच में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के शानदार गोल की मदद से एस्टन विला को 3-1 से हरा दिया। मॉर्गन रोजर्स ने 35वें मिनट में विला को बढ़त दिला दी थी लेकिन 19 वर्षीय डेसिरे डोउ ने इसके चार मिनट बाद सत्र का अपना 12वां गोल करके पीएसजी को बराबरी पर ला दिया। क्वारात्सखेलिया ने बुधवार को चले गए इस मैच में मध्यांतर के चार मिनट बाद पीएसजी को आगे कर दिया। फ्रांस की टीम की तरफ से लेफ्ट बैक नूनो मेंडेस ने स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया।

# सिंधू और राजावत हारे, कपिला क्रास्टो की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

निंगबो (चीन)। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज 29 वर्षीय सिंधू ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे छह मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में दुनिया की चौथी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। राजावत पुरुष एकल मुकाबले में सातवीं रैंकिंग और पांचवें वरीय जापान के कोडाई नाराओका से सीधे गेम में 14-21, 17-21 से हार गए। पुरुष एकल स्पर्धा में किरण जॉर्ज का सफर भी समाप्त हो गया। उन्हें थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19 13-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारत का पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में अभियान समाप्त हो गया है।

हालांकि ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने चीनी ताइपे के ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 12-21 21-16 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कपिला और क्रास्टो की जोड़ी का सामना अब हांगकांग के चुन मैन टैंग और यिंग सुएट त्से की पांचवीं वरीय जोड़ी से होगा। लेकिन मिश्रित युगल में अशिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की एक अन्य भारतीय जोड़ी को चीन के शीर्ष वरीय जियांग जेन बैंग और वेई या शिन के खिलाफ 11-21 14-21 से हार का मुंह देखना पड़ा।

# कोलकाता-चेन्नई की चुनौती पूर्ण भिड़ंत आज

एजेंसी



चेन्नई। लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी। चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। चेन्नई को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके खिलाड़ियों को जल्द से जल्द यहां की परिस्थितियों से तालमेल बिठाना होगा। यही नहीं उसके स्पिन गेंदबाजों को सफलता हासिल करने का तरीका ढूंढना होगा। सभी की निगाहें एक बार फिर से महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी रहेंगी। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 12 गेंद पर 27 रन बनाए थे जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है। चेन्नई की टीम के लिए अच्छी बात यह है कि डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने लय हासिल करने के संकेत दिए हैं लेकिन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ से बड़ी पारी की दरकार है। चेन्नई की गेंदबाजी कमोबेश वैसी ही रहेगी, जिसमें खलील अहमद, मुकेश चौधरी और मथीशा पथिराना तेज गेंदबाजी विभाग संभालेंगे जबकि रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा और नूर अहमद पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी।

जहां तक नाइट राइडर्स का सवाल है, वे तीन दिन पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मिली करीबी हार से उबरने और इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। उनके गेंदबाजों को ईडन गार्डन्स में लखनऊ के बल्लेबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था। उन्हें यहां अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में नाइट राइडर्स का दारोमदार फिर से क्विंटन डी कॉक, सुनील नारायण, कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों पर रहेगा। अगर अंक तालिका में वर्तमान स्थिति का जिक्र करें तो चेन्नई चार हार और एक जीत के बाद नौवें स्थान पर, जबकि केकेआर पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ छठे स्थान पर है। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

**गायकवाड़ चोट के कारण बाहर, महेंद्र सिंह धोनी होंगे सीएसके के कप्तान**

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बृहस्पतिवार को करारा झटका लगा जब नियमित कप्तान रूतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गए जिससे एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी को टीम की बागडोर मिली है। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इसकी पुष्टि की। फ्लेमिंग ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले मीडिया को बताया, रूतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। हमारे पास एक अनकैप्ड खिलाड़ी हैं, एम एस धोनी बचे हुए आईपीएल सत्र में टीम के कप्तान होंगे। धोनी ने 2008 से 2023 तक सीएसके की अगुआई की थी और टीम को पांच आईपीएल खिताब दिलाए थे। उन्होंने 2024 सत्र से पहले गायकवाड़ को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी थी। गायकवाड़ को 30 मार्च को जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट गेंद पर चोट लगी थी और तब से उन्होंने दो मैच खेले हैं। फ्लेमिंग ने कहा, उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुवाहाटी में चोट लगी थी। वह दर्द के बावजूद खेल रहा था। हमने एक्स रे कराया। फिर हमने एमआरआई करवाया जिसमें उनकी कोहनी में फ्रेक्चर का पता चला। गायकवाड़ दर्द के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में खेले। उनके हाथ में सूजन कम होने के बाद ही सीएसके की मेडिकल टीम एमआरआई करवा पाई। फ्लेमिंग ने कहा हम निराश हैं।

# पीएम आज देंगे 3880 करोड़ की सौगात

## वाराणसी में करेंगे 44 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, पिंडरा को मिलेगा एक पॉलिटेक्निक व एक डिग्री कॉलेज

एजेंसी

वाराणसी (उप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और एक जनसभा को संबोधित करेंगे तथा 3,880 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। वाराणसी के संभागीय आयुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा उनमें ग्रामीण विकास पर केंद्रित योजनाएं शामिल हैं, जिनमें 130 पेयजल परियोजनाएं, 100 नए आंगनवाड़ी केंद्र, 356 पुस्तकालय, पिंडरा में एक पॉलिटेक्निक कॉलेज और एक सरकारी डिग्री कॉलेज शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पुलिस लाइन में ट्रांजिट हॉस्टल और रामनगर में पुलिस बैरक तथा चार ग्रामीण सड़कों का भी उद्घाटन करेंगे। शहरी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए मोदी शास्त्री घाट और सामने घाट पर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, साथ ही रेलवे और वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा किए गए विभिन्न सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें से 25 परियोजनाएं 2,250 करोड़ रुपये की हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य शहर के बिजली ढांचे को मजबूत करना है। इसमें 15 नए सबस्टेशन का



निर्माण, नए ट्रांसफार्मर की स्थापना और l,500 किलोमीटर तक बिजली के तार लगाना शामिल है। चौकाघाट के पास एक नया 220 केवी सबस्टेशन भी बनाया जाएगा, जिसका लक्ष्य 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री तीन नए फ्लाईओवर के साथ-साथ विभिन्न सड़क चौड़ीकरण पहल और स्कूल नवीनीकरण कार्य और शिवपुर और यूपी कॉलेज में दो स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। मोदी रोहनिया के मेहंदीगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि गर्मी और यातायात को देखते हुए ग्रामीण आबादी की पहुंच आसान बनाने के लिए मोदी का कार्यक्रम शहर की सीमा से बाहर रिंग रोड पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम सुबह होगा, जिससे उपस्थित लोग दोपहर से पहले घर लौट सकेंगे।

कैंट कैंप कार्यालय में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और एडीजी (सुरक्षा) रघुवीर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में छह एसपी, आठ एडिशनल एसपी, 33 सीओ और पुलिस, पीएसी और अर्धसैनिक बलों के करीब 4,000 जवान तैनात रहेंगे। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश पूरी तरह से जांच और तलाशी के बाद ही होगा। कार्यक्रम स्थल के पास अस्थायी पार्किंग जोन बनाए जाएंगे। वीआईपी मार्ग और आसपास के इलाकों में छतों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को उपस्थित लोगों के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखने का भी निर्देश दिया गया है। भाजपा की नगर इकाई के अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब ढाई घंटे वाराणसी में रहेंगे। उन्होंने कहा, पार्टी कार्यकर्ता कई जगहों पर शंख, ढोल बजाकर और फूल बरसाकर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे।

# यूक्रेन मुद्दे पर चर्चा के लिए नाटो मुख्यालय में बुलाई 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक

एजेंसी

ब्रसेल्स। ब्रिटेन और फ्रांस ने बृहस्पतिवार को लगभग 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की एक बैठक बुलाई है, जिसका उद्देश्य रूस के साथ किसी भी भावी शांति समझौते की निगरानी के लिए, यूक्रेन में सेना तैनात करने की योजना पर चर्चा करना है।

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मुख्यालय में होने वाली यह बैठक तथाकथित गठबंधन में शामिल देशों के रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक होगी। पिछले सप्ताह वरिष्ठ ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैन्य अधिकारियों ने कीव की यात्रा की थी, जिसके बाद यह बैठक बुलाई गई है। उम्मीद है कि इसमें नेताओं के बीच पहले हुई बैठक में हुए समझौते को मूर्त रूप देने पर काम किया जाएगा। अमेरिका इस बैठक में भाग नहीं लेगा। शुक्रवार को,



यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन जुटाने के लिए लगभग 50 देशों के प्रतिनिधि नाटो मुख्यालय में एकत्रित होंगे। इस बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन और जर्मनी करेंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के इसमें भाग लेने की उम्मीद नहीं है। यूक्रेन सरकार के अधिकारियों और सैन्य विश्लेषकों ने कहा है कि रूसी सेनाएं कीव पर दबाव बढ़ाने और युद्ध विराम वार्ता में क्रेमलिन की स्थिति को मजबूत करने के लिए आने वाले हफ्तों में यूक्रेन में एक नया सैन्य आक्रमण शुरू करने की तैयारी कर रही हैं।

## संक्षेप

### नाइजीरिया : मैनिन्जाइटिस से 151 की मौत, प्रकोप पर काबू के लिए संघर्ष जारी

अबुजा (नाइजीरिया) नाइजीरिया में तेजी से फैल रहे मैनिन्जाइटिस रोग से अब तक 151 लोगों की मौत हो गई और इस बीमारी के प्रकोप पर काबू पाने के लिए वहां के स्वास्थ्य अधिकारी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस बीमारी से मारे गए अधिकतर लोग उत्तरी क्षेत्र के दूरदराज के हिस्सों के थे और इससे सबसे अधिक संख्या में बच्चे प्रभावित हुए हैं।
नाइजीरिया रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने इस सप्ताह कहा कि अक्टूबर में पहली बार बीमारी सामने आई और नाइजीरिया के 36 राज्यों में से 23 में यह फैल गई है। इस रोग से लगभग आधी यानी 74 मौत इस वर्ष दर्ज की गईं।
एनसीडीसी के प्रवक्ता सानी दत्ती ने बताया कि इस बीमारी से होने वाली अधिकतर मौतें मुख्य रूप से संक्रमित लोगों के समय पर स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं पहुंचने या देरी से पहुंचने के कारण हुई हैं। वर्तमान में इस प्रकोप ने अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश को प्रभावित किया है। इस देश का स्वास्थ्य क्षेत्र वैसे भी फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा जारी अमेरिकी सहायता में कटौती के आदेश से जूझ रहा है, जिसका असर कई देशों पर पड़ा है।

# अधिवेशन से बहुजन को संदेश, भविष्य से जुड़े मुद्दों पर दें कांग्रेस का साथ : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में पारित प्रस्ताव का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसमें बहुजन के लिए स्पष्ट संदेश है कि वे अपने भविष्य से जुड़े मुद्दों पर पार्टी का समर्थन करें और उसे मजबूत बनाएं।

कांग्रेस का एक दिवसीय अधिवेशन बुधवार को अहमदाबाद में साबरमती नदी के तट पर आयोजित हुआ जिसमें पार्टी ने सामाजिक न्याय समेत कई मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किया।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कल, एआईसीसी के अहमदाबाद अधिवेशन न्यायपथ में कांग्रेस ने देश के बहुजन को हिस्सेदारी देते हुए सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए 3 ऐतिहासिक संकल्प लिए हैं। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रीय कानून लाकर आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को खत्म करेंगे, केंद्रीय कानून बनाकर एससी एसटी सब-प्लान को कानूनी आकार देंगे और इन वर्गों की जनसंख्या के आधार पर बजट में हिस्सेदारी देंगे।

# जयशंकर शिखर सम्मेलन को करेंगे संबोधित

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर बृहस्पतिवार को यहां शुरू होने वाले वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (जीटीएस) के नौवें संस्करण को संबोधित करेंगे। जीटीएस भू-प्रौद्योगिकी पर भारत की ओर से आयोजित किया जाने वाला प्रमुख सम्मेलन है। विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया की संयुक्त मेजबानी में 10 से 12 अप्रैल तक इसका आयोजन किया जाएगा। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जीटीएस 2025 की औपचारिक शुरुआत जयशंकर के संबोधन के साथ होगी।

शिखर सम्मेलन के कार्यक्रम के अनुसार, विदेश मंत्री शुक्रवार को जीटीएस में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद राजनीति और अवसर : प्रौद्योगिकी साझेदारी का भविष्य, एआई : हकीकत की पड़ताल, संभावना : भूराजनीति पर प्रौद्योगिकी का असर , टेक ब्रिज : भारत-यूरोपीय संघ प्रौद्योगिकी सहयोग और डीपसीक का रहस्योद्घाटन : एआई का भविष्य



सहित अन्य विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुताबिक, विदेश सचिव विक्रम मिसरी 12 अप्रैल को जीटीएस 2025 को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्री ने बुधवार रात जारी बयान में कहा था, सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत और नागरिक समाज के दिग्गजों की भागीदारी वाले इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य नवाचार, लचीलेपन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए।

# बांग्लादेश की अदालत ने शेख हसीना और उनकी बेटी का गिरफ्तारी वारंट किया जारी

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजिद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में बृहस्पतिवार को नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इन पर धोखाधड़ी के जरिये आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप है। ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दाखिल आरोपपत्र को स्वीकार कर लिया। चूंकि, आरोपी फरार हैं, इसलिए अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

एसीसी की ओर से पेश वकील मीर अहमद सलाम ने संवाददाताओं को बताया, मेट्रोपोलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने मामले में एसीसी के आरोपपत्र को स्वीकार करते हुए वारंट जारी किया। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश ने एसीसी को राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में पूर्बाचल क्षेत्र में राज्य द्वारा संचालित राजधानी उन्यन कार्तिपक्ष (आरएजेयूके) द्वारा पट्टे पर दी गई भूमि से जुड़े आरोप की सुनवाई के लिए चार मई को अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। एसीसी ने अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना तथा अन्य सह-आरोपियों, जिनमें अधिकतर सरकारी अधिकारी थे, के विरुद्ध 12 जनवरी,



2025 को मुकदमा दायर किया था। आरोपपत्र के अनुसार, पूर्बाचल न्यू सिटी हाउसिंग प्रोजेक्ट में भूखंड हासिल करने के लिए दुर्भावनापूर्ण इरादे से पुतुल ने अपनी मां एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना को प्रभावित किया था। एसीसी ने आरोप लगाया कि पुतुल ने ऐसा इस तथ्य के बावजूद किया कि ढाका शहर में आरएजेयूके के अधिकार क्षेत्र में उनके और उनके परिवार के सदस्यों के पास एक घर, फ्लैट या आवास है।

पुतुल एक नवंबर, 2023 से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नयी दिल्ली स्थित दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने इससे पहले हसीना, उनके राजनीतिक सहयोगियों और वरिष्ठ प्रशासनिक तथा सैन्य अधिकारियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध जैसे आरोपों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। बृहस्पतिवार का वारंट एसीसी द्वारा यह कहे जाने के ठीक एक दिन बाद आया है।

# साइबर हमले चिंता का विषय : राजनाथ

एजेंसी

वेलिंगटन (तमिलनाडु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि ग्रे जोन और हाइब्रिड (मिश्रित) युद्ध के युग में साइबर हमले तथा गलत सूचना अभियान राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों की प्राप्ति के साधन बन रहे हैं। रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि वर्तमान में जारी संघर्ष और समकालीन रुझान इस तथ्य को उजागर करते हैं कि युद्ध की परंपरागत धारणाएं नए सिरे से परिभाषित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, उभरती प्रौद्योगिकियां मानवरहित प्रणालियों के साथ युद्ध के चरित्र को प्रभावित कर रही हैं।

आज युद्ध थल, समुद्र और आकाश के परंपरागत युद्धक्षेत्रों से परे चला गया है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के लिए एक बहुआयामी माहौल में संयुक्त परिचालन की जरूरत बढ़ेगी जहां साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध भी परंपरागत अभियानों की तरह शक्तिशाली होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा, हम



ग्रे जोन और मिश्रित युद्ध के युग में हैं जहां साइबर हमले, गलत सूचनाओं का प्रचार और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं जिनसे एक भी गोली दागे बिना राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों को लक्ष्य बनाने के साथ ही उन्हें हासिल भी किया जा सकता है। ग्रे जोन से आशय ऐसे कालखंड से हैं जहां युद्ध और शांति के बीच के समय में राज्य और राज्येतर तत्वों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की प्रतिस्पर्धा होती है।

# डोमिनिकन में छत ढहने से मृतक संख्या बढ़कर 218 हुई

एजेंसी

सैंटो डोमिंगो। डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक नाइट क्लब की छत गिरने से हुए हादसे में मृतक संख्या बढ़कर 218 हो गई है।

एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

आपातकालीन संचालन केंद्र के निदेशक जुआन मैनुअल मेंडेज ने कहा कि घटनास्थल पर मौजूद कर्मचारी अभी भी पीड़ितों और संभावित रूप से बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम अपना प्रयास जारी रखेंगे। अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि सैंटो डोमिंगो का मशहूर जेट सेट नाइट क्लब सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात गायकों, संगीत प्रेमियों, एथलीट और सरकारी अधिकारियों से खचाखच भरा हुआ था।

उन्होंने कहा कि मंच पर मेरेंझू गायिका रूबी पेरेज प्रस्तुति दे रही थीं, तभी नाइट क्लब की छत से सीमेंट झड़ने लगा और देखते ही देखते पूरी छत ढह गई।

## इंटरटेनमेंट...

# 'रेड 2' के आइटम नंबर का टीजर रिलीज

मुंबई। अजय देवगन की मच अवेटेड फिल्म रेड 2 काफी बज में है। गुरुवार को फिल्म के आइटम सॉन्ग का टीजर रिलीज हुआ। इसमें तमन्ना भाटिया डांस करती दिखाई दे रही हैं। फिल्म रेड 2 के आइटम सॉन्ग का नाम नशा है। सॉन्ग का टीजर टी-सीरीज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर शेयर किया है। शेयर किए गए वीडियो में तमन्ना भाटिया आइवरी कलर की ड्रेस पहने और डांस

**अजय देवगन ने 'एक्स' वीडियो शेयर कर लिखा, सबके दिल और दिमाग पर चढ़ेगा तमन्ना का नशा**

करते नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस 'कवाला' और 'आज की रात' आइटम नंबर के फेमस होने के बाद अब तीसरे आइटम नंबर में नजर आएंगी। तमन्ना का सॉन्ग नशा 11 अप्रैल को टी-सीरीज के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से अपलोड किया




जाएगा। अजय देवगन ने सॉन्ग का टीजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, सबके दिल और दिमाग पर चढ़ेगा तमन्ना का नशा। फिल्म रेड 2 के ट्रेलर का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

फिल्म का ट्रेलर 09 अप्रैल, बुधवार को यूट्यूब पर अपलोड किया गया। ट्रेलर में भी तमन्ना के आइटम नंबर की झलक दिखाई गई थी। तमन्ना के सॉन्ग का टीजर आउट होने के बाद फैंस पूरे सॉन्ग के लिए काफी एक्साइटेड हैं। सोशल मीडिया पर फैंस के पॉजिटिव रिएक्शन सामने आ रहे हैं। अजय देवगन 'रेड 2' में अमय पटनायक के रोल में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया।

# एटली की फिल्म एए26एक्स26 से प्रियंका ने किया किनारा

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस को एटली की अपकमिंग फिल्म एए26एक्स26 ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। क्योंकि उन्हें प्रोजेक्ट पसंद नहीं आया और चीजें ठीक से नहीं चलीं। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि प्रियंका को एटली ने अल्लू अर्जुन के साथ कभी कोई फिल्म ऑफर नहीं की।

उन्हें एटली द्वारा निर्देशित एक फिल्म के लिए विचार किया जा रहा था, जिसमें सलमान खान लीड रोल में नजर आते। लेकिन वो फिल्म अब नहीं बन रही है। हालांकि, करीबी सूत्रों की मानें तो एटली ने प्रियंका को फिल्म का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन प्रोजेक्ट पसंद नहीं आने के कारण उन्होंने मना



कर दिया। राजामौली की फिल्म एसएसएमबी29 में लीड एक्टर के तौर पर महेश बाबू है। खास बात यह है कि पांच साल बाद प्रियंका चोपड़ा भी इसी फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। प्रियंका और महेश बाबू ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। एसएस राजामौली इन दिनों महेश बाबू के साथ फिल्म एसएसएमबी29 की शूटिंग में व्यस्त हैं।

### अल्लू अर्जुन और एटली पर पोस्टर चुराने का आरोप

मुंबई। अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर एटली ने हाल ही में एक-साथ काम करने की अनाउंसमेंट की थी। मंगलवार, 08 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के बर्थडे के मौके पर फिल्म का पोस्टर और एक वीडियो रिलीज किया गया। इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस भड़क उठे और फिल्म को हॉलीवुड की कॉपी बता दिया। सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया था, इसमें एटली और अल्लू अर्जुन अपने नए प्रोजेक्ट के लिए साथ नजर आ रहे हैं। अनाउंसमेंट के बाद से ही फिल्म विवादों में घिर गई। सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि यह हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर टिमोथी शैलमेट की फिल्म 'ड्यून' की कॉपी है।

# ओटीटी थिएटर पर बोले सनी देओल, सिनेमा कभी खत्म नहीं होगा

मुंबई। फिल्म 'जाट' में दिग्गज एक्टर सनी देओल के साथ रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म 10 अप्रैल को थिएटर में रिलीज होने जा रही है। ये पहली बार है, जब दोनों एक्टर सनी के साथ स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। खास बातचीत में दोनों ने सनी और उनकी फिल्मों को लेकर अपनी यादें साझा की। वहीं, सनी ने फिल्म 'घातक' की शूटिंग का एक मजेदार किस्सा शेयर किया। जवाब- मुझे याद है कि उस वक्त लॉ एंड


**घातक की शूटिंग के दौरान मुझे क्रिमिनल ढूंढ रहे थे**

ऑर्डर कंट्रोल में नहीं था। शूटिंग के दौरान मैं जिस होटल में ठहरा था, वहां पर एक वांटेड आदमी अपने पूरे गैंग के साथ घूम रहा था। वो मुझसे मिलना चाहता था। उस समय ऐसी बहुत घटना होती थी। सिक्योरिटी वालों को भी नहीं समझ आ रहा था कि क्या करे। वो बस इधर-उधर घूम रहे थे। 'घातक' की शूटिंग बनारस में हो रही थी, तब मैंने देखने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहा। किसी वजह से शूट डिले



हुआ। उस वक्त पूरे शहर में खबर फैली कि सनी सर कहीं लस्सी पीने गए हैं। ऐसे में हम सब लस्सी की दुकानों पर घूम रहे थे। फिर पता चला कि सर होटल चले गए हैं तो पूरी भीड़ होटल के बाहर इकट्ठा हो गई। पूरा दिन अफवाहों के बीच सर को फॉलो करने में चला गया था। 'घातक' मुझे बहुत पसंद आई थी। उसमें बाप-बेटे का जो रिश्ता दिखाया गया था, वो कमाल था। वो बहुत ही इमोशनल फिल्म थी। अमरीश पुरी और सनी सर सबने बहुत अच्छा काम किया था। डैनी सर का स्टाइल काफी यूनिक था। मेरे पास सनी सर की फिल्मों को लेकर काफी यादें हैं। धर्मेंद्र पाजी और सनी पाजी की फिल्मों का नॉर्थ में बहुत क्रेज था। लोगों के ये अपने हीरो लगते थे।

अब जब मुझे इनके साथ काम करने का मौका मिला, तो मैंने सर का एक नया रूप देखा। सनी-बस, उम्मीद करता हूं कि ऑडियंस ने अब तक मुझे जितना प्यार दिया है, इस फिल्म को भी देंगे। मेरे सारे किरदार उनके दिलो में बसे हुए हैं। इस फिल्म में भी मेरा रोल वैसा ही है, जिसे देखकर उन्हें गर्व महसूस होगा। थोड़ा डर लगता है लेकिन मुझे ये भी पता है कि बहुत सारे लोग मुझे प्यार करते हैं और वो देखने जरूर जाएंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com